WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2|देश विदेश 4|अभिव्यक्ति 10|छत्तीसगढ़ 11|कारोबार

बिलासपुर, गुरुवार, 16 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-तृतीय, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 274 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची

आज बेबाक

ये बढ़िया है। मतदाताओं से वोट मांगों और साथ में नोट भी मांगों। ये बहुत पुराना फार्मूला है, जो कभी कभी कारगर सिद्ध हो जाता है। प्रत्याशी यह मानकर चलता है कि जो मतदाता उसे चुनाव लडऩे के लिए नोट दे रहा है। वह शर्तिया वोट भी देगा। यह बात अलग है कि भीख में मिले थोड़े बहुत नोटों से चुनाव का खर्चा पूरा नहीं होता, लेकिन मतदाताओं की सहानुभूति जरूर मिल जाती है। नई दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी भी यही फॉर्मूला आजमा रही है। क्राउड फंडिंग की उनकी यह मुहिम कितनी सफल सिद्ध होगी यह देखना दिलचस्प होगा।

17 जनवरी को होगा नए भाजपा अध्यक्ष का ऐलान, तय हुआ नाम!

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा आगामी 17 जनवरी को होगी। इसके लिए 16 जनवरी को शाम 5 से 7 बजे तक नामांकन होगा। यह जानकारी प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने दी और बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद का निर्वाचन सम्पन्न कराने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े विशेष तौर पर सम्मिलित होने आ रहे हैं, साथ ही भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल भी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजधानी में रहेंगे।

भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने कहा कि पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी सितंबर 2024 से संगठन महापर्व मनाया गया, जिसमें पहले सदस्यता महाअभियान चलाया गया। छत्तीसगढ़ भाजपा को 60 लाख सदस्यता का जो लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व ने दिया था, उस लक्ष्य को अर्जित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल,

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, भाजपा व सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं व समस्त जनप्रतिनिधियों ने परिश्रम की पराकाष्ठा करके इस अभियान को सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बनाया। सदस्यता अभियान में समाज के हर वर्ग और सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा के इस ऐतिहासिक संगठन महापर्व सक्रिय सदस्यता अभियान भी युद्धस्तर पर चला।

खूबचंद पारख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों व योजनाओं के साथ मोदी के नेतृत्व के प्रति जन आकर्षण के चलते भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान शेष पृष्ठ 6 पर

आज 5 से 7 बजे तक नामांकन जमा होगा

भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया कि सदस्यता महाअभियान के बाद संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई जिसके तहत सबसे पहले बूथ कमेटियों का गठन कर बूथ अध्यक्ष बनाए गए। बूथों के बाद मंडल अध्यक्ष की घोषणाएँ हुई। इसके बाद सारे 36 संगठन जिलों में जिला अध्यक्ष भी घोषित कर ले गए। अब आगामी 17 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन होने जा रहा है। इसके लिए 16 जनवरी की शाम 5 से 7 बजे तक नामांकन जमा होगा। उन्होंने कहा कि संगठन महापर्व के दौरान चले सदस्यता अभियान और बूथ से लेकर जिला अध्यक्ष तक की चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन की दिल्ली में हुई समीक्षा बैठकों में भी बहुत ज्यादा प्रशंसा हुई है।

केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से नामांकन किया दाखिल

नयी दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। श्री केजरीवाल ने नामांकन दाखिल करने के बाद लोगों से काम करने वाली पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि एक तरफ़ काम करने वाली पार्टी है और दूसरी तरफ़ गाली देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हम पिछले दस साल के अपने काम और आगे पांच साल क्या करेंगे, उस पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप नेता ने नामांकन के लिए निकलने से पहले पत्रकारों से कहा कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने जा रहा हूं। पूरे दिल्ली के कोने-कोने से माताएं-बहनें यहां जमा हुई हैं। यह सभी मेरे साथ नामाकंन करने जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग जहां-जहां पर हैं, वहीं से शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेंजे ताकि इस बार भी ऐतिहासिक जीत हो। उसके बाद पैदल चलाकर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन किया।

प्रवेश वर्मा ने नयी दिल्ली विस क्षेत्र से किया नामांकन दाखिल

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया और इस दौरान उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव हारेंगे तथा भाजपा सरकार बनाएगी। वर्मा के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और नयी दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज मौजूद थीं। वर्मा ने नामांकन दाखिल करने से पहले रोड किया। इससे पहले वर्मा ने गौरी शंकर मंदिर, वाल्मीकि मंदिर और हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा-अर्चना की।

जयशंकर ने स्पेन के राजा और राष्ट्रपति सांचेज़ से की मुलाकात

मैड्रिड/नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 13-14 जनवरी तक स्पेन की आधिकारिक यात्रा की और इस दौरान उन्होंने किंग फिलिप (षष्टम) और राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात की। विदेश मंत्री के रूप में डॉ. जयशंकर की मैड्रिड की यह पहली यात्रा थी। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि राजा और राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और बातचीत पर संतोष व्यक्त किया तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले साल श्री सांचेज़ की भारत यात्रा से बनी अनुकूल स्थिति का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष, विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस के साथ बैठक की और द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम तथा आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों की समीक्षा की। मंत्रियों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा, पर्यटन, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

जालंधर (वार्ता)। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को एक संक्षिप्त मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जब गैंग के सदस्य ने पुलिस टीम पर गोली चलाई तो पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक आरोपी को गोली लगी और उसका इलाज चल रहा है, जबकि दूसरे ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे उसी समय पकड़ लिया गया।

पूर्व मंत्री विधायक कवासी लखमा बेटे के साथ गिरफ्तार

कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद रिमांड पर भेजा जेल

- कवासी लखमा को 7 दिन की रिमांड में भेजा गया

रायपुर/नवप्रदेश । बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाला मामले से पहले बलौदाबाजार में हिंसा भड़काने के आरोप में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जहां मुश्किलें कम नहीं हो रही है, वहीं अब प्रवर्तन निदेशालय बुधवार को तीसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और बेटे हरीश लखमा को पूछताछ के लिए बुलाया और पूछताछ के बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। देवेंद्र यादव की जमानत याचिका लगातार हर बार खारिज होते जा रही है। ईडी ने कोर्ट से लखमा की 14 दिन की रिमांड मांगी। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कवासी लखमा को 7 दिन की रिमांड में भेज दिया है।

बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बुधवार को तीसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और बेटे

हरीश लखमा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद जस्टिस अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में हरीश लखमा को को पेश किया गया है। वहीं पूर्व मंत्री कवासी लखमा को ईडी की टीम मेडिकल कराने के लिए मेकाहारा हॉस्पिटल पहुंची हुई है। यहां से सीधे उन्हें भी कोर्ट में पेश किया।

शराब घोटाला मामले में 28 दिसंबर को ईडी ने पूर्व मंत्री लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। छापेमार कार्रवाई में श्वष्ठ ने नगद लेनदेन के सबूत मिलने की जानकारी दी थी। 3 जनवरी को दोनों को पूछताछ के बाद छोड़ा गया था।

आयकर विभाग ने याचिका दायर की थी : दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में 11 मई, 2022 को आयकर विभाग ने पूर्व आईएएस शेष पृष्ठ 6 पर

बदले की भावना से की गई कार्रवाईः भूपेश बघेल

पूर्व आबकारी मंत्री और वरिष्ठ विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तार पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। केंद्र सरकार में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की साजिश रच रही है. पूरी कांग्रेस पार्टी कवासी लखमा के साथ खड़ी है।बघेल ने ट्वीट कर कहा है कि बदले की भावना से कार्रवाई की गई है।

दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा है भारत: पीएम मोदी

मुंबई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन अत्याधुनिक और प्रमुख प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों - आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं और आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा, यह पहली बार हो रहा है जब एक डिस्ट्रायर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है और सबसे गर्व की बात है कि ये तीनों ही प्रमुख प्लेटफार्म मेड इन इंडिया हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है।

उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाले देश के रूप में उभरा है। जल हो, थल हो, नभ हो या गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में नौसेना को एक नई ताकत और दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने शिवाजी महाराज की भूमि पर 21वीं सदी की भारतीय नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

श्री मोदी ने कहा, आज का कार्यक्रम हमारी गौरवशाली विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है।

सर्वोच्च स्कोर, आयरलैंड को दिया 436 रनों का लक्ष्य

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे में रचा नया इतिहास

राजकोट(ए.)। भारतीय महिला टीम ने स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल के शतकों से वनडे इतिहास का अपना सर्वोच्च स्कोर बना डाला है। राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे वनडे मैच में भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 435 रन बनाए हैं, जो उसका इस प्रारूप में सर्वोच्च टोटल है। इससे पहले टीम ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में पांच विकेट पर 370 रन बनाए थे, जो उसका सर्वोच्च टोटल था, लेकिन अगले ही मैच में टीम ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम वनडे में 400 रन के स्कोर को पार कर सकी है। भारत को मंधाना और प्रतिका ने दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों ने शतक जड़े। प्रतिका का शेष पृष्ठ 6 पर

मंधाना ने करियर का 10वां शतक जड़ा

भारतीय महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय करियर का 10वां शतक जड़ा।आज यहां आयरलैंड की महिला टीम के खिलाफ मंधाना ने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक पूरा किया। यह किसी भी भारतीय महिला खिलाड़ी के द्वारा लगाया गया अब तक का सबसे तेज शतक है। मंधाना ने सात एकदिवसीय मुकाबलों में दो शतक और तीन अर्धशतक लगाये है। मंधाना ने आज 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135) रनों की शतकीय पारी खेली।

गुरु घांसीदास विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं का प्रदेश है। यहां पर कोयला लोग एवं लोह अयस्क का भंडार है यहां पर नवरत्न भी यही से निकले। उपराष्ट्रपति ने स्वर्ण मंदिर पदक पाने वाले तथा शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी।

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से नाराज भाजपा नेताओं ने विश्वविद्यालय प्रबंधन की शिकायत दिल्ली तक की और केंद्र के बड़े नेताओं के दखल के बाद आज गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मंच पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला को जगह मिली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ आज दिल्ली से प्लेन से तोखन साहू उनके साथ रायपुर पहुंचे और हेलीकॉप्टर में ही उपराष्ट्रपति के साथ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पहुंचे। विश्वविद्यालय प्रबंधन को आज सुबह ही दिल्ली से निर्देश मिल गए थे और स्थानीय भाजपा नेताओं को आज दीक्षांत समारोह के मंच पर बिठाया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के निमंत्रण पत्र में शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में 20 आईपीएस अफसरों की स्टार सेरेमनी, डीआईजी बने आईजी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के 20 आईपीएस असफरों के प्रमोशन का आदेश का 10 जनवरी को जारी हुआ था। जिसका स्टार सेरेमनी आयोजन किया गया था। प्रदेश के डीजीपी अशोक जुनेजा ने बुधवार को अफसरों को बधाई देते हुए वर्दी में स्टार और शेर लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। पदोन्नति पाने वाले अफसरों में प्रदेश के 5 डीआईजी से आईजी बने। इसी के साथ 7 एसएसपी डीआईजी बने। वहीं 8 एसपी पदोन्नत होकर एसएसपी बने।

ये अधिकारी डीआईजी से बने आईजी - बालाजी राव, राम गोपाल गग, जितेंद्र सिंह मीणा, दीपक झा, अभिषेक शांडिल्य,

ये अधिकारी एसएसपी से बने डीआईजी - गोवर्धन राम ठाकुर, टी आर कोशिमा, लाल उमेद सिंह, संतोष सिंह, अजातशत्रु बहादुर सिंह, कल्याण ऐलेसेला, प्रशांत ठाकुर, ये अधिकारी एसपी से बने एसएसपी, शशिमोहन सिंह, राजेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, श्वेता राजमणि, विवेक शुक्ला, रामकृष्ण साहू, राजेश कुकरेजा, आशुतोष सिंह।

नये कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के नये मुख्यालय भवन का बुधवार को उद्घाटन किया।

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर झंडा फहराया और पार्टी ने नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन0 का समारोह पूर्वक औपचारिक उद्घाटन किया। इसके साथ ही कांग्रेस मुख्यालय लम्बे समय तक 24 अकबर रोड में रहने के बाद अब अत्याधुनिक सुविधा सें युक्त 9 कोटला मार्ग स्थित इंदिरा गांधी भवन में शिफ्ट हो गया है। कांग्रेस के नये मुख्यालय का औपचारिक शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ऑनलाइन सट्टा... सौ करोड़ से ज्यादा का लेन-देन, महादेव सट्टे एप से जुड़े हैं तार

सटोरियों का मुख्य सरगना गिरफ्तार, 15 बैंकों में हैं सैकड़ों खाते

सरगुजा/नवप्रदेश। महादेव सट्टे के स्थानीय खाईवाल पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए एसपी के निर्देश पर सीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने मुख्य सरगना सुधीर गुप्ता को गिरफ्तार किया है। रेड के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हुए सटोरियों के मुख्य सरगना सुधीर गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि सटोरियों का तार महादेव सट्टा एप से जुड़ा है। सटोरियों ने करीब 15 बैंकों में सैकड़ों खाते खुलवा रखे थे। अब तक पुलिस सौ करोड़ से ऊपर की लेन-देन होने का खुलासा कर चुकी है।

4 सटोरियों को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

सटोरिए सरगुजा में एक कमरे को ऑफिस बनाकर सट्टा खिलवा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर हाल ही में पुलिस ने उनके घर में छापा मारा, जहां 4 सटोरियों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं सुधीर गुप्ता फरार होने में कामयाब हो गया था। मौके से पुलिस ने बड़ी मात्रा में बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल, टीवी, क्यूआर कोड, नगद रकम, हवाला के पैसों में उपयोग होने वाले नोट सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया था। कोतवाली पुलिस को सुधीर गुप्ता द्वारा अपने घर के कमरे में ऑफिस बनाकर सट्टा खिलवाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक रोहित शाह के नेतृत्व में थाना कोतवाली और साइबर सेल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड किया, जहां एक घर में तीन युवकों राहुल अग्रवाल उर्फ विक्की, श्रीकांत अग्रवाल और राहुल शेष पृष्ठ 6 पर

234 एटीएम, 78 चेकबुक, 81 पासबुक, 77 सिम बरामद

पुलिस ने आरोपियों के पास से 73 मोबाइल, 234 एटीएम कार्ड, 78 चेकबुक, 81 पासबुक, 77 सिम कार्ड, और अन्य फर्जी दस्तावेज़ बरामद किए थे. जब्त की गई अन्य वस्तुओं में 8 बार कोड स्कैनर, 13 आधार कार्ड की छायाप्रति, 4 पैन कार्ड की छायाप्रति, 7 जमा पावती और 22 सट्टा पट्टी रजिस्टर शामिल हैं. इसके अलावा, कमरे से एक नग एलईडी टीवी, सेटअप बॉक्स, वाई-फाई सेट, प्लास्टिक फर्नीचर और 154,100 रुपये नगद भी बरामद किए गए हैं। जब्त कुल सामग्री की कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई है।

फर्जी तरीके से लोगों के दस्तावेजों का उपयोग

पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपियों ने फर्जी तरीके से लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड का उपयोग कर विभिन्न बैंकों में खाता खोला था। एटीएम कार्ड, पासबुक और चेकबुक प्राप्त की थी। इसके अलावा वे फोन पे, पेटीएम और गूगल पे जैसी यूपीआई सेवाओं का इस्तेमाल कर सट्टे में लेन-देन करते थे. पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने अर्जुन गुप्ता के सहयोग से अन्य व्यक्तियों के नाम पर फर्जी बैंक खाता खुलवाए थे। पुलिस ने अर्जुन गुप्ता को भी गिरफ्तार किया है, जिसने घटना में अपनी भूमिका स्वीकार की है।

3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, हर जुबां पर हर-हर गंगे..

दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन प्रयागराज में हो रहा है. करोड़ों साल पहले कुंभ से गिरे अमृत की तलाश में श्रद्धालुओं का रैला गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के किनारे खिंचा चला आ रहा है. मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने जैसे ही डुबली लगाई, त्रिवेणी संगम की बूंदें ऐसे छलक उठीं मानो कुंभ से अमृत छलक उठा हो. मंगलवार को महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों के साधुओं ने पहला 'अमृत स्नान' किया. इस अवसर पर त्रिवेणी संगम पर लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा. और करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में अधिकांश अखाड़ों का नेतृत्व राख से लिपटे नागा साधु कर रहे थे, जिन्होंने अपने अनुशासन और पारंपरिक हथियारों की महारत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भाले और तलवारों को कुशलता से चलाने से लेकर जोश के साथ 'डमरू' बजाने तक, उनके प्रदर्शन सदियों पुरानी परंपराओं का जीवंत उत्सव थे।

त्रिशूल और डमरू के साथ नागा साधुओं के प्रदर्शन ने इस बात पर जोर दिया कि महाकुंभ महज एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि मानवता और प्रकृति के बीच एकता का उत्सव है. हर हर महादेव, जय श्री राम और जय गंगा मैया का नारा लगाते हुए कई

श्रद्धालु विभिन्न घाटों की ओर समूहों में जाते देखे गए। कई पुरुष अपने बच्चों को कंधों पर उठाए हुए थे, जबकि कुछ अपने बुजुर्ग माता-पिता की सहायता करते हुए देखे गए. जैसे ही श्रद्धालु अपनी तीर्थयात्रा से लौटे, प्रयागराज के निवासियों ने बड़े पैमाने पर भोजन वितरण का आयोजन किया।

प्रयागराज/(ए.)। महाकुंभ में पुरुष नागा साधुओं के अलावा महिला नागा तपस्वी भी बड़ी संख्या में मौजूद थीं. महाकुंभ का पहला बड़ा स्नान सोमवार को 'पौष पूर्णिमा' के अवसर पर हुआ, जबकि अखाड़ों या हिंदू मठों के सदस्यों ने मकर संक्रांति पर अपना पहला स्नान किया। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा ने सबसे पहले 'अमृत स्नान' किया. महाकुंभ में तेरह अखाड़े भाग ले रहे हैं. अमृत स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गईं।

महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज में हर 12 साल में पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है, लेकिन 12 पूर्ण कुंभ के बाद 144 साल में एक बार महाकुंभ होता है. इस पवित्र आयोजन में भाग लेना श्रद्धालुओं के लिए एक दुर्लभ आशीर्वाद है. महानिर्वाणी अखाड़े के 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधुओं ने अमृत स्नान में भाग लिया।

न्यूज गैलरी

टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या मामले में 10 लोगों से पूछताछ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या और दो अन्य के घायल होने के मामले में पुलिस ने 10 लोगों से पूछताछ की। एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने जिन 10 लोगों से पूछताछ की, उनमें से ज्यादातर स्थानीय निवासी थे। उन्हें अपराध के बाद हिरासत में लिया गया था, लेकिन अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी

नई दिल्ली। शराब घोटाले मामले में गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि लोकसेवक के खिलाफमुकदमा चलाने के लिए प्राधिकरण से मंजूरी लेनी होगी। ईडी ने शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मास्टरमाइंड और किंगपिन बताया था। सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि ईडी को शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा चलाने के लिए अधिकृत किया है।

हम सिर्फ भाजपा नाम के राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे

'देश की चुनाव प्रणाली में खामी, पारदर्शी होना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य': राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा समेत हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए बुधवार को चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और दावा किया कि देश की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराने से इनकार कर रहा है, जबकि पारदर्शी होना उसका कर्तव्य है।

राहुल गांधी ने कहा, 'यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नाम के राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है। उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है।' उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के लोग सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि व्यवस्था से भी लड़ रहे हैं।

'महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ'

उन्होंने दावा किया कि मैंने साफ तौर पर कहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से खुश नहीं हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच अचानक करीब एक करोड़ नए मतदाताओं का सामने आना समस्या की बात है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उसने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया है।

'पारदर्शी होना चुनाव आयोग का कर्तव्य'

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि यह ऐसी बात है जिसे हर कांग्रेसी और हर विपक्षी सदस्य को ध्यान में रखना चाहिए। हमारी चुनाव प्रणाली में एक गंभीर समस्या है। पारदर्शी होना चुनाव आयोग का कर्तव्य है।

'यह बताना उनकी जिम्मेदारी है कि ऐसा क्यों हुआ'

उन्होंने सवाल किया कि चुनाव आयोग मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने से क्यों इनकार करेगा? हमें सूची न देकर किस उद्देश्य की पूर्ति होती है और वे इसे क्यों रोके हुए हैं? पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है और यह बताना उनकी जिम्मेदारी है कि ऐसा क्यों हुआ है।

रूस का यूक्रेन पर मिसाइल हमला सरकार ने रोकी बिजली आपूर्ति

कीव। रूस ने यूक्रेन पर बड़ा मिसाइल हमला किया है। इसके चलते यूक्रेन ने बचाव के लिए अपने कई शहरों में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने फेसबुक पर लिखा कि 'दुश्मन देश यूक्रेन के लोगों को डराने में लगा है।'

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हलुश्चेंको ने लोगों से सुरक्षित पनाहगाहों में जाने की अपील की और सरकार की तरफसे दिए जाने पर वाले अपडेट पर नजर रखने को कहा। यूक्रेन की सरकारी बिजली कंपनी यूक्रेनगो ने बताया कि कई शहरों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। जिन इलाकों में बिजली आपूर्ति रोकी गई है, उनमें खारकीव, सूमी, पाल्टोवा, जापोराजिया आदि क्षेत्र शामिल हैं। रूस ने बुधवार सुबह को मिसाइलों से हमला किया। इन हमलों में यूक्रेन के पश्चिमी लीव क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया। लीव शहर के मेयर ने यह जानकारी दी। हालांकि इस

हमले में किसी तरह से बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

रूस-यूक्रेन युद्ध से भारत में भी पैदा हुआ ऊर्जा संकट

यूक्रेन की वायुसेना ने भी रूस की तरफ से कई मिसाइलें दागे जाने का दावा किया है। हालांकि अभी तक किसी बड़े नुकसान का कोई दावा नहीं किया गया है। रूस द्वारा लगातार यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले किए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को अगले महीने तीन साल का समय पूरा हो जाएगा। इस युद्ध का असर न सिर्फ रूस और यूक्रेन, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ा है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। युद्ध के चलते भारत समेत दुनिया के कई देशों को रूस से होने वाली एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे ऊर्जा का संकट पैदा हुआ।

पत्रकार हितों की रक्षा बीएसपीएस का एक मात्र उद्देश्य: डॉ इन्दु बंसल जैन

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की 8वीं तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस हावड़ा-दीघा में आयोजीत हुई। उक्त जानकारी देते हुये बीएसपीएस की राष्ट्रीय प्रवक्ता व श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने बताया कि पहले दिन की नेशनल कॉन्फ्रेंस नोक्स रेसिडेंसी हावड़ा में व दूसरे दिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दीघा के ज्योत्सना इंटरनेशनल होटल पश्चिमी बंगाल में संपन्न हुई। राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन की अध्यक्षता बीएसपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने की व संचालन राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन ने किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने बंगाल के पृष्ठभूमि में 9 जनवरी की ऐतिहासिक महत्ता के बारे में कई रोचक जानकारी साझा की।

बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन ने भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज देश भर के हजारों श्रमजीवी पत्रकार बीएसपीएस से जुड़े हुए हैं।संगठन के साथ जम्मू कश्मीर एवं उत्तर पूर्वी राज्यों में नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा एवं असमभी जुड़ गए हैं.उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सभी एक परिवार की तरह अपनी एकता का परिचय दें।

राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ इन्दु बंसल ने बताया कि दूसरे दिन दीघा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 8 प्रस्तावों पर सर्वसम्मति बनी।जिन प्रस्तावों पर सहमति बनी वे क्रमशः इस प्रकार हैं. 1/छत्तीसगढ़ के बीजापुर के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर एवं सूरजपूर जिला से संतोष कुमार टोपो की निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए छ्ग सरकार से दोषियों को स्पीड ट्रायल चलाकर Rare of rarest मुकदमा दर्ज कर फाँसी की सज़ा दी जाए.

फॉर्मूला ई रेस मामले में केटीआर को झटका

नई दिल्ली। फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले में आरोपी भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले दर्ज मुकदमे को रद्द की मांग वाली केटीआर की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है।

देश की प्रगति और विकास में सेना की अहम भूमिका

पुणे। सेना दिवस पर बुधवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने देश की सीमाओं पर सेना की स्थिति बताई। साथ ही वीरता सेना पदक और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। सेना प्रमुख ने कहा कि देश की प्रगति और विकास में भारतीय सेना की अहम भूमिका है। वहीं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने भी सभी सैनिकों, अधिकारियों और परिवारों को शुभकामनाएं दीं। पुणे में परेड के दौरान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर है, लेकिन संवेदनशील भी है। हमारी सेना किसी भी

स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सीमा में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है, लेकिन घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। जम्मू-कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा में कमी आई है। पिछले साल संसद, विधानसभा चुनाव और अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना सुरक्षा स्थिति में सुधार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए एक स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।

निर्माणाधीन कुएं में धंसे तीनों मजदूरों की मौत, 22 घंटे तक चला रेस्क्यू

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में कुआं धंसने से मलबे में दबे तीन मजदूरों को बचाया नहीं जा सका। करीब 22 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद एनडीआरएफकी टीम ने उनके शव कुएं से निकाले। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपे जाएंगे।

छिंदवाड़ा में एक निर्माणाधीन कुएं के धंसने से तीन मजदूर मलबे में दब गए, 22 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में तीनों को नहीं बचाया जा सका। करीब 22 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद एनडीआरएफकी टीम ने

उनके शव कुएं से निकाले। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मजदूरों की मौत पर दुख जताया है। उनके परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात भी कही है।

बता दें कि छिंदवाड़ा के खुनाझिर खुर्द गांव में ऐशराव वस्त्राणे के खेत में कुएं को गहरा किया जा रहा था। इसके लिए राजस्थान और भोपाल की टीम को ठेका दिया था। रायसेन और बुधनी से मजदूर यहां काम करने आए थे। मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे खुदाई के दौरान ऊपर से मलबा और पत्थर नीचे आ गिरे। मां-बेटे समेत तीन मजदूर इसमें दब गए थे।

कैसे हुआ ये हादसा

दरअसल, शहर के पास खुनाझिर खुर्द गांव में एक पुराने कुएं की मरम्मत का काम चल रहा था। मंगलवार को अचानक कुआं ढह गया। कुछ मज़दूर वक़्त रहते बाहर निकल आए, लेकिन तीन मजदूर मलबे में दब गए। इनमें एक महिला और दो पुरुष शामिल थे। हादसे के बाद से ही बचाव कार्य जारी था। एनडीआरएफकी टीम के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी बचाव कार्य में लगा हुआ था।

ज्ञान-विज्ञान... पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष पिंडों की निगरानी करेंगे

भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में नए युग की शुरुआत, दो स्वदेशी स्टार्टअप्स ने लॉन्च किए अपने उपग्रह

बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में नए युग की शुरुआत हो गई है। दरअसल पहली बार दो निजी स्टार्टअप कंपनियों ने अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक अपने उपग्रह लॉन्च किए हैं। ये उपग्रह दो भारतीय स्टार्टअप कंपनियों पिक्सेल और दिगंतारा ने लॉन्च किए हैं, जो पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष पिंडों की निगरानी करेंगे।

कृषि और रक्षा क्षेत्र में मिलेगी मदद

पिक्सेल भारत की पहली निजी कंपनी बन गई, जिसके पास उपग्रहों का अपना समूह है। कंपनी

150 से अधिक बैंड में पृथ्वी का अवलोकन करने की क्षमता रखती है। यह एक ऐसी तकनीक है जो कृषि और रक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में उपयोगी है। वहीं दिगंतारा एयरोस्पेस ने दुनिया के पहले वाणिज्यिक उपग्रह - स्पेस कैमरा फॉर ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग (एससीओटी) के प्रक्षेपण की घोषणा की है, जो सुरक्षित अंतरिक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली 5 सेमी जितनी छोटी वस्तुओं की निगरानी करेगा। पृथ्वी के चारों ओर की कक्षाएं कृत्रिम उपग्रहों के साथ-साथ अंतरिक्ष मलबे से भरी हुई हैं। ऐसे में इनकी निगरानी हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रमों की सफलता के लिए जरूरी है। पिक्सेल के तीन फायरफ्लाई, जो वर्तमान में दुनिया के सबसे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वाणिज्यिक-ग्रेड हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह हैं और ये अदृश्य सूक्ष्म विवरणों को भी कैद करने में सक्षम हैं।

मील का पत्थर साबित हो सकती है हाइपर स्पेक्ट्रल सैटेलाइट इमेजिंग तकनीक

भारतीय अंतरिक्ष संघ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट का कहना है कि पिक्सेल का यह कदम मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि हाइपरस्पेक्ट्रल सैटेलाइट इमेजिंग से कई मामलों, खासकर रक्षा क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाने की क्षमता है। लेफ्टिनेंट जनरल भट्ट ने कहा कि दिगंतारा का एससीओटी उपग्रह एक अधिक टिकाऊ अंतरिक्ष वातावरण सुनिश्चित करने और अंतरिक्ष मलबे की समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पिक्सेल के सह-संस्थापक और सीटीओ क्षितिज खंडेलवाल ने बेंगलुरु में स्टार्ट-अप के मुख्यालय में कहा कि फायरफ्लाइज़ का अत्याधुनिक रिज़ॉल्यूशन उन्हें रासायनिक संरचना, वनस्पति स्वास्थ्य, जल गुणवत्ता और यहां तक कि वायुमंडलीय स्थितियों में सूक्ष्म परिवर्तनों को बेजोड़ सटीकता के साथ पता लगाने में सक्षम बनाता है।

पाकिस्तानी सेना ने पख्तूनख्वा में चार आतंकवादियों को मार गिराया

इस्लामाबाद(वार्ता)। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक खुफिया अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में बताया गया कि खुफिया जानकारी के आधार पर वजीरिस्तान जिले के स्पिनवाम इलाके में मंगलवार देर रात आतंकवादियों के खिलाफअभियान चलाया गया। आईएसपीआर ने कहा, "अभियान के दौरान, हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर कार्रवाई की। जवाब में आतंकवादियों ने भी गोलीबारी की। इस दौरान चार आतंकवादी मारे गए।"सेना ने बताया कि सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किये हैं। वे व्यक्ति सुरक्षा बलों पर हमले और निर्दोष नागरिकों की लक्षित हत्या सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। सेना ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए एक तलाशी अभियान भी शुरू किया गया है।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में 122 शोधार्थी-157 छात्र सम्मानित

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मेधावी छात्रों को दिए मेडल

बिलासपुर/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने टॉपर छात्रों को मेडल दिए। उनके साथ सीएम विष्णुदेव साय, राज्यपाल रामन डेका सहित अन्य अतिथि भी शामिल रहे। मंच पर छात्रा मैथिली तिवारी और साहनवी झा को विश्वविद्यालय पदक से नवाजा गया। वहीं, इतिहास विभाग के छात्र प्रभव दुबे को गोल्ड मेडल दिया गया। प्रभव यूनिवर्सिटी का ऐसा छात्र है, जिसने स्नातक में भी गोल्ड मेडल हासिल किया था। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूनिवर्सिटी के 122 शोधार्थी और 157 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वहीं 5,859 छात्र-छात्राओं को मंच से डिग्री देने की घोषणा की गई। इसके बाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूनिवर्सिटी कैंपस में चंदन और रुद्राक्ष का पौधा लगाया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल ने किया। बुधवार दोपहर तीन बजे रजत जयंती सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मेधावियों और शोधार्थियों को स्वर्णमंडित पदक और उपाधि से सम्मानित किया। सुरक्षा के लिए सोमवार और मंगलवार को सेना के हेलिकाप्टर का लैंडिंग ट्रायल हुआ। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के लिए 5 आईपीएस दर्जन भर एएसपी सहित 200 से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। उपराष्ट्रपति धनखड़ के लिए 5 हैलीपैड बनाए गए थे। इसमें तीन हैलीपैड ओपन यूनिवर्सिटी के परिसर में और दो सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बनाए गए थे।

उप राष्ट्रपति का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया गया। श्री धनखड़ गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे। राज्यपाल रमेन डेका और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू भी साथ आए। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल,विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, कमिश्नर महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह ने गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

दीक्षांत समारोह छात्र-छात्राओं के लिए आत्ममंथन और प्रेरणा का प्रतीक है: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरु घासीदास विवि. दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी का माता कौशल्या की धरा, प्रभु श्री राम के ननिहाल और माँ महामाया के पावन अंचल में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। आज इस अवसर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, अतुल भाई कोठारी, प्रोफेसर टी.जी. सीताराम, गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल, कार्य परिषद और अकादमिक परिषद के सदस्यगण, विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न अध्ययन शालाओं के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण, मौजूद सम्मानीय अतिथिगण, विश्वविद्यालय के

कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे जी एवं आज उपाधि लेने पहुँचे प्रिय छात्र-छात्राओं और उनके गर्वित परिजनों सबसे पहले आप सभी को नववर्ष और मकर संक्राति की शुभकामनाएँ यह मेरे लिए गर्व और खुशी का विषय है कि मैं आज उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ और राज्यपाल श्री डेका की मौजूदगी के बीच, इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित हूँ। दीक्षांत समारोह छात्र-छात्राओं के लिए केवल एक औपचारिकता नहीं है। यह एक ऐसा अवसर है जो बदलाव, आत्ममंथन और प्रेरणा का प्रतीक है। आज जब हम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से स्नातक छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव मना रहे हैं। ऐसे अवसर पर हम इस संस्थान के उन शिक्षकों, कर्मचारियों और नेतृत्व का भी सम्मान करते हैं जिन्होंने इन छात्रों के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दिया है। हमारे लिए गर्व का अवसर और भी बढ़ जाता है कि छत्तीसगढ़ का इकलौता केन्द्रीय विश्वविद्यालय महान संत बाबा गुरु घासीदास जी के नाम पर स्थापित है। जो ज्ञान, समावेशिता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक है। अपनी स्थापना के समय के ही इस विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ की बौद्धिक प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी प्रतिष्ठा केवल हमारे राज्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी फैली है। हमारा भारत विश्व गुरु के रूप में विख्यात रहा है, इसके पीछे नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान-विज्ञान से समृद्ध विश्वविद्यालय रहे हैं। हम जानते हैं शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने बार-बार यह साबित किया है कि शिक्षा कैसे परिवर्तन का साधन बन सकती है।

साईं बाबा सेवा आश्रम ने जरूरतमंदों को कबंल बांटे

■ कोटा जनपद पंचायत के कुंवारीमुडा अश्रित गांव लालपुर में ग्रामीणों को किए वितरित

करगी रोड (कोटा)/नवप्रदेश। साई बाबा सेवा आश्रम विगत कई वर्षो से आदिवासी अंचल में जरूरत के कपड़े व शिक्षा की सामग्री निःशुल्क वितरण कर रहे है, ठंड में दीन-दुखी व असमर्थ बच्चों को देखकर वनवासियों को गर्म कपड़े बांटने मुहिम छेड़ दी एक मुहिम जरूरतमंदों के लिए चला रहे है, साई बाबा सेवा आश्रम से जरूरत मंदो कई गांव जंगल और सुदूर अंचल में कपड़े बांट चुकी है, साईं बाबा ने अपने पूरे जीवन गरीबों की सेवा की थी उन्हीं के आदर्शों का पालन करते हुए ग्रामीण अंचल में गर्म कपड़े बांटने की शुरुआत की गई। इसी पहल में इस वर्ष कर्तव्य की टीम ने कोटा रेल्वे स्टेशन व लालपुर नवागांव के गरीब जरूरतमंदों को 50 नग कंबल बांटा गया। इससे पहले दीपावली में गरीब जरूरतमंदों बच्चों को मीठा व पटाखे का वितरण सदस्यों के द्वारा किया गया था। इस संस्था में सूरज गुप्ता, राम चंद्र गुप्ता, विकास पांडे, चंद्रकांत जायसवाल, अंकुर सिमरे रामनारायण यादव (नंदू) व सभी सदस्य व करगी रोड कोटा नगरवासियों का सहयोग है। उक्त जानकारी संस्था के संचालक कैलाश चंद्र गुप्ता ने दी।

तालाब में तैरती मिली युवक की संदिग्ध लाश

मस्तूरी/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गतौरा के तालाब में एक युवक की तैरती हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गतौरा के अमहापारा तालाब में दोपहर 12 बजे के आसपास ग्रामीणों ने तालाब में एक लाश तैरते हुए देखी जिसका सर का ऊपरी भाग पानी से निकला हुआ था।गांव में लोगो को जानकारी होने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा: अटल श्रीवास्तव

रतनपुर/नवप्रदेश। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर माँ महामाया की नगरी में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा रतनपुर नगर में विधायक द्वारा स्वीकृत 38 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। रतनपुर के वार्डो के बूढ़ा महादेव में क्रांकिट करण, अष्टभुजी मंदिर में ज्योति कक्ष निर्माण, हिंगराज माता मंदिर में चबूतरा निर्माण, वार्ड 10 में सीसी रोड एवं मुक्तिधाम वार्ड 11 में नाली निर्माण दुल्हरी तालाब में चबूतरा निर्माण गुरु घासीदास बाबा परिसर दुल्हरा तालाब में अहाता निर्माण करैया पारा में मानस मंच निर्माण मुस्लिम कब्रिस्तान में शेड निर्माण वार्ड 15 में सीसी रोड निर्माण के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मकर संक्रांति की बधाई देते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा की मां महामाया की नगरी रतनपुर के विकास के लिए मै हमेशा प्रयासरत रहूंगा, और वार्ड वाशियो के मूलभूत सुविधाओं को विधायक निधि से पूरा करूंगा। विधायक के द्वारा कहा गया कि नगर के विकास के लिए वार्ड पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक की भूमिका अहम होती है, विधायक कांग्रेस के है और वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष कांग्रेस के बनने से क्षेत्र का सतत् विकास संभव होगा। उक्त कार्यकम में सुभाष अग्रवाल दामोदर सिंह शीतल जायसवाल आदि उपस्थित थे।

अधारशिला न्यू सैनिक स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया जारी, आवेदन की तिथि बढ़ी

नियमित छात्रों के लिए एंट्रेस परीक्षा अनिवार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के कोनी क्षेत्र में स्थित आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में कक्षा 6 वीं व कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। अंतिम तिथि को 13 जनवरी से बढ़ाकर 23 जनवरी 2025 कर दिया गया है। यह विद्यालय केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय से संबद्ध सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत संचालित है और 2024-25 का पहला सत्र सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। नियमित छात्रों के लिए कक्षाओं में प्रवेश हेतु एक एंट्रेंस परीक्षा की अनिवार्यता की गई है, जिसकी पहली परीक्षा 18 जनवरी को होगी। इसके लिए मुख्य तीन विषयों पर आधारित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इच्छुक अभिभावक अधिक जानकारी के लिए विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने इसे क्षेत्र के छात्रों के लिए उत्कृष्ट अवसर बताया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, देशभक्ति और व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष ध्यान देगा। नए सत्र के कुछ नए नियमों, गतिविधियों व अनुशासन के साथ एक नया परिवेश छात्रों में बहुत ही अच्छे और सकारात्मक सोच व ऊर्जा को जागृत करने में सहायक सिद्ध होगा। विद्यालय का यह परिवेश और वातावरण छात्रों के व्यक्तित्व विकास को भी बढ़ावा देगा।

खेल से तन और मन होता है स्वस्थ: त्रिलोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। खेल चाहे क्रिकेट हो, खो -खो, कबड्डी हो, चाहे कोई भी खेल हो, यदि आप खेल खेलते हैं, तो आपका तन भी स्वस्थ होता है और मन भी स्वस्थ होता है, खेल खेलने वाला व्यक्ति के जीवन में हमेशा खिलाड़ी भावना बने रहती है। बिलासपुर संभागीय श्रीवास समाज विगत वर्षों से लगातार रचनात्मक कार्य करते आ रहा है प्रदेश में पहली बार सामाजिक स्तर पर श्रीवास प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन के लिए बिलासपुर के संभागीय श्रीवास समाज बधाई के पात्र हैं यह बातें कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास एवं सचिव चंद्रमणि श्रीवास आदि उपस्थित थे।

हाईकोर्ट

छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण को लेकर विवाद

हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत, आरक्षण को निरस्त करने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार द्वारा जारी अध्यादेश और उससे जुड़े प्रावधानों को लेकर नरेश राजवाड़े, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सूरजपुर एवं प्रदेश महासचिव, ओबीसी महासभा ने बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में सरकार के कदमों को अवैधानिक करार देते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के आरक्षण रोस्टर को निरस्त करने की मांग की गई है।*

छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश, 2024 को 3 दिसंबर 2024 को लागू किया। इस

अध्यादेश के तहत, पंचायत राज अधिनियम की धारा 129(डी) की उपधारा (03) को हटा दिया गया। यह संशोधन ओबीसी वर्ग के आरक्षण को प्रभावित करता है। संशोधित अध्यादेश के आधार पर 24 दिसंबर 2024 को पंचायत निर्वाचन नियम (5) में संशोधन किया गया। इसके तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर तैयार किया गया। याचिका में इस संशोधन को भी अवैधानिक ठहराया गया है, क्योंकि यह एक निष्क्रिय अध्यादेश पर आधारित है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान आरक्षण रोस्टर और संशोधित पंचायत निर्वाचन नियम (5) को तत्काल निरस्त किया जाए। पंचायत राज अधिनियम के पूर्व प्रावधानों के तहत आरक्षण रोस्टर को फिर से तैयार किया जाए। आगामी पंचायत चुनाव वैधानिक रूप से आयोजित किए जाएं। अध्यादेश को कानूनी मान्यता देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत उसे समय पर पारित करना आवश्यक था। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस प्रावधान की अनदेखी से न केवल विधि का उल्लंघन हुआ है, बल्कि पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। ओबीसी आरक्षण का मुद्दा छत्तीसगढ़ में हमेशा संवेदनशील रहा है। सरकार की यह चूक ओबीसी वर्ग के लोगों में असंतोष बढ़ा सकती है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जारी आरक्षण रोस्टर को अवैधानिक करार देने की मांग से यह विवाद और गहरा सकता है। यह मामला न केवल संवैधानिक प्रावधानों के पालन का है, बल्कि सामाजिक न्याय और ओबीसी वर्ग के अधिकारों से भी जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में दायर याचिका इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करती है।

अध्यादेश की वैधता पर सवाल

भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के अनुसार, कोई भी अध्यादेश अधिकतम छह माह तक ही प्रभावी रह सकता है। इस अवधि के भीतर उसे विधानसभा में पारित कर अधिनियम का रूप दिया जाना अनिवार्य है। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने 16 से 20 जनवरी 2024 तक आयोजित विधानसभा सत्र में इस अध्यादेश को पारित नहीं कराया और केवल इसे पटल पर रखा। इसके कारण यह अध्यादेश अब विधिशून्य हो चुका है।

सुविचार

जिंदगी में कोई दोस्त ऐसा भी होना चाहिए जो आपके दिल की भावनाओं को ठीक उसी तरह समझें जैसा मेडिकल स्टोर वाले डाक्टर की राइटिंग समझते हैं। - अज्ञात

राहुल गांधी के निशाने पर केजरीवाल

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव अब रोचक होते जा रहा है हालांकि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी चुनाव प्रचार में अब तक सबसे आगे बनी हुई है और दूसरे नंबर पर भारतीय जनता पार्टी है। जबकि कांग्रेस इन दोनों ही पार्टियों के मुकाबले बहुत पीछे नजर आ रही थी लेकिन अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार अभियाान को गति दे दी है। राहुल गांधी ने पहली बार नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर सीधा निशाना साधा है। राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया है कि वे झूठे वादे करते हैं और भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हुए हैं। यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल गौतम अडानी के बारे में कभी कुछ नहीं बोलते। राहुल गांधी ने नई दिल्ली की जन समस्या को भी ट्विटर के माध्यम से भी उठाया है। और अरविंद केजरीवाल की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। राहुल गांधी के चुनाव प्रचार में उतरने के बाद अब कांग्रेस भी मुकाबले में आ गई है। अरविंद केजरीवाल ने राहुल गांधी के आरापों के बारे में बस इतनी ही टिप्पणी की है कि वे राहुल गांधी के बयान पर कुछ भी नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी इस तरह के बयान देकर अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और मुझे गाली दे रहे हैं जबकि मैं देश को बचाने की कोशिश कर रहा हूं। गौरतलब है कि नई दिल्ली में कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए राहुल गांधी ने पूर्वांचल के लोगों के साथ मकरसंक्राति का पर्व मनाया। नई दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों की अच्छी खासी संख्या है और कई सीटों पर वे निर्णायक भूमिका निभाते हैं। अब तक पूर्वांचल के वाटरों को अपने पक्ष में करने के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जोर अजमाईश चल रही थी। अब कांग्रेस भी इसमें शामिल हो गई है। नतीजतन अब नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होना तय हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस तरह अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ तीखे कटाक्ष कर रहे हैं उससे अब इस बात के संकेत मिल रहे है कि राहुल गांधी को आईएनडीआईए की परवाह नहीं है। उन्होंने भी अब शायद इस गठबंधन से पीछा छुड़ाने का मन बना लिया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के बीच जमकर जुबानी जंग हुई थी। जिसके चलते आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस नेता अजय माकन और संदीप दीक्षित के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए यह धमकी दी थी कि अब वे कांग्रेस को आईएनडीआईए से बाहर निकालन के लिए मुहिम चलाएंगे और इस बाबत सहयोगी दलों से चर्चा करेंगे। इस बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलश ने नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा कर दी। यह भी कांग्रेस और आईएनडीआईए की एकता के लिए एक बड़ा झटका था। बहरहाल अब कांग्रेस इस सदमें से उबर गई है। उसने भी गठबंधन की परवाह छोड़कर नई दिल्ली में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। जिसके चलते आम आदमी पार्टी की दिक्कतें बढ़ सकती है और इसका भाजपा को लाभ मिल सकता है।

यातायाता नियमों का कड़ाईपूर्वक पालन कराना जरूरी

देश में इस बार भी हर साल की तरह एक जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ में भी जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को समझाइश दी जा रही है। यह अच्छी पहल है किन्तु इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि सड़क सुरक्षा माह और सड़क सुरक्षा सप्ताह के आयोजन के नाम पर रस्म अदाएगी करके ही अपने कत्व्र्य की इतिश्री न मान ली जाए। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखकर यातायात नियमों का कड़ाईपूर्वक पालन भी सुनिश्चित किया जाये। पिछले साल छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं की लगभग 14 हजार घटनाएं हुई थी जिनमें छह हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी और 12 हजार से अधिक लोग घायल हुए थे। निश्चित रूप से यह आंकड़े न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि डराने वाले भी है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान किये गये हैं लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा है। अपनी जान को जोखिम में डालकर दुपहिया वाहन चालक बगैर हैलमेट के फर्राटे भरते देखे जा सकते है। इसी तरह कार चालक भी सीट बेल्ट बांधना जरूरी नहीं समझते अन्य यातायात नियमों की भी अनदेखी की जा रही है। यातायात नियमों का पालन कराने की जिस यातायात विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है वे अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करने में विफल हो रहे हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से रोक नहीं लग पा रही है। राज्य सरकार को यातायात नियमों का सख्तीपूर्वक पालन सुनिश्चित कराने कारगर कदम उठाने होंगे तभी सड़क सुरक्षा माह की सार्थकता सिद्ध हो पाएगी।

प्रेरक प्रसंग

एक संत अपने एक किसान भक्त की प्रार्थना स्वीकार करके उसके गाँव पहुँचे। किसान ने उनके लिए एक प्रवचन का आयोजन किया था। अचानक किसान का बैल बीमार हो गया। किसान जानता था कि यदि बैल को समय पर उपचार न मिला तो वह मर जाएगा, इसलिए वह प्रवचन में न जाकर बैल को चिकित्सक को दिखाने ले गया। गाँव के कुछ लोगों ने संत से उसकी शिकायत की और बोले- "महाराज ! यह किसान कितना स्वार्थी है। आपके प्रवचन का आयोजन करके खुद ही यहाँ नहीं आया है।"

संत बोले- "किसान ने प्रवचन में न आकर और एक पीड़ित पशु की सेवा को महत्त्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि वह मेरी शिक्षाएँ ठीक प्रकार से समझ गया है। मेरे सारे प्रवचनों का सार यही है कि दुःखी-पीड़ितों की सहायता की जाए और विवेक का आश्रय लेकर यह समझा जाए कि किन परिस्थितियों में कौन-सा कार्य जरूरी है। यदि आज किसान बीमार बैल को छोड़कर प्रवचन में आ जाता और वह बैल बिना दवा के मर जाता तो मेरा प्रवचन देना व्यर्थ हो जाता।" संत का कहा सुनकर सबकी आँखें खुल गईं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:18, सूर्यास्तः 05:42, चन्द्रोदय : 19:05, चन्द्रास्तः :08:24, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : तैतिल (15:17 तक), द्वितीय करण : गर (27:23 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : कर्क, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

विजय मुहूर्त : 14:11 से 14:52, गोधूलि मुहूर्त : 17:36 से 18:04, सायाह्न सन्ध्या : 17:39 से 19:01, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:53, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम,यमगण्ड : 08:32 से 09:50, दुर्मुहूर्त : 12:06 से 12:47, होमाहुति : चन्द्र (10:28 से मंगल), दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पाताल (27:23 से पृथ्वी), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : सभा में (27:23 से क्रीड़ा में)।

शराब व मटन के लिए बिक गई जनता! इससे तो वैश्या अच्छी है

राजीव खंडेलवाल

चूंकि संजय गायकवाड़ की एनडीए गठबंधन की पार्टी जब खुद चुनाव में पैसे बांटकर वोट खरीद रही थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था, तब उन पर प्रश्नचिन्ह उठना स्वाभाविक है। क्योंकि उनके दूसरे राजनीतिक साथी, दल भी तो पैसा बांट रहे थे? उनके विरूद्ध तो गायकवाड ने बयान नहीं दिया? ''पहले आरसी में अपना मुंह देखो फिर दूसरे को आइना दिखाओ''। ठीक उसी प्रकार जैसे जब खुद चकला चलाने वाला वेश्यावृत्ति का आरोप लगाये यह अस्वभाविक नहीं होगा? शायद इसीलिए संजय गायकवाड की क्लास ली गई। यह आश्चर्य की बात है कि किसी भी एक व्यक्ति ने जनता को नहीं चेताया कि आप पैसे लेकर अपना वोट क्यों देते है? यह आपका मूल संवैधानिक अधिकार है, जो आपकी भविष्य की किस्मत को तय करता है। यदि लोकतंत्र को वास्तव में बचाना है तो, यह नेता नहीं बल्कि जनता की समझदारी व विवेक के उपयोग पर ही निर्भर है। बड़ा प्रश्न यह है कि उक्त तत्व आएंगे कहां से?

भूमिका

महाभारत में 'संजय' (''सञ्जय'' संस्कृत शब्द) जो सुनाते, दिखाते थे, वही दृष्टिहीन राजा धृतराष्ट्र देखते-सुनते थे। आधुनिक लोकतंत्र के महाभारत में 'संजय' जो ''सेवक'' होकर भी ''लोकतांत्रिक राजा'' है, 'जनता' जिसके वे स्वयं को सेवक मानते है को, अपना दर्दे बयां करते-करते एक नया पाठ पढ़ा गये। क्या? आइये आगे देखते है।

''संजय (गायकवाड़) उवाच''

महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे शिवसेना पार्टी के बुलढाना के विधायक संजय गायकवाड़ ने वोट न देने वालो के खिलाफ तंज कसते हुए, सारी हदे पार करते हुए यहां तक कह दिया कि ''यहां के मतदाता 2, 5 हजार व शराब के लिए बिक गये, इससे तो अच्छी ''वेश्या'' है''। कसक, दर्द महसूस करते हुए शायद उन्होंने इसलिए कहा क्योंकि ''दिल का दर्द होंठों पर आ ही जाता है''। दरअसल वे अभी हाल में सम्पन्न हुये विधानसभा चुनाव में बुलढाना विधानसभा से बमुश्किल 841 वोट से जीत पाये थे, जिसका कारण उनकी नज़र में शायद कुछ मतदाताओं का विपक्षी उम्मीदवार के पक्ष में पैसे में बिक जाना रहा होगा।

आगे उन्होंने यह कथन किया कि ''सोचिये अगर में हार गया होता, तो क्या में सारे प्रोजेक्ट हुए होते या हो सकते थे''? गोया कि ''मुर्गे ने बांग न दी होती, तो क्या सुबह नहीं होती''। राजनीति का स्तर इतना निम्न स्तरीय हो जायेगा जहां, ''वेश्या'' शब्द का उपयोग होने लगे? तभी तो इस कथन पर पूरे देश में हंगामा और राजनीतिक गलियारों में भूचाल मच गया। इस पर टीवी चैनलों में बहस होना स्वाभाविक ही है। प्रश्न यह है कि गायकवाड का कथन क्या गलत था? या कथन में ''कुछ सत्यता'' होते हुए ''मछली खा कर बगुला ध्यान'' करने वाले एक गलत व्यक्ति द्वारा कहने पर उस कथन की सत्यता 'राख' से ढ़क गई? इसके लिए पहले आपको यह समझना होगा कि आखिर ''वेश्या'' का अर्थ क्या होता है।

''वेश्यावृत्ति'' सार्वजनिक राजनीतिक जीवन में प्रयोग करने वाला 'शब्द' नहीं है?

सामान्यतः ''आर्थिक मजबूरी'' के चलते जब महिला अपनी अस्मिता का सौदा पैसे के लिए करती है, तो यह वेश्यावृत्ति है। यद्यपि आज के आधुनिक युग में कुछ एक मामलों में बगैर आर्थिक जरूरत के भी यह होती है। इसमें कोई शक नहीं कि जाग्रत व विकासशील समाज के लिए यह एक कलंक है, और ''ट्रिपल ट्रिलियन इकोनॉमी से पांच ट्रिलियन इकोनॉमी'' की ओर बढ़ रहे देश की आर्थिक प्रगति पर प्रश्नचिन्ह है? देश में हर तरफमहिलाओं की अस्मिता व सम्मान की जोश-खरोश से बात की जा रही है। महिलाओं के समग्र विकास के लिए महिला आरक्षण दिये जाने का संकल्प किया है। ऐसी स्थिति में ''वेश्यावृत्ति'' का होना ही महिलाओं के लिए समस्त विकास व सुधारों पर प्रश्नचिन्ह

लगाता है? जिस प्रकार ''वृद्धाश्रम'' का होना परिवार के आर्थिक विकास व मानसिक सोच पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। शायद इस पर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं गया है। यदि वास्तव में 77 साल में देश का समग्र चहुंमुखी आर्थिक विकास हुआ होता? जैसा कि अभी एक रिपोर्ट आयी है, जिसमें बतलाया गया है कि 1955 के बाद से आज अमीर-गरीब के बीच सबसे ज्यादा अंतर है। अर्थात चौतरफा समग्र विकास न होकर ''अमीर और अमीर (संख्या व संपत्ति दोनों में) व गरीब और गरीब हो गया''।

वैसे यूपीए व एनडीए दोनो सरकारों द्वारा यह दावा किया गया कि हमने ''25 करोड़'' से ज्यादा लोगो को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। सत्यता यह है कि ''गरीबी'' की आधार रेखा को बदलकर ऐसा दावा किया गया। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के प्रति मानसिकता में बदलाव होकर भावनाएं स्वस्थ हो जाती, तो समाज से वेश्यावृत्ति का दाग ही समाप्त हो जाता। इसी प्रकार परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होकर अपने बुजुर्गो के प्रति जिम्मेदारी का अहसास व व्यवहार में सम्मान की भावना पूर्णरूप हो जाती, तो वृद्धाश्रम भी समाप्त हो जाते।

मतदाताओं की चार श्रेणियां! ''नोट के बदले वोट'' को लेकर!

मूल व गंभीर प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में मतदाता का कुछ भाग (प्रतिशत) पैसे के लिए वोट देता है? इसे आप चार श्रेणी में रख सकते हैं। प्रथम जहां मतदाता न तो पैसे लेते है और न ही उसमें सहयोग करते हैं, बल्कि उसे नापसंद करते हैं। दूसरा कुछ चालाक प्रबुद्ध मतदाता पैसे तो ले लेते हैं, लेकिन अपना वोट गुण (मेरिट) के आधार पर देते हैं! जैसे दिल्ली में प्रवेश वर्मा से 1000 रू नगद लेने वाली कुछ महिलाओं ने ''आप पार्टी'' को वोट देने की बात की, जिसका टीवी चैनल ने वीडियो क्लिप दिखाया। तीसरा वर्ग जो पहले से ही नोट देने वाली पार्टी को वोट देते आया है, लेकिन ''बहती गंगा में हाथ धोने'' के क्रम में वह पैसे भी ले लेता है। ''आई लक्ष्मी को कौन ठुकराता है''? चौथा वर्ग ''मुफ्त का चंदन घिस मेरे नंदन'' श्रेणी का होता है, जो वास्तव में ''नोट के बदले वोट'' की श्रेणी में आते हैं, जो अपना जमीर ही बेच देते है। और यही सबसे खतरनाक वर्ग लोकतंत्र के लिए खतरा है।

मुफ्त योजनाएं-वोट की खरीद-फ़रोख्त नहीं तो क्या?

इस प्रश्न का उत्तर आप पिछले कुछ समय पूर्व हुए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में चुनाव की मीडिया रिपोर्ट को पढ़-सुन-देखकर समझ सकते हैं। जहां लाडली बहना, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना आदि नामों से रू. 1000 से रू. 2500 नगद दे रहे हैं या देने का आश्वासन दे रहे हैं, ताकि घोषणा के आधार पर अधिकांश टीवी रिपोर्ट अनुसार चुनाव जीते गये।

''द होल थिंग इज दैट रे भैय्या, सबसे बड़ा रूपया'' मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र में यह नोट के बदले वोट नहीं तो क्या है? इन योजनाओं का कांग्रेस द्वारा लाई गई 'मनरेगा' योजना से तुलना कीजिए! जो ''मुफ्त'' न होकर ''कुछ सेवा के बदले अधिक मेवा'' देने का प्रयास था, जिसे आज भी भाजपा सरकार द्वारा लागू किया जा रहा है। यद्यपि इस योजना की गुणवत्ता को अन्य आधारों पर चुनौती दी जा सकती है। महाराष्ट्र में 10-10 हजार रू. व दिल्ली में प्रवेश वर्मा द्वारा 1 हजार रू. से एक वोट खरीदे जाने के वीडियो वायरल हुए। कवि भूषण के शब्दों में ''नारी बीच सारी है कि सारी बीच नारी''! अतः यदि विधायक ने इस कटु सत्य को गंदे शब्द का उपयोग कर कहने का दुःसाहस किया तो ''सत्य'' तो हमेशा 'कड़वा' होने के कारण उसे 'थूका' ही जाता है। वैसे मुफ्त की योजनाएं, 'रेवड़ियों' के संबंध में एक याचिका उच्चतम न्यायालय में वर्ष 2022 से ही लम्बित है।

चुनावी राजनीति की आवश्यक बुराई! धन-बल!

पैसे का राजनीति व चुनाव पर गहरा प्रभाव पडता है। ''चाहे वह नजराना हो, शुक्राना हो या मेहनताना हो''। इससे किसी भी पक्ष, पार्टी, जनता, चुनाव आयोग किसी को भी इंकार नहीं है। मूलभूत जीवनयापन की सुविधाओं को लेकर उसे मुद्दे बनाकर चुनाव लड़ने के बजाए पैसे के बल पर मतदाता खरीद लिये जाते हैं, जो चुनाव परिणाम को काफी हद तक प्रभावित करते है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1769 में आज ही के दिन कलकत्ता में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया था। 1920 में 16 जनवरी को ही पेरिस में 'लीग ऑफ़ नेशंस' ने अपनी पहली काउंसिल मीटिंग की थी। 1943 में 16 जनवरी के दिन ही इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला हुआ था। 1947 में आज ही के दिन विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए थे। 1955 में आज ही के दिन खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का पुणे में औपचारिक रूप से उद्घाटन हुआ था।1991 में 16 जनवरी को ही अमेरिका का इराक के विरुद्ध 'पहला खाड़ी युद्ध' शुरू हुआ था। 1992 में आज ही के दिन ब्रिटेन और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि हुई थी। 1989 में 16 जनवरी के दिन ही सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए 2 वर्ष के मानव अभियान की अपनी योजना की घोषणा की थी। 2000 में आज ही के दिन चीन सरकार ने 2 वर्षीय तिब्बती बालक को सन 'साकार बुद्ध' के पुरावतार के रूप में मान्यता दी थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हिन्दी का संसार

हिन्दी का संसार मे, अभिनंदन चहुओर। हर भाषा खुद में लिए,मुस्काती हर छोर।। मुस्काती हर छोर,सजल बहती सरिता सम। इंदू ले संकल्प,हिन्दी अपनाय सब हम। भाल शुशोभित बनकर,भारत माता की बिन्दी हर भाषा अपनाय,अपने भारत की हिन्दी।। - **रानी इन्दु**

आजकल कहाँ

आजकल कहाँ हो पूछते है सब मुझसे मेरा जवाब खुद को तलाश करती फ़िर रही हूं मैं घर मे ढूंढती हूँ नही मिलती मैं आईने में नज़र नही आती हूं मैं बाहर भीड़ में खो जाती हूँ मैं बस भटक रही हूँ तलाश रही हूँ खुद को मैं।

- **सुरेखा अग्रवाल**

खास पाती | मेरा चलित दूरभाष हुआ पुराना

मेरा चलित दूरभाष हुआ पुराना क्या बताऊं यारो... इसका अजब हैं फसाना.. कभी इसके बिगड़ जाते पट तो कभी ये करता छल कपट किसी को कॉल लगाओ,दूसरे को लग जाता बड़ा ही बेइज्जत कराता कभी इसकी ध्वनि चली जाती एक वीडियो देखो तो इसकी बैटरी स्वाहा हो जाती मैने मोबाइल से बोला इतना मत सताया करो जाओ फिर से पानी में डूब मरो मोबाइल ने दिया जवाब और करो उपयोग बेहिसाब जाओ नया ले आओ मुझ पे अब रहम खाओ - **शत्रुंजय तिवारी**

वक्त की मार हैं तो थपेड़ों से बचोगे

वक्त की मार हैं तो थपेड़ों से बचोगे क्या समन्दर है उफानों पर लहरों से बचोगे क्या ऐ सियासी रोटियाँ सेकने वाले सम्भल जा जरा। भला जंगल में रहकर सपेरों से बचोगे क्या। सब का मंगल हो - **कमलकांत डोंगरे**

नित्य मेरी बालकनी में मिलते हैं दो

नित्य मेरी बालकनी में मिलते हैं दो प्रेमी दृश्य अद्भुत होता है रोज रात चाँद निहारता है तुलसी को फिर होता है शुरू अठखेलियों का खेल, शिकायत तुलसी की चाँद से वो क्यों देर से आता है अक्सर प्रेम में इन मीठी शिकायतों का मर्म समझता है चाँद, मुस्कुराकर, तुलसी का श्रृंगार निहारता हैं चाँद पवन संग झुक जाती है तुलसी शर्माकर, बालकनी बैठकर अक्सर सोचती हूं दोनों की दुरी को नापने का करती हूँ विफल प्रयास, उनके मिलन का भी होता है मेरा अट्टाहास लगती है विफलता कई बार हाथ फिर भी, रोज आता है चाँद रोज शर्माती है तुलसी रोज एक नयी जुदाई नये मिलन के लिये। - **सरिता सैल**

जा रे मोर गीत तैं खदर बन जाबे

जा रे मोर गीत तैं खदर बन जाबे बिना घर के मनखे बर घर बन जाबे बने अस देखत जाबे कोनो भूख झन मरय पेट के अगनिया बर लइका कोनो झन बेंचय अइसन कहूं देखबे चाउंर बन जाबे... इहू चेत करबे तैं छइहां सबला मिलय ककरो करम ल रे घाम झन चरय कोनो जरही भोंभरा त रूख-डार बन जाबे.. गांव-गांव किंजर के तैं खेत देखबे बढ़िया तभे तो चढ़ही चुल्हा म अन्न के रे हंड़िया सुक्खा दिखत खेत बर बादर बन जाबे.. जभे दिखही सबो झन के चेहरा म हांसी तब तहूं सुरता के थोरिक खा लेबे बासी नइते अइसने सरी उमर बीताबे.. - **सुशील भोले**

जिंदगी मुख़्तसर होती जा रही है करीब

जिंदगी मुख़्तसर होती जा रही है करीब मौत के आती जा रही है इन बेवजह ख़्वाहिशों का क्या है बेलगाम होकर बढ़ती जा रही है हँसने की आदत रही नहीं अब हँसी अपनी सिकुड़ती जा रही है जिंदगी औ मौत में चली दिल्लगी तिश्नगी है कि छलती जा रही है सलीका वही चलन में अभी भी चलना है कैसे बताती जा रही है दिल को अपने सख्त सा रखना दुनिया हमें समझाती जा रही है। - **सपना चन्द्रा**

केवल साक्षी हैं हम समय के तमाशा

केवल साक्षी हैं हम समय के । तमाशा देखने तक सीमित, हम सब को यही लगता है , क्योंकि कर्म सिद्धान्त को हमने भुला दिया है। स्वयं पर भरोसा करना साक्षात कर्ता और द्रष्टा होना है । प्रार्थनाएँ आपको पॉज़िटिव तो बना सकती हैं, पर बिना कर्म के फलीभूत नहीं हो सकतीं । जीवनभर प्रकृति और परमात्मा को कोसने से बेहतर है कुछ भरोसा करें और अपनी सामर्थ्य अनुसार मेहनत , एक बेहतर परिणाम के लिए। - **केदार नाथ शब्द मसीहा**

QUIZ TIME

1) बिहार के किस शहर में सर्वाधिक रेशमी वस्त्र के कारखाने स्थापित है?

2) एकदिवसीय विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी कौन है?

3) भारत चुनाव आयोग द्वारा नेशनल आइकन के रूप में हाल ही में किसे चुना गया है?

4) 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस का आयोजन हाल ही में कहां हुआ?

5) सिंधिया और 1857 नामक पुस्तक का हाल ही में विमोचन किया गया, इसके लेखक कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भागलपुर (2) अनिल कुंबले (45 विकेट) (3) राजकुमार राव (4) नई दिल्ली (5) डॉ राकेश पाठक

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप के अन्दर आवेश की मात्रा अधिक रहेगी। आस-पडोसी से आज अहम को लेकर टकराव हो सकता है। घर का वातावरण अस्त-व्यस्त रहेगा।

वृषः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा। आज दिन भर शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति रहेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये अनुकूल रहेगा। आज किसी कार्य अथवा व्यापार में अकस्मात धन मिलने से कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

कर्कः आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार के प्रति आज अधिक संवेदनशील रहेंगे। धार्मिक अथवा पर्यटक स्थानों की यात्रा का भी अवसर मिलेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। पूर्व में किये निवेश का लाभ नहीं मिलने से निराश होंगे नए कार्य की योजना भी ठंडी पड़ेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा। आज आपको प्रत्येक कार्य का शुभफल प्राप्त होगा।

तुलाः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र से संम्मान-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए उन्नति दायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे। छाती संबंधित समस्या हो सकती है।

धनुः आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आज दिन भर सतर्क रहने की आवश्यकता है। आज कानूनी उलझनों में फंसने की संभावना है।

मकरः आज का दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा।

कुंभः आज के दिन किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी जांच-परख अवश्य करें कार्य-व्यवसाय में हानि होने की संभावना है।

मीनः आज का दिन आपको शुभ फल देने वाला है। आज आप अपने व्यवहार कुशलता से किसी का भी दिल जीत सकते हैं।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 297 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
बा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	व	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	ता	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

दैनिक नवप्रदेश

■ न्यूज गैलरी

जगतगुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान में 19 तक रक्तदान महायज्ञ का आयोजन

छत्तीसगढ़ में अब तक 366 यूनिट रक्तदान किया जा चुका

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदुओं के धर्मगुरु रामानंदाचार्य जगतगुरु स्वामी नरेंद्राचार्य जी महाराज दक्षिण पीठ नानीजधाम के आह्वान पर देश के महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तेलंगाना, कर्नाटक, गोवा आदि राज्यों में प्रतिवर्ष रक्तदान महायज्ञ आयोजित किए जाते हैं। वर्तमान दौर में सिकलसेल, एनीमिया, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, ब्लड कैंसर किडनी के मरीज अधिक मात्रा में दिखाई देते हैं। ऐसे रोगियों को बार-बार खून की आवश्यकता होती है। इसलिए राज्य शासन के ब्लड बैंकों को जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान द्वारा रक्तदान करने का निर्णय लिया गया है।प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 4 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2025 तक रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविरों के माध्यम से इन सभी राज्यों में 4 जनवरी से 12 जनवरी तक केवल 09 दिनों में अब तक 83952 यूनिट रक्तदान हो चुका है। छत्तीसगढ़ में अब तक 366 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला में भी दिनांक 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को मॉर्डन ब्लड सेंटर मेकाहारा अस्पताल रायपुर में रक्तदान महायज्ञ के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है ।

सीएम के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में होगी भर्ती

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर खाद्य और औषधि प्रशासन के अधीन परीक्षण प्रयोगशालाओं में 33 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। वित्त विभाग ने इन पदों के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। इनमें औषधि परीक्षण प्रयोगशाला के लिए 16 और खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के लिए 17 पदों पर भर्ती का रास्ता साफहो गया है। खाद्य एवं औषधि सुरक्षा से जुड़े कार्यों में प्रभावी निगरानी और परीक्षण के लिए सक्षम कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए वित्त विभाग ने भर्ती के लिए स्वीकृति दी है। इन रिक्त पदों को भरने से प्रयोगशाला के काम-काज में तेजी आएगी। वहीं नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री और औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेंगी।

उद्यानों की सफाई, रखरखाव के लिए सुझाव पेटी लगी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशाानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम उपायुक्त उद्यान डॉ. अंजलि शर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन उद्यानों को संवारने निरीक्षण कर मॉनिटरिंग सतत रूप से की जा रही है। उद्यानों की सफाई और रखरखाव व्यवस्था पर विशेष ध्यान जनहित में जनसुविधा हेतु दिया जा रहा है। उपायुक्त उद्यान ने जानकारी दी है कि नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा उद्यानों में आमजनों की सुविधा के लिए सुझाव पेटी लगवायी गयी है एवं सुझाव पेटी में आमजनों से प्राप्त सुझाव जनशिकायत का निराकरण त्वरित रूप से करवाया जा रहा है।

दाई दीदी क्लिनिक ने की विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा -निर्देश अनुरूप संचालित लोकहितेषी छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत बीएसयूपी जरवाय में एमएमयू 2 दाई दीदी क्लीनिक द्वारा 90 महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं 76 महिलाओं को मुफ्त दवा एवं 12 महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का सराहनीय कदम

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विशेष शिविर

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश अनुरूप संचालित लोककल्याणकारी 'मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना' के तहत आदर्श शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास, पंडित रविशंकर शुक्ल परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य

को बेहतर बनाना था।

इस विशेष शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के चिकित्सकों ने 125 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। यह शिविर खासतौर पर छात्रों को आज के चुनौतीपूर्ण वातावरण में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

शिविर में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। कुछ छात्रों में तनाव और अवसाद के लक्षण पाए गए। उदाहरण के तौर पर, एक छात्र (जिसका नाम गोपनीय रखा गया है) को काउंसलिंग के दौरान डिप्रेशन और लो ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से ग्रसित पाया गया। एमएमयू स्टाफ ने उनकी स्थिति की जानकारी छात्रावास अधीक्षक को दी और उन्हें उचित उपचार के लिए सलाह दी।

डॉक्टरों ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए प्रभावित छात्रों के साथ 30-40 मिनट का व्यक्तिगत काउंसलिंग सत्र आयोजित किया। इन सत्रों में छात्रों को तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

शारीरिक स्वास्थ्य और जागरूकता

शिविर में छात्रों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और पर्याप्त नींद के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

सरकार की अनूठी पहल

'मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना' के तहत, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स राज्यभर में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। इन यूनिट्स में न केवल शारीरिक बीमारियों का इलाज किया जा रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जा रहा है। छात्रावास में आयोजित यह विशेष शिविर छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। इस पहल ने छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और उन्हें एक सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल आज के समय की जरूरत को समझते हुए, समाज के भविष्य यानी छात्रों के समग्र स्वास्थ्य विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री ने सड्डू के प्रयास विद्यालय में कम्प्यूटर लैब का किया उद्घाटन

एकाग्रता के साथ कठिन परिश्रम से मिलती है मंजिलः रामविचार नेताम

रायपुर/ नवप्रदेश। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि एकाग्रता के साथ कठिन परिश्रम से मंजिल को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी के साथ अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के निर्माण का सपना जुड़ा होता है। विद्यार्थियों को भी अपने माता-पिता तथा रिश्ते-नातेदारों के सपने को साकार करने के लिए एकाग्र मन से अर्जुन की भांति केवल चिड़िया के नेत्र को केन्द्र में रखते हुए अपने लक्ष्य को भेदने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रयास में राज्य सरकार भी हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। उक्त बातें आज राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने आज लगभग 34 लाख रूपए की लागत से निर्मित 40 सीटर आधुनिक कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री नेताम ने नववर्ष की सौगात के रूप में वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को इंग्लिश डिक्शनरी प्रदान

की और बच्चों से चर्चा का उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली।

मंत्री नेताम ने कहा कि पढ़ाई का उद्देश्य सिर्फ नौकरी नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा लेकर औरों को भी रोजगार देने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आवासीय विद्यालयों में सरकार शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रही है। यहां रहने वाले विद्यार्थी हजारों बच्चों में चयन करके शिक्षा के लिए यहां लाया जाता है। विद्यार्थियों को भी अपने मंजिल को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी सम्बोधित किया।

गौरतलब है कि राज्य सरकार अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र के कमजोर वर्गों के बच्चों के साथ-साथ माओवादी पीड़ित बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छे वातावरण उपलब्ध कराने प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित कर रही है। राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में 884 विद्यार्थी अध्ययनरत है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ इंजीनियरिंग तथा मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग भी प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के आयुक्त पी.एस. एल्मा, अपर संचालक संजय गौड़, प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी अरविन्द जायसवाल, वार्ड पार्षद सुशीला धींवर सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित थे।

वायु प्रदूषण को कम करने सड़क की सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मार्गदर्षन में नगर पालिक निगम रायपुर राजधानी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। रायपुर के निवासियों को स्वच्छ परिवेश एवं वातावरण उपलब्ध कराना छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में सड़को की धूल से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर क्षेत्र अंतर्गत मशीनीकृत सड़क सफाई कार्य निरंतर जारी है।

मशीनों के माध्यम से मुख्य मार्गो की सड़क सफाई के कार्य में आधुनिक मशीनो का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से सड़क पर फैली धूल को सफाई के साथ-साथ मशीन में ही एकत्रित कर लिया जाता है। इस प्रकार सड़को की धूल के हवा में मिश्रित न होने पर वायु गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। सड़को की सफाई के साथ-साथ नियमित अंतराल में सड़क से लगे हुये डिवाइडर तथा फूटपाथ की धुलाई भी इस कार्य के साथ की जाती है। यह सभी कार्य महानगरों की तर्ज पर रात में किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु 10 लाख जनसंख्या से अधिक जनसंख्या वाले शहरो के लिये मैकेनाईज्ड स्वीपिंग कार्य अनिवार्य किया गया है ।

मंत्री देवांगन बताए फ्लोरा मेक्स कंपनी को संरक्षण क्यों दे रहे : कांग्रेस

■ विपक्ष पर आरोप लगाकर भाजपा जिम्मेदारी से बच नहीं सकती

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मंत्री लखन लाल देवांगन फ्लोरा मेक्स कंपनी से अपने संबंधों के बारे में प्रदेश की जनता को स्पष्टीकरण दें। वे कंपनी के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं होने दे रहे। पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के बीच में वे रोड़ा क्यों बन रहे है। महिलाओं को न्याय दिलाने के बजाय अब अपनी गलतियों का ठीकरा विपक्ष पर ठोकने की कोशिश बंद करे। फ्लोरा मैक्स कंपनी की पीड़ित महिलाएं मंत्री लखन लाल देवांगन के ऊपर कंपनी को संरक्षण देने का आरोप लगा रही है। कंपनी के खिलाफ महिलाओं द्वारा किये

जाने वाले आंदोलन से मंत्री लखन लाल देवांगन की तिलमिलाहट बताती है कि वे कंपनी के खिलाफ आंदोलन करने के कारण महिलाओं को धमका रहे थे। फ्लोरा मैक्स कंपनी की पीड़ित महिलाओं से अभद्रता के मामले में महिलाओं से माफी मांगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विपक्ष पर आरोप लगाकर मंत्री अपने जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। फ्लोरा मेक्स कंपनी के खिलाफ कार्यवाही किसके दबाव पर नहीं हो रही, महिलाओं पर गलत एफआईआर किसके दबाव में हुआ। सरकार फ्लोरा मेक्स कंपनी के जालसाजी की जांच सीबीआई से कराने का साहस क्यों नहीं दिखा रही। भाजपा की सरकार को बने 1 साल पूरा हो गया, सरकार कार्यवाही क्यों नहीं कर रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पत्नी रेणु अग्रवाल का फ्लोरा मेक्स कंपनी से कोई लेना देना नहीं है। कंपनी ने कोरबा के माल में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों का शोरूम खोला था। रेणु अग्रवाल मॉल गयी थी वहां उन्होंने स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पाद की दुकान को देखा था तथा महिलाओं के आग्रह पर फोटो खिंचवाया था, उनका कंपनी से कोई वास्ता नहीं था। पीड़ित महिलाओं ने मंत्री लखन लाल देवांगन पर कंपनी को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। रेणु अग्रवाल, जयसिंह अग्रवाल पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

आयुक्त ने दिए फुण्डहर चौक से डुमरतराई तक सफाई अभियान चलाने के निर्देश

■ खाली भूखण्डों में कचरा डाले जाने पर भूखण्ड मालिकों पर जुर्माना ग्रीन नेट लगवाने व्यवस्था कराने के निर्देश

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के फुण्डहर चैक से डुमरतराई बाजार मार्ग पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं जोन के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया। जगह -जगह गंदगी के ढेर कचरा नालियों को

जाम पाकर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी गहन अप्रसन्नता व्यक्त की । आयुक्त ने जोन 10 जोन कमिश्नर को जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित तत्काल फुण्डहर चैक से डुमरतराई बाजार क्षेत्र मार्ग तक जेसीबी की सहायता से विशेष गैंग भेजकर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए मार्गो के किनारे एवं नालियों की तले तक सफाई करवाकर कचरा एकत्रकर उसका तत्काल उठाव जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देष दिये है।

आयुक्त ने निर्देशित किया है कि रायपुर शहर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, राजधानी स्मार्ट सिटी के अनुरूप जनअपेक्षित रूप से कायम की जाये।

निगम ने बड़ी नालियों, नालों में चलाया विशेष सफाई अभियान

स्वच्छता कायम रखने कचरा डालने वालों को समझाइश देकर लगाया जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर में राजधानी स्मार्ट सिटी के अनुरूप स्वच्छता कायम करने नगर निगम क्षेत्र में बडी नालियों एवं नालो में विशेष सफाई अभियान चलाने का कार्य जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। नालो एवं नालियों में सुगम निकास हेतु स्वच्छता कायम रखने नाले, नालियों में कचरा डालने वाले लोगो को समझाईश देकर व्यवस्था सुधारने जुर्माना करने की कार्यवाही की जा रही है। नागरिको से निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाकर नालों, नालियों में कचरा, गंदगी नहीं डालने का आव्हान शहर हित में किया जा रहा है। रायपुर जिला

कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक् त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार सभी जोनो एवं निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नालों, नालियों की सफाई के विषेष अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

नगर निगम जोन 1 के तहत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप नाला, जोन 2 के तहत मौदहापारा क्षेत्र नाला, रजबंधा मैदान क्षेत्र नाला, जोन 3 के तहत शंकरनगर नाला, जोन 5 के तहत स्वामी विवेकानंद आश्रम के समीप रायपुर विकास प्राधिकरण के आदर्श बाजार के सामने जीई रोड की बडी नाली , जोन 10 के तहत काषीराम नगर क्षेत्र परशुराम नगर पुरैना क्षेत्र विधायक विश्राम गृह के पास नाला क्षेत्र , जोन 5 के तहत सुन्दर नगर मुख्य मार्ग नाला क्षेत्र, जोन 6 के तहत पचपेडी नाका चैक नाला क्षेत्र में विषेष सफाई अभियान चलाकर बडी मात्रा में कचरा व गंदगी बाहर निकाली गई एवं उसका परिवहन करवाकर स्वच्छता कायम करते हुए नालो व बडी नालियों में गंदे पानी की निकास व्यवस्था को सुगम बनाया गया। अभियान निरंतर जारी रहेगा। नागरिको से नगर निगम क्षेत्र में नालो, नालियों में कचरा, गंदगी ना डालने का आव्हान किया गया है एवं स्वच्छ रायपुर की परिकल्पना साकार करने सहभागी बनने का अनुरोध किया गया है।

भाजपा ने नगरीय निकाय के लिए कसी कमर महापौर पद हर हाल में जीतने का लक्ष्य

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पूरे 20 वार्ड की बैठक

■ राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के टिप्स

रायपुर/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर जोर-जोर से जुड़ चुकी है। संगठन के विभिन्न स्तरों में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में पिछले एक सप्ताह में लगातार रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पूरे 20 वार्ड की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए निर्देशित किया और संगठन की रणनीति से अवगत कराया। बैठक में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि पार्टी ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि रायपुर पश्चिम

विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डो में पार्टी जिस भी प्रत्याशी को टिकट देगी, हमें संगठित होकर उस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के साथ ही उपचुनाव में जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भाजपा का परचम लहराया है, वैसे ही आगामी चुनाव में भी भाजपा को जीताना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कसनी होगी।

रायपुर नगर निगम में भाजपा का महापौर बनाने का लक्ष्य

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का लक्ष्य रायपुर नगर निगम में अपना महापौर बनाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों का लाभ चुनाव में मिलेगा। जबकि कांग्रेस को राज्य में भूपेश बघेल और रायपुर में महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में हुए बड़े घोटालों का नुकसान उठाना पड़ेगा। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि नगर निगम में घोटालों और भ्रष्टाचार के कारण कांग्रेस ने महापौर एजाज ढेबर से आमजनता नाराज है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के रहते बू?तालाब फव्वारा घोटाला, यूनीपोल घोटाला, स्मार्ट सिटी फंड का दुरुपयोग सहित कई घोटाले हुए।

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पथ विक्रेताओं के लिए बनी वरदान

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जो कि शहरी पथ विक्रेताओं के लिए कोविड महामारी के बाद पुनः आत्मनिर्भर बनाने के लिए जून 2020 में लागू की गई थी। उक्त योजना के तहत् पथ विक्रेताओं के आपने व्यवसाय को पुनः प्रारंभ करने अथवा आगे बढ़ाने हेतु प्रथम 10 हजार रूपये का ऋण बिना किसी सेक्युरिटी के 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर बैंको के द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। हितग्राही के द्वारा लोन सही समय पर अदा करने पर द्वितीय 20 हजार रूपये प्रदान किया जाता है एवं 20 हजार रूपये सही समय पर अदा करने तृतीय 50 हजार रूपये का ऋण दिया जाता है। उक्त योजना के तहत् नगर पालिका कांकेर अंतर्गत प्रथम डोस पर कुल 445 हितग्राही को 45 लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराई गई । द्वितीय ऋण अंतर्गत 167 हितग्राहियों को 34 लाख रूपये एवं तृतीय ऋण अंतर्गत 46 हितग्राहियों को 21 लाख रूपये का ऋण दिया गया । इस प्रकार कुल 1 करोड़ रुपए का ऋण शहरी पथ विक्रेताओं को प्रदान किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को योजना से आगे बढ़ाते हुए उन्हें स्वनिधि से समृद्ध योजना अंतर्गत हितगाही एवं परिवारजनों की सामाजिक आर्थिक प्रोफाईलिंग का कार्य किया जा रहा है जिससे हितग्राहियों को भारत शासन की 08 महत्वाकांक्षी योजना से जोड़ कर उन्हें लाभ प्रदान किया जा रहा है।

पुलिस ने नक्सलियों के डम्प किये गए हथियार सहित बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोगी के सामग्री को जब्त किया

कोंडागाँव/नवप्रदेश। नक्सलियों द्वारा डम्प किये गए सामाग्री को पुलिस ने सर्चिंग के दौरान बरामद कर जप्त किया ,थाना पुंगारपाल क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त टीम को सर्चिंग के दौरान तुमड़ीवाल के पहाड़ी जंगल से बरामद किया है।पुलिस द्वारा जिले में नक्सली उन्मूलन अभियान लगातार चलाया जा रहा है।इसी तारतम्य में दिनाँक 12 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई कि पुंगारपाल थाना क्षेत्र के ग्राम कुधुर,दीपाकोडनार,तुमड़ीवाल एवं आस पास के जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति होने की सूचना पर डीआजी एवं /बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम नक्सली गस्त व सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था ,सर्चिंग के दौरान पुलिस बल के द्वारा तुमड़ीवाल जंगल से भर मार बंदूक 14 नग,टिफिन14 नग,कुकर 2 नग, रस्सा 1 बंडल व नक्सली साहित्य सहित दैनिक उपयोग के सामाग्री बरामद कर जप्त किया है।

जब तक भत्ता नहीं दिया जाता तब तक ऑनलाइन कार्य का होगा बहिष्कार

■ **राजस्व विभाग के कामकाज पूरी तरह ठप्प**

कांकेर/नवप्रदेश। पटवारी के ऑनलाइन काम बंद को पूरे 31हो चुके है। शासन से अब तक कोई नतीजा नहीं आने के कारण पटवारियों के ऑनलाइन हड़ताल से आए दिन जनता परेशान हो रही है।राजस्व पटवारी संघ के द्वारा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से भेंट किया गया।टंकराम वर्मा के साथ राजस्व सचिव अविनाश चंपावत उपस्थित रहे परंतु दोनों ही पक्षों की तरफ से हड़ताल का गतिरोध करने संबंधी वार्ता विफल रहा ज्ञात हो कि राजस्व पटवारी संघ के द्वारा संसाधन नहीं तो काम नहीं के दर्ज पर विगत 31 दिनों से ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया गया है पटवारी के ऑनलाइन काम के बहिष्कार से जनता त्रस्त हो गई है जनता के काम नामांतरण फौती डिजिटल सिगनेचर ऑनलाइन से संबंधित जितने भी प्रकरण है सभी प्रकरण पेंडिंग पड़े हुए हैं जिससे जनता परेशान है संभाग अध्यक्ष सुधीर लकरा के द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन कार्यों के लिए शासन के द्वारा आज दिनांक तक कोई भी सुविधा पटवारी को नहीं दिया गया है पटवारी के द्वारा अपने संसाधन व अपने पैसे लगाकर शासन के ऑनलाइन कार्य को किया जा रहा है इसीलिए ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार राजस्व पटवारी संघ के द्वारा किया गया है शासन के द्वारा ऑनलाइन कार्य करवाने हेतु जब तक संसाधन या उचित भत्ता नहीं दिया जाता तब तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा

लौह नगरी बचेली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का जिला स्तरीय पथ संचलन

■ **किरंदुल, बचेली, गीदम एवं दंतेवाड़ा के सभी स्वयं सेवक पहुँचे हुये थे**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त जिला दंतेवाड़ा द्वारा मंगलवार शाम 05 बजे जिला स्तरीय पथ संचलन बचेली नगर में किया गया।प्रति वर्ष की भांति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने प्रारम्भ वर्ष 1925 से प्रमुख पर्व एवं उत्सवों के अवसर पर संघ शक्ति प्रकटीकरण हेतु संचलन आयोजित करता आ रहा है।इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दंतेवाड़ा जिले के बचेली नगर में वृहद् पथ संचलन का आयोजन आरएसएस द्वारा किया गया।प्रमुख वक्ता पूर्णेन्दु सक्सेना ने बौद्धिक में समस्त श्रोताओं को संबोधित करते हुए एकजुट रहकर राष्ट्रहित के कार्य करने को प्रेरित किया। राष्ट्र विरोधी विघटन कारी शक्तियों की चाल में ना आकर सनातनीयों को एकजुट रहने की बात कही।उन्होंने उदाहरण देकर समझाया की कभी दांतों के मध्य जिव्हा आ जाए तो हम गुस्से में दांत को उखाड़ नहीं लेते ।उसी प्रकार सम्पूर्ण राष्ट्र एक शरीर के समान हैं ।सभी के सांझा हित हैं ।

जिले के पाठकों के लिए उपहार साबित होगी सेंट्रल लायब्रेरी

कांकेर विधायक एवं कलेक्टर ने किया सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी का शुभारंभ

कांकेर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की अभिनव पहल से जिले के पुराना कचहरी प्रांगण में निःशुल्क सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जिसका शुभारंभ कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम और कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर किया।

विधायक श्री नेताम उपस्थित विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय में सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के सुधि पाठकों और उन युवाओं के लिए यह उपहार साबित होगी, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन ने क्षेत्र के पाठकों, युवाओं के लिए तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक अभिनव पहल करते हुए निशुल्क सेंट्रल लाइब्रेरी तथा ई-लाइब्रेरी की स्थापना जिला मुख्यालय कांकेर पुराना कचहरी प्रांगण कांकेर में किया गया है। इस लाइब्रेरी में लगभग 62 छात्रों की बैठक व्यवस्था की गई है। यह लाइब्रेरी प्रातः 7:00 से प्रारंभ होगी तथा रात्रि 10:00 बजे तक कुल पांच बैच में संचालित की जाएगी। लाइब्रेरी में छात्रों के लिए रिजर्व सीट एवं समयावधि अनुसार स्लॉट सेट की भी व्यवस्था की गई है। लाइब्रेरी में डिजिटल क्लासरूम तथा कंप्यूटर सेट की भी व्यवस्था की गई है जिसमें सीजीपीएससी, यूपीएससी, व्यापम, जेईई एवं नीट आदि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियमित कैरियर गाइडेंस तथा सेमिनार आयोजित किया जाएगा। यह परिसर पूर्णतः वाईफाई युक्त तथा सुरक्षा की दृष्टि से परिसर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। इस लाइब्रेरी में लगभग प्रथम चरण में 600 से अधिक उच्च स्तरीय ख्याति प्राप्त लेखकों की पुस्तकों का संग्रह संधारित किया गया है। परिसर के सामने उत्तम पार्किंग पेयजल की व्यवस्था व अन्य सुविधाएं हेतु जिला प्रशासन कार्यवाही कर रहा है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु बार कोड एवं लिंक जारी किया गया था जिसमें लगभग 1000 के आसपास छात्रों ने अपना पंजीयन कराया है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा मावा मोदोल' अंतर्गत पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था की गई है। कांकेर जिला मुख्यालय में चयनित लगभग 150 छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा भानुप्रतापपुर में 250 छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से अपील की है कि अधिक से अधिक पंजीयन कराकर इसका लाभ लेवे।

पीजी कॉलेज कांकेर के छात्र श्री कोमेन्द्र साहू ने बताया कि वे एडीईओ की तैयार कर रहे है। उन्होंने जिला प्रशासन की पहल को बहुत ही सुन्दर बताते हुए कहा कि दूरस्थ अंचल के विद्यार्थी जो यहां किराए के मकान में रहते हुए पढ़ाई कर रहे है, उनके लिए बहुंत की कारगर और उपयुक्त व्यवस्था है, जो समय का उपयोग करते हुए पीएससी व व्यापम तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर हैं, वे इस सेंट्रल लाईब्रेरी पंजीकर करा कर तैयारी कर सकते है।

शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी तक

टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने दिए शत-प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमें शिशु संरक्षण माह एवं मीजल्स-रूबेला उन्मूलन तथा नियमित टीकाकरण के संबंध में चर्चा की गई। शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने बैठक में 'शिशु संरक्षण माह' के दौरान सभी निर्धारित आयु के बच्चों के शत-प्रतिशत दवाई एवं टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिशु संरक्षण माह के सफल आयोजन एवं शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु अपने तथा अपने आस-पास के 06 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सप्ताह में दो बार तथा 09 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को विटामिन ए सिरप की खुराक देने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जिले से मीजल्स रूबेला के उन्मूलन हेतु कार्ययोजना अनुसार इसकी निगरानी में सहयोग करने तथा शिशु सरंक्षण माह के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस अहिरवार, श्री बी.एस. उईके, श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

वाल पेंटिंग के जरिए स्कूली छात्र-छात्राओं ने उकेरी यातायात नियम और कानून

■ **विधायक कलेक्टर एसपी ने बच्चों द्वारा वाल पेंटिंग की जमकर प्रशंसा**

कांकेर/नवप्रदेश। 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात जागरूकता एवं सड़क नियमों के प्रवर्तन हेतु जिला कांकेर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में यातायात शाखा कांकेर द्वारा कांकेर शहर के विभिन्न स्कूलों आत्मानंद, पैराडाइज सेंट माइकल, कन्या शाला सरस्वती शिशु मंदिर,जेपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं एवं कांकेर वालंटियर्स का इसअभियान में सहभागिता दिलाते हुए उनके द्वारा 15 जनवरी को थाना के सामने दीवारों में यातायात सम्बन्धी वॉल पेंटिंग बनवाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलिसेला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के निर्देशानुसार दीपक सॉव यातायात प्रभारी कांकेर एवं उनि रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि सतीश वर्मा महावीर मिश्रा एवं यातायात टीम कांकेर के द्वारा बच्चों द्वारा वॉल पेंटिंग के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने हेतु आम नागरिकों को जागरुक कर यातायात संदेश एवं सड़क सुरक्षा संबंधी चित्र प्रदर्शित किए गए जैसे शराब सेवन कर वाहन न चलाना, सड़क संकेत का पालन करना हेलमेट व सीटबेल्ट पहन कर वाहन चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना,तेज गति से वाहन न चलाना एवं सभी यातायात नियमो का पालन करने प्रदर्शित किया गया है, जिससे बच्चों एवं टीचरों में काफी उत्साह है इस वॉल पेंटिंग में लगभग कुल 80 स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा वॉलपेंटिंग कार्य को पूरा किया गया ।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अनुविभागवार जिले के राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारी सीमांकन तथा अनिराकृत लंबित प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण निर्धारित समय सीमा में करें। साथ ही स्कूलों में बनाए जा रहे जाति प्रमाण-पत्र के लिए मिशन मोड पर काम करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा पुराने शासकीय वाहनों के अपलेखन की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए भी निर्देश दिए।

नगरीय निकाय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन प्रभारी ने ली बैठक

■ **पालिका में हुए भ्रष्टाचार को जनता के बीच लाने की आवश्यकता : विधायक**

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति की बैठक 14 जनवरी को कमल सदन में कांकेर जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन कांकेर विधायक आशा राम नेताम, पुर्व सांसद मोहन मंडावी निवर्तमान जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत माटीयारा हलधर साहू सुमित्रा मारकोले नगरपालिका कांकेर के चुनाव प्रभारी अभिषेक शुक्ला प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपुत पुर्व विधायक शिशुपाल शोरी की गरीमामय उपस्थिती में आहूत की गई ।

इस कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए जिला संगठन प्रभारी जशवंत जैन ने कहा की पंचायत से लेकर लोकसभा तक भगवा कैसे लहराये।इस विषय पर चिंतन करनी है। चुनाव को लेकर चयन? समिति में आपेक्षित कार्यकर्ताओं की टीमों का समावेश करनी है। जिला पंचायत सदस्यों के चयन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए समाजिक समिकरण का भी विशेष ध्यान देनी है।भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन ने कहा की कांकेर जिले के नगरपालिका, नगर पंचायत के चुनाव की दृष्टि की तैयारियों को लेकर आज की यह बैठक अति महत्वपूर्ण है। बहुत जल्द नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा हो जाएगी।कांकेर विधायक आशा राम नेताम ने कहा की सरकार की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए नगरीय निकाय व पंचायतों के चुनाव में पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओं को चुनाव में विजयी बनाने के लिए तन मन धन से कार्य करनी है। इस चुनाव में सरकार की योजनाओं की जानकारी देने की आवश्यकता है। कांकेर नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जनता के बिच जाने की आवश्यकता है। अभिषेक शुक्ला ने कहा की हम लोकसभा व विधानसभा चुनाव में विजयी होते हैं, लेकिन नगरीय निकाय के चुनाव में हार जाते हैं, इस कारण को जानना आवश्यक है।हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। अध्यक्ष व पार्षद चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लेने के साथ आरक्षित सीटों के लिए आवश्यक दस्तावेज भी एक साथ लेनी है प्रवेक्षक वार्ड की वस्तु स्थिति के साथ साथ समाजिक स्थिति का अवलोकन करने की बात कही।इस बैठक में जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल बृजेश चौहान जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन देवेन्द्र भाऊ हिरा मरकाम दिपक खटवानी पचुराम नायक मोतीराम नाग संजय सिन्हा अरुण कौशिक जंयत अटभैया टेकेश्वर जैन संजु गोपाल साहू राजा पांडेय नरोतम चौहान राधेलाल नाग अनुप राठोर लोकेश्वर सेन सितम्बर कावडे संहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

17 जनवरी को होगा नए भाजपा ...

में इतिहास रचा और पूरे प्रदेश की 35 प्रतिशत आबादी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, जो भाजपा की लोकप्रियता, भाजपा के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रमाण है।

कवासी लखमा कोर्ट में ...

अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और सौम्या चौरसिया के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिसमें बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में रिश्वत, अवैध दलाली के बेहिसाब पैसे का खेल चल रहा है। महापौर ऐजाज ढेबर का भाई अनवर ढेबर का भाई अवैध वसूली के खेल में शामिल है। जिसके बाद ईडी ने 18 नवंबर, 2022 को पीएमएलएएक्ट के तहत मामला दर्ज किया. अबतक मामले में 2161 करोड़ के घोटाले की बात का कोर्ट में पेश चार्जशीट में जिक्र किया है। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, साल 2017 में आबकारी नीति में संशोधन कर सीएसएमसीएल के ज़रिये शराब बेचने का प्रावधान किया गया, लेकिन 2019 के बाद शराब घोटाले के किंगपिन अनवर ढेबर ने अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल का एमडी नियुक्त कराया, उसके बाद अधिकारी, कारोबारी, राजनैतिक रसूख वाले लोगों के सिंडिकेट के ज़रिये भ्रष्टाचार किया गया, जिससे 2161 करोड़ का घोटाला हुआ। सीएसएमसीएल

के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी मनपसंद डिस्टिलर की शराब को परमिट करते थे। देशी शराब के एक केस पर 75 रुपये कमीशन दिया जाना था, इस कमीशन की त्रिपाठी एक्सेलशीट तैयार कर अनवर ढेबर को भेजते थे । आरोप है कि अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी के सिंडिकेट ने नकली होलोग्राम लगाकर अवैध तरीके से शराब की बेधड़क बिक्री की। इससे राज्य के राजस्व को बड़ा नुकसान हुआ। आपराधिक सिंडिकेट के जरिये सीएसएमसीएल की दुकानों में सिर्फ तीन ग्रुप की शराब बेची जाती थीं, जिनमें केडिया ग्रुप की शराब 52 प्रतिशत, भाटिया ग्रुप की 30 प्रतिशत और वेलकम ग्रुप की 18 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

भारतीय महिला क्रिकेट...

वनडे करियर का यह पहला शतक है। इससे पहले अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने भी शतकीय पारी खेली थी। प्रतिका 129 गेंदों पर 20 चौकों और एक छक्के की मदद से 154 रन बनाकर आउट हुईं। भारत के लिए मंधाना और प्रतिका के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 42 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन की पारी खेली। इनके अलावा तेजल हसबनिस ने 28 रन और हरलीन देओल ने 15 रन बनाए। दीप्ति शर्मा 11 और जेमिमा रोड्रिग्ज चार बनाकर नाबाद रहे। आयरलैंड की ओर से ओरला प्रेंडरगास्ट ने दो विकेट झटके, जबकि आरलेने केली, फ्रेया सरगेंट और जॉर्जिना डेंपसे को एक-एक विकेट मिला।

भारत को स्मृति मंधाना के रूप में पहला झटका लगा जो शतक लगाकर आउट हुईं। ओरला प्रेंडरगास्ट ने मंधाना को आउट कर टीम को सफलता दिलाई। मंधाना 80 गेंदों पर 12 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रन बनाकर आउट हुईं। इसके साथ ही मंधाना और प्रतिका रावल के बीच पहले विकेट के लिए 233 रनों की साझेदारी का अंत हो गया। भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज मंधाना ने शतकीय पारी खेली। मंधाना ने महज 70 गेंदों पर शतक लगाया जो भारत के लिए महिला क्रिकेट में किसी बल्लेबाज द्वारा लगाया सबसे तेज शतक है। मंधाना ने इस मामले में हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ87 गेंदों पर शतक जमाया था।

गुरु घांसीदास विवि के दीक्षांत समारोह ...

उपराष्ट्रपति के साथ मुख्यमंत्री और राज्यपाल का नाम तो था लेकिन केंद्रीय राज्य मंत्री और डिप्टी सीएम तथा स्थानीय भाजपा जन प्रतिनिधियों के नाम नहीं थे। उपराष्ट्रपति तथा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ मंच पर स्थानीय सांसद और विधायकों को जगह नहीं मिलने से विश्वविद्यालय प्रबंधन की किरकिरी हुई थी। और केंद्रीय राज्य मंत्री ने नाराजगी भी जताई थी और यह मामला दिल्ली तक पहुंचा। हालांकि विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा इसके पहले भी स्थानीय भाजपा नेताओं की उपेक्षा की गई थी। आज उपराष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में 1 घंटे तक थे अपने निर्धारित समय पर वह 3:00 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंच गए थे। रायपुर में मुख्यमंत्री तथा राज्य शासन के मंत्रिमंडल ने उनकी अगवानी की बिलासपुर के हेलीपैड में विधायक अमर अग्रवाल धरमलाल कौशिक धर्मजीत सिंह सुशांत शुक्ला, केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक चक्रवाल तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। दीक्षांत समारोह में पदक बांटने के बाद 4 42 बजे उपराष्ट्रपति विश्वविद्यालय से रवाना हुए उनके साथ राज्यपाल रमन डेका तथा केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी रायपुर के लिए रवाना हो गए। तोखन साहू उपराष्ट्रपति के साथ दिल्ली जाएंगे।

नये कांग्रेस मुख्यालय ...

उद्घाटन होने के बाद यहां से पार्टी का संचालन शुरू हो गया है और बताया जा रहा है कि मार्च के आखिर तक कांग्रेस पार्टी का मुख्यालय यहां से काम करना शुरू कर देगा।

कांग्रेस ने नये भवन के उद्घाटन समारोह में पार्टी ने 400 से अधिक शीर्ष नेताओं को आमंत्रित किया है जिनमें पार्टी के सभी सांसद, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दलों के नेता तथा कांग्रेस कार्य समिति के सभी सदस्य शामिल हैं।

इस बीच पार्टी ने अपने नये मुख्यालय इंदिरा भवन को लेकर ट्वीट किया, लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, धर्म निरपेक्षता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की नींव पर बना कांग्रेस का नया मुख्यालय। कांग्रेस के 140 साल पुराने गौरवशाली इतिहास को खुद में संजोए, यहां की दीवारें सत्य, अहिंसा, त्याग, संघर्ष और देश प्रेम की महागाथा बयां कर रही हैं। कांग्रेस एक नई ऊर्जा, एक नए संकल्प और एक नए विश्वास के साथ भारत के उज्ज्वल भविष्य को गढने़, लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और न्याय का परचम लहराने के लिए तैयार है।

सटोरियों का मुख्य सरगना ...

कुमार सोनी को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे क्रिकेट मैचों पर रुपए पैसे का दांव लगाकर ऑनलाइन सट्टा खेला रहे थे। आरोपियों ने बताया कि वे सुधीर गुप्ता के साथ मिलकर सट्टा खेलवाते थे और ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म में जीत-हार का हिसाब रखते थे।

कार्यालय नगर पंचायत कुसमी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./स्था./न.प./2024-25 कुसमी, दिनांक 15.01.2025

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत कुसमी में अधोसंरचना मद अंतर्गत एकीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन/सड़क एस.ओ.आर., एवं पी.एच.ई./इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर. से प्रभावशील निविदा प्रपत्र (ए) एवं (ए,बी,सी) में वर्तमान संशोधन से कम/अधिक, प्रतिशत/आईटम दर पर मुहरबंद लिफाफे में तीन लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - **22.01.2025 समय 3.00 बजे तक**
2. परीक्षण पश्चात् निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक व समय - **29.01.2025 समय 4.00 बजे तक**
3. स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने का दिनांक - **05.02.2025 समय 3.00 बजे तक**
4. निविदा खुलने का दिनांक व समय - **05.02.2025 समय 4.00 बजे**

उपरोक्तानुसार कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य भार्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत कुसमी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट में www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

शहर को स्वच्द एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें

स्वच्छ नगर, स्वच्छ कुसमी
सम्पूर्ण कर समय पर अदा करें

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुसमी
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

गतका संघ की बैठक संपन्न

भिलाई। गुरुद्वारा हाल सुपेला में गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया। बैठक में छग राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप, छग गतका एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन, जोन अध्यक्षों की नियुक्ति, उप समितियों का गठन रैफरी कौंसिल का गठन, खिलाड़ियों, रैफरी कोच के लिए समर कैंप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, बेमेतरा, भाटपारा, मुंगेली, पेंड्रारोड़, सक्ती, धमतरी, सूरजपुर, अंबिकापुर के जिला गतका संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में इंदरजीत सिंघ छोटू अध्यक्ष, जसवंत सिंघ खालसा महासचिव व मलकीत सिंह लल्लू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हरपालसिंघ भामरा, जसबीर सिंघ चहल, अकलेश दुबे संरक्षक बनाए गए। पृथ्वीपाल सिंघ एसोसिएशन का मुख्य कोच बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू ने कहा कि शीघ्र ही पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी बनाई जायेगी और गतके के प्रचार प्रसार के लिए सभी जिलों के सहयोग से योजना बनाई जायेगी और छग स्टेट प्रतियोगिता होगी। जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव लोकगीत सामूहिक में कांकेर जिला को मिला प्रथम स्थान

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन खेल संचालनालय परिसर साईंस कॉलेज मैदान रायपुर में किया गया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में कांकेर जिले से 37 बालक एवं 28 बालिका कुल 65 प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया, जिसमें सामूहिक लोकगीत में कांकेर जिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके प्रतिभागी संजना पटेल, रंजीत पटेल, नीतू पटेल, कंचन पटेल, प्रतीक, सतीश, यशवंत, दीपेश कुमार रहे तथा कविता लेखन में निरंजन पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव के अवसर पर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक रायपुर, खेल एवं युवा आयोग के अध्यक्ष श्री तोमर के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं 20 हजार रूपए राशि से सम्मानित किया गया।

वर्तमान में शहर कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्वविहीन, ब्लाक अध्यक्षों का हाल बेहाल

निगम चुनाव में कांग्रेस का बंटाधार होना तय, रणनीति तय नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के चुनाव की घोषणा आने वाले दिनों में होने वाली है। भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव का सामना करने के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी भी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है लेकिन दुर्ग शहर कांग्रेस चुनाव को लेकर गंभीर नहीं हो पाई है और लड़ाई से पहले ही हथियार डालती नजर आ रही है। इससे निष्ठावान और उर्जावान कार्यकर्ता बेहद हताश और निराश है। यहां गौरतलब है कि दुर्ग शहर कांग्रेस के अध्यक्ष गया पटेल इस्तीफा दे चुके है। शहर कांग्रेस संगठन से उन्होंने लगभग किनारा कर लिया है। कभी कभार होने वाली बैठक में बुलाने पर कांग्रेस भवन आते है और फिर चले जाते है। वर्तमान में शहर कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्व विहीन है। ब्लाक अध्यक्षों का हाल भी बेहाल है। नगर निगम के चुनाव को लेकर केवल मध्य ब्लाक की तैयारी दिखाई दे रही है। मध्य ब्लाक द्वारा ही कांग्रेस भवन में बैठक लेकर अपने अंतर्गत आने वाले वार्डो के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया जा रहा है। मध्य ब्लाक ने वार्ड स्तर पर प्रभारियों की भी नियुक्ति कर दी है। लेकिन कांग्रेस के उत्तर दक्षिण पूर्व व पश्चिम ब्लाक की गतिविधि लगभग शून्य है। इन ब्लाकों की एक बार भी बैठक नहीं हुई है। वार्ड के प्रभारियों का भी कोई अता-पता

नहीं है। इन चारों ब्लाकों के अधीन वार्डो के कार्यकर्ता भारी हताश व निराश है। ऐसी स्थिति यदि लगातार बनी रही तो निगम चुनाव में कांग्रेस का बंटाधार तय है।कांग्रेस भवन में अभी तक एक बार भी बैठक लेकर कार्यकताओं को कैसे चुनाव लडना है और किस रणनीति के तहत काम करना है कोई मार्गदर्शन नहीं दिया जा रहा है। सप्ताह में एकाध बार आयोजित हो रही बैठक में केवल भाषणबाजी हो रही है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि शहर कांग्रेस के नेतृत्व विहीन होने से इसकी पूरी कमान सीधे तौर पर पूर्व कांग्रेस विधायक अरूण वोरा के हाथ में है। इससे पहले भी शहर कांग्रेस का अध्यक्ष पूर्व विधायक अरूण वोरा के इशारे पर काम करता रहा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा भी कांग्रेस को जीताना तो दूर लड़ाई के लिए भी तैयार नहीं कर पाए है। श्री वोरा कांग्रेस भवन में कांग्रेस का इतिहास बताकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का दावा कर रहे है। चुनावी रणनीति के विषय में बैठक में कोई बात नहीं कही जा रही है।

वोरा ही बांटेंगे कांग्रेस में पार्षदों की टिकट

शहर कांग्रेस में निगम चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कहा जाता रहा है कि ब्लाक अध्यक्ष वार्ड से पांच-पांच लोगों का पैनल तैयार करेगें। उसके बाद शहर कांग्रेस की समिति तीन-तीन नाम का पैनल तैयार करके प्रदेश कांग्रेस को भेजेगी और प्रदेश कांग्रेस से ही प्रत्याशी तय किए जाएगें। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि ऐसी व्यवस्था की बात कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए कही जा रही है। पूरे वार्ड के प्रत्याशियों का नाम अरूण वोरा ही फाईनल करेगें और जो भी एक नाम भेजा जाएगा प्रदेश कांग्रेस उसी नाम की घोषणा करेगी।

सीएमओ का अनूठा कदम

कुम्हारी। नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल की घोषणा की गई है। इस पहल का नेतृत्व नगर प्रशासक एसडीएम एवं सीएमओ ने किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और हरियालीयुक्त बनाना है। नपा सीएमओ नेतराम चंद्राकर ने बताया की हमारा प्रयास है कि स्वच्छता और सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से बेहतर बनाया जाए। नागरिकों की सहभागिता से एक स्वच्छ और सुंदर शहर का सपना साकार हो सकेगा। नियमित निरीक्षण हेतु सीएमओ इंजीनियर, पीआईयू,आवास प्रेरक व पालिका दल की विशेष टीम का गठन किया है। सफाई टीम वार्डों में जाकर झाड़ू, नाली सफाई कार्य करेगी। कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने हर घर से कचरा संग्रहण की नई प्रणाली शुरू की है। इसके तहत गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा।

सीसीडीए ने अधिसूचना जीएसआर 220(ई) वापस लेने उठाई आवाज

ऑनलाइन दवाई डिलीवरी से जनस्वास्थ्य को बड़ा खतरा

- **बगैर डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दर्वायों का ऑनलाइन डिलीवरी बंद हो : सचिव अग्रवाल**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए कोरोनाकाल के समय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू किए गए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) के खिलाफ लामबंद हो गया है। इस मुद्दे पर एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा प्रेसवार्ता कर अधिसूचना को वर्तमान समय में जन स्वास्थ्य की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ा खतरा बताया गया है। लिहाजा एसोसिएशन पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार से अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। चर्चा में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए के सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा है कि कोरोनाकाल में जरुरतमंद मरीजों के घरों तक ऑनलाईन दवाई उपलब्ध कराने की आपातकालीन स्थिति की आवश्यकता की पूर्ति के लिए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) लागू की गई थी, क्योंकि कोरोनाकाल में चिकित्सक भी मरीजों को आसानी से सुलभ नही होते थे। जरुरतमंद मरीजों को आसानी से दवाईयां उपलब्ध हो सके। यह अधिसूचना लागू करने का मुख्य उद्देश्य था लेकिन वर्तमान में कोरोनाकाल खत्म हो चुका है। भविष्य में कोरोना जैसी स्थिति के वापस लौटने की संभावना भी नहीं है। बावजूद यह अधिसूचना आज भी प्रभावी है। जिसका खुलकर दुरुपयोग होने के कई प्रकरण सामने आ चुके है। लोगों को बगैर डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवाईयों का ऑनलाईन डिलिवरी हो रही है। नशे में उपयोग करने के लिए भी दवाईयां लोगों को ऑनलाईन डिलिवरी के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो रही है, जबकि दवाई खरीदी के लिए डॉक्टरी पर्ची अनिवार्य है। डॉक्टरी पर्ची के समयकाल को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विशेष गाईडलाईन है। दवाई की आपूर्ति लाइसेंसधारी मरीज को उसी जिले में करवा सकता है, जहां वह खुद व्यवसाय का संचालन करता हो, लेकिन वर्तमान में दवाईयों की ऑनलाईन डिलिवरी में उक्त नियम का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जिससे प्रतिबंधित दवाईयों का व्यापार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है, जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जनहित में अधिसूचना को केन्द्र सरकार तत्काल वापस ले। सचिव अग्रवाल ने कहा है कि उक्त अधिसूचना के खिलाफ केन्द्र सरकार से चार बार पत्राचार किया जा चूका है। जिसके माध्यम से अधिसूचना के विसंगतियों की गंभीरता को अवगत कराया गया है, लेकिन केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य के सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर मौन क्यों है? यह समझ से परे है। अगर केन्द्र सरकार का यही रवैया रहा तो छग केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन सीसीडीए जल्द ही जनहित में बड़ा आंदोलन छेड़ने बाध्य होगी। दवाईयों को ड्रग कहे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि दवाई मेडिसीन होती है, जबकि ड्रग कोकीन, ब्राऊन शुगर, अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थ होती है, लेकिन जब भी पुलिस द्वारा ड्रग के खिलाफ कार्यवाही की जाती है, तो यह कहा जाता है कि नशीली दवाई पकड़ी गई है। इस बोलचाल की भाषा से समाज में दवाई विक्रेताओं के प्रति गलत धारणा बनती है। जिससे दवाई विक्रेताओं की छवि धूमिल होती है।

रौनियार वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह

बिखरे समाज की वैल्यू नहीं, एकजुटता से ही विकास संभव : गुप्ता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। रौनियार वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह अंबेडकर पार्क में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रौनियार समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक समाज की सफलता एकजुट रहने में है। बिखरे समाज की कोई वैल्यू नहीं होती। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। विजेताओं को अथितियों द्वारा सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के द्वारा रमेश गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता, रीना गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, छग प्रदेशाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, महामंत्री मनोहर गुप्ता, रायपुर से अशोक वैश्य,राजकुमार प्रसाद एवं दुर्ग-भिलाई अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अतिथियों को साल एवं शील्ड देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन वीरेंद्र गुप्ता,प्रमिला गुप्ता व आभार प्रदर्शन जगशिवा महामंत्री ने किया।

सांसद-विधायक ने 318 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर कराया गृह प्रवेश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मकर संक्रांति के अवसर पर पीएम आवास एएचपी योजना के अंतर्गत 318 हितग्राही जिनके द्वारा आबंटित मकान की पुरी किश्त जमा कर दी गई थी। ऐसे हितग्राहियो को सूर्य विहार के पीछे खम्हरिया 493 युनिट में मकान प्रदान किया गया। सांसद, विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा पहले जाकर पीएम आवास का निरीक्षण किया गया। उसके पश्चात मकान की चाबी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सांसद बघेल ने कहा कि हमे बहुत खुशी है कि आज इस पवित्र तिथि पर अपने शहर के नागरिको को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान करते हुए यह मेरे लिए बहुत शुभ अवसर है। विधायक सेन ने अपने उद्बोधन में कहा प्रधानमंत्री जी का सपना है, कि सबके पास मकान हो। जिसमें अपने परिवार सहित खुशहाल जीवन जी सकें, यह योजना सबके लिए लाभकारी है। महापौर पाल ने अपने उद्बोधन में कहा मकान प्राप्त करने के बाद चारो-तरफ स्वच्छता बनाये रखना। साफ-सफाई रखना सबका कर्तव्य है, जिससे आपकी कालोनी अच्छ कालोनी कहलाये। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि आपका अपना मकान होगा। जिस पर खुद का अधिकार होगा, आपके पास प्रमाण पत्र होगा जिससे अधिकार पूर्वक बता सकते है यह हमारा मकान है। रूखमणी देवांगन 62 वर्षीय महिला ने अपनी भावनाओ को व्यक्त करते हुए कहा किराये के मकान में हमारा दिन कट रहा था। मन में यही सपना था, कि हमारा खुद का मकान हो, मेरे नाम का मकान हो, मुझे बहुत अच्छे लोकेशन पर हमारे उम्र का खयाल रखते हुए हमे नीचे का मकान मिला है। पीएम मोदी का आभारी हुँ। इस दौरान नेताप्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन, विद्याधर देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद थे।

त्रिपाठी अध्यक्ष हेतु निर्वाचित

भिलाई। रायपुर मंडल की एकदिवसीय द्विवार्षिक आम सभा भिलाई में आयोजित हुई है। उक्त आम सभा मे मुख्य अतिथि आल इण्डिया अध्यक्ष एमविनय बाबू व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीधर, सह सचिवद्वय सरसैया एवं सत्यम पटेल मण्डलीय अध्यक्ष, सचिव संग्राम सिंह कर्चुली, अध्यक्ष सुमित राय, सचिव बिलासपुर अजय सिंह, सचिव शहडोल शुभोदीप मुखर्जी उपस्थित रहे।

छोटे ठेकेदारों को अपात्र होने की आशंका, लगाई गुहार

भिलाई। सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष के ए अब्दुल कादर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीएसपी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और प्रबंधन से तत्काल समाधान की मांग की गई। सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से बीएसपी द्वारा सभी छोटे कार्यादेश को समाप्त कर एक बड़े कार्यादेश में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। बीएसपी ने अपने हर विभाग में कार्य करने विभिन्न श्रेणी के ठेकेदार का पंजीयन किया है, जिससे कई वर्षों से कार्य कर रहे छोटे ठेकेदार अपात्र होने के कारण कार्य से वंचित हो जाएंगे। इससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा। बैठक में सदस्यों ने प्रबंधन से अपील की कि अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। सदस्यों ने मांग की कि प्रबंधन की आवश्यकता अनुसार हर कार्य समय से करने वाले समस्त ठेकेदारों का ध्यान रखते हुए श्रेणी के अनुरूप ठेकेदारों को काम दिया जाए और वर्षों से चल रही परंपरा को खत्म न किया जाए। एक अन्य मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस जांच के दौरान श्रमिकों की फोटो खींचकर ठेकेदार पर मनमाना अर्थदंड बिना किसी सूचना के लगाया जा रहा है। जिसकी जानकारी ठेकेदार को वित्त विभाग द्वारा की जा रही सीधी कटौती से मिल रही है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202501140400009/ अ-6/2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित श्रीवास्तव पिता स्व. श्याम सुन्दर श्रीवास्तव निवासी मांझापारा कांकेर, तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 13 ए, प्लाट नं. 54/2, क्षेत्रफल 140 व.मी. पक्का मकान भू भाटक 55.56 रु. स्नेहतला विधवा श्याम सुन्दर, प्रवीण कुमार, रोहित कुमार, प्रीतिबाला पिता श्यामसुन्दर नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार स्नेहतला विधवा श्यामसुन्दर की मृत्यु दिनांक 03.08.2022 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित करने तथा शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने मेंटनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, तलवाना के साथ छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड,
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
ई-मेल आई.डी-:- eewrmwh@cgwrd.in/wrdnmarwahl@gmail.com

-:निविदा निरस्तीकरण आदेश:-

आदेश क्र. 104 / व.ले.लि./2024-25 मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड दिनांक-10/01/2025

निविदा सूचना क्रमांक 11/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 16.12.2024 पकरीकछार जलाशय योजना के केचमेंट डायवर्सन तथा नहरों में चैनल निर्माण एवं सी.सी.लाईनिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रमांक 162824 को एकल निविदा आमंत्रण प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. जी- 242504625, दिनांक 17.12.2024

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

जी-242505297/8

कार्यालय नगर पालिका निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 3418/न.पा.नि./2025 रायगढ़, दिनांक 15.01.2025

// ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	164352	शहरी क्षेत्र में विभिन्न तालाबों की सफाई कार्य।	29.85	27.01.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

राज्य परियोजना कार्यालय
समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़
एकीकृत शिक्षा भवन, द्वितीय तल, बोर्ड आफिस परिसर, टैगोर नगर, पेंशनबाड़ा, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2445052
Email Id-mis.head@gmail.com, ssbalwadi@gmail.com

पत्र क्र.5363/समग्र शिक्षा/बालवाड़ी/F-01/2024-25 रायपुर, दिनांक 14/01/2025

Request for Tender (RFT) की सूचना

ECCE मद के अंतर्गत Child Friendly Furnituer-NR मद में छत्तीसगढ़ राज्य के पीएमश्री योजना के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शालाओं (बालवाड़ी) हेतु सामग्री क्रय किए जाने हेतु आनलाईन RFT आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण Govt. E Market Place (GeM) की वेबसाईट https://Gem.gov.in में उपलब्ध है।

अंतिम तिथि - 01 फरवरी 2025 निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी के लिए जेम पोर्टल का निरंतर अवलोकन करें।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

वित्त नियंत्रक
सामग्र शिक्षा
छत्तीसगढ़, रायपुर

संवाद-42781/3

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27.01.2025, 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र 164168 नि.सू.क्र. 13/वलेलि 2024-25 दिनांकः 10.01.2025	पकरीकछार जलाशय योजना के केचमेंट डायवर्सन तथा नहरों में चैनल निर्माण एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य।	रु. 263.50 लाख
सि.नि.क्र 164169 नि. सू.क्र. 14/वलेलि. 2024-25 दिनांक 10.01.2025	परासी उद्वहन सिंचाई योजना के मुख्य नहर का जीर्णोद्धार एवं सी. सी. लाईनिंग कार्य।	रू. 271.42 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.01.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः
1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
मरवाही (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-242505308/9

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक-2 बिलासपुर (छ.ग.)
(झूलेलाल धर्मशाला के बंगल में चकरभाठा केम्प जिला-बिलासपुर)
E-mail ID-ee.2bsp@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक 170/NIT-06/2024-25/SAC दिनांक 10-01-2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अतिम तिथि 20-01-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27-01-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 28-01-2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई.टी. क्र. निविदा	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि एवं बैंक साल्वेंसी (रू.में)
06 T0063	हाईकोर्ट उपसंभाग क.-2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी स्थित स्टेट बार कौसिंल भवन में रंगाई पोताई का कार्य	3.62 2715.00 54300.00
06 T0064	हाईकोर्ट उपसंभाग क.-2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी स्थित ए.डी.आर. भवन में रंगाई पोताई का कार्य	4.99 3742.00 74850.00
06 T0065	हाईकोर्ट उपसंभाग क.-2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी स्थित लो.नि.वि. कार्यालय भवन में रंगाई पोताई का कार्य	3.60 2700.00 54000.00
06 T0066	हाईकोर्ट उपसंभाग क-2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी स्थित बैरक भवन में रंगाई पोताई का कार्य	4.93 3697.00 73950.00
06 T0068	जमा मद में स्वीकृत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पडरिया तखतपुर जिला बिलासपुर का मरम्मत कार्य	7.93 5947.00 118950.00

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय बेबसाईड www. cg. nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-2
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

जी-242505304/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 184/NIT-07/2024-2025/ व. ले. लि. दिनांकः 10/01/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 21/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 24/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथिः- 27/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/निविदा आमंत्रण	कार्य की लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेसी समयावधि
1	2	3
7 T0053	पॉलिटेक्निक कॉलेज अवन कोरबा के मुख्य भवन वर्कशाप का रेनोवेशन, प्रसाधन कक्ष का उन्नयन कार्य एवं छज्जा मरम्मत कार्य प्रथम आमत्रण	13.51 10132.00 202650.00 03 माह
7 T0054	पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्य भवन में प्लिंथ प्रोटेशन एवं सेपेज फलोरिंग कार्य जिला कोरबा छ.ग. प्रथम आमंत्रण	11.43 8572.00 171450.00 03 माह
7 T0055	पॉलीटेक्निक कॉलेज के मुख्य भयन में दरवाजा एवं खिडकियों का उन्नयन कार्य जिला कोरबा छ.ग. प्रथम आमंत्रण	11.28 8460.00 169200.00 03 माह
7 T0056	पालीटेक्निक कॉलेज के मुख्य भवन में 03 कक्ष 02 कक्षों में मुडुमटी एवं प्रथम तल में स्थित ग्रंथालय कक्ष का रेनोवेशन का कार्य प्रथम आमंत्रण	18.55 13912.00 278250.00 04 माह
7 T0057	पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रावास भवन के प्रसाधन कक्ष का रेनोवेशन कार्य प्रथम आमंत्रण	13.86 10395.00 207900.00 03 माह
7 T0058	पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रावास भवन का फलोरिंग पैरापेटवाल रुप सीपेज उपचर एवं पेटिंग कार्य प्रथम आमंत्रण	13.58 10185.00 203700.00 03 माह
7 T0059	पोलीटेक्निक कॉलेज के छात्रावास भवन के दरवाजा एवं खिड़कियों को रेनोवेशन का कार्य प्रथम आमंत्रण	14.41 10807.00 216150.00 03 माह
7 T0060	डाईट भवन कोरबा में वाहनों हेतु पार्किंग शेड का निर्माण कार्य दिवतीय आमंत्रण	2.62 1965.00 39300.00 01 माह

टीपः- 1 निविदा फार्म एवं निविदा फार्म की किमत 750.00 है। 2. उक्त कार्य की निविदाकार की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' वर्ग से 'अ' वर्ग तक है। 3. ईपीएफ नम्बर उपलब्ध होने पर ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जावेगा।

निविदा संबंधी समस्त शर्ते संभागीय कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

Executive Engineer
P.W.D. Korba Div. Korba (C.G.)

जी-242505316/4

पुलिस मैदान को बनाया खुली जेल, संविधान के अनुसार मिले आरक्षण

आरक्षण मुद्दे पर सैकड़ों कांग्रेसियों ने दी गिरफ्तारी, एक घंटे में हुई रिहाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी और विजय पांडेय की अगुवाई में 2000 से अधिक लोगों के साथ सिविल लाइन थाना का घेराव कर गिरफ्तारी दी और एक घंटे में कांग्रेसियों की रिहाई भी हो गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके पहले कांग्रेस नेताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय में भाषणबाजी किया। भारी भरकम भीड़ के साथ नेहरू चौक राजेंद्र नगर चौक से होते हुए सिविल लाइन थाना पहुंचकर आरक्षण कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं ने एकजुट होकर अनुसूचित जाति जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों की कटौती का आरोप लगायाड्इस कांग्रेस नेता शैलेश पांडे, प्रमोद नायक जयंत मनहर, दिलीप लहरिया, त्रिलोक श्रीवास निर्वतमान मेयर रामशरण तैयब हुसैन लक्ष्मी नाथ साहू विनोद साहू अरविंद शुक्ला और सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुरूप आरक्षण की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के खिलाफ अन्याय किया है। त्रिस्तरीय पंचायत आरक्षण प्रक्रिया का गलत तरीके से संशोधन कर लागू किया गया है। सिविल लाइन पहुंचते ही कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने सामूहिक रूप से गिरफ्तार कर खुली जेल पुलिस लाइन मैदान में रखा। विजय केशरवानी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनाव के पहले वादा किया था कि सरकार बनते ही हम आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत कर देंगे, लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत और निकाय चुनाव आते ही प्रदेश सरकार का किया गया वादा जुमला साबित हुआ है विष्णु देव सरकार ने आरक्षण नियमों में संशोधन कर ओबीसी के अधिकारों का हनन किया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकार को छीना

पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता आरक्षण मुद्दे को लेकर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं पहले तो पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकार को छीना और अब कानूनी कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। पांडे ने कहा कि ना हम किसी पर आरोप लगा रहे हैं और ना ही हम अत्याचार सहने को तैयार है। हमारी मांग है कि भारतीय संविधान में दिए गए संपूर्ण अधिकार सबको प्राप्त हो ऐ एसटी एससी ओबीसी और स सामान्य वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शैलेश पांडे ने बताया इसके पीछे की मुख्य वजह सरकार जनता के आक्रोश से डर चुकी है यही कारण है कि बेवजह आरक्षण प्रक्रिया में संशोधन कर विपक्ष को प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन हम हार मानने वालों में से नहीं है।

कांग्रेस भवन से निकली रैली

सभी कांग्रेस नेता जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाल कर सिविल लाइन थाना पहुंचे। साथ ही युवा वर्ग ने मोटरसाइकिल निकालकर अन्य पिछड़ा वर्ग और आरक्षण में किए गए घोटाले को संविधान विरोधी बताया। विजय केसरवानी और विजय पांडेय ने बताया कि लगभग 2000 से अधिक लोगों ने गिरफ्तारी दिया है। प्रदेश कांग्रेस के आदेश अनुसार सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ स्तर गिरफ्तारी दिया है। यदि सरकार अपनी आदतों से बाज नहीं आती है तो अन्य पिछड़ा वर्ग, एसटी,एससी या सामान्य वर्ग के अधिकारों से घोटाला किया गया तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

सिंधी एकता दिवस पर संतों का हुआ सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी एकता दिवस के अवसर पर चकरभाटा कैंम्प में थल्दा दरबार बड़ौदा बडौदा (गुजरात) के शिरोमणि संत स्वामी वासदेव साहब की प्रवचन एवं अखंड पाठशाला भजन कीर्तन का आयोजन में बिलासपुर सिंधी युवक समिति के पदाधिकारीयों का सम्मान किया गया। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार एकता और सामाजिक समरसता का संदेश - सिंधी एकता दिवस के अवसर पर पूज्य सिंधी जनरल पंचायत चकरभाठा कैंम्प में संत शिरोमणि स्वामी वासदेव साहिब एवं संत शिरोमणि सुंदरदास साहिब का प्रवचन एवं अखंड पाठ साहब ,भजन कीर्तन का भव्य आयोजन संपन्न के दौरान बिलासपुर सिंधी युवक समिति के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

एटीएम सहित अन्य सुविधाएं मिलने से किसान खुश

समय पर भुगतान व किसान हितैषी योजनाओं से किसानों के जीवन में आ रही खुशहाली

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। शीघ्र टोकन कटने, माईक्रो एटीएम की सुविधा और केंद्रों में सभी सुविधाएं मिलने से किसान खुश हैं। रानीगांव सेवा सहकारी समिति केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसानों ने खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था, समय पर भुगतान और किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

कोटा ब्लॉक के रानीगांव धान उपार्जन केन्द्र में धान बेचने पहुंचे ग्राम कलमीटार के किसान ऋषि कुमार मानिकपुरी ने बताया कि वे 35 क्विंटल धान बेचने केंद्र आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने से किसानों को लाभ मिल रहा है। साथ ही किसान

केंद्र में 45 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

समिति प्रबंधक महेंद्र मणि देवांगन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्र में अब तक लगभग 45 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है जिसमें 34 हजार 240 क्विंटल धान का परिदान किया जा चुका है। शेष 9130 क्विंटल धान का शीघ्र उठाव कर संग्रहण केन्द्रों में पहुँचाने की भी त्वरित व्यवस्था की जा रही है। प्रबंधक ने बताया कि किसानों को तीन दिनों के भीतर भुगतान किया जा रहा है।

सम्मान निधि से मिलने वाली राशि से भी समय समय पर खेती कार्य के लिए मदद मिल जाती है। ग्राम पचरा के किसान मथुरा प्रसाद साहू ने बताया कि वे 60 क्विंटल धान बेचने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए धान खरीदी केंद्रों में सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। सरकार द्वारा संवदेनशील पहल करते हुए किसानों को समय पर राशि का भुगतान किया जा रहा है जिससे किसानों को राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से किसान आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। चपोरा उपकेंद्र में धान बेचने पहुंचे ग्राम पचरा के किसान शिव शंकर जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में चलाए जा रहे विभिन्न योजनों से खुश है सभी योजनाएं किसानों के हित में है।

परसदा वेद में स्कूल में विवेकानंद जयंती मना

मस्तूरी/नवप्रदेश। डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, परसदा वेद मस्तूरी में आज स्वामी विवेकानंद जयंती, लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरा के अनुसार हवन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को जागृत करना था। इसके पश्चात, लोहड़ी पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ लोहड़ी की आग के चारों ओर घेरा बनाकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में पारंपरिक गीत-संगीत ने उत्सव का माहौल और भी जीवंत कर दिया। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पतंगबाजी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर उत्साह के साथ भाग लिया। आसमान में रंग-

बिरंगी पतंगों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति के महत्व को समझाने के साथ साथ सामूहिकता और सद्भावना का संदेश दिया। इस आयोजन ने सभी को भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने इस दिन को यादगार बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोरबा जिले के विकासखंड पौड़ी उपरोड़ा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जटगा मैं पदस्थ पीतांबर पटेल प्रभारी प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के आदेश दिनांक 29/11/2024 के तहत हटाकर उनके स्थान पर प्रभारी प्राचार्य का दायित्व उनके जूनियर तारा सिंह व्याख्याता को दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है याचिकाकर्ता पीतांबर पटेल वर्ष 2021 से प्रभारी प्राचार्य के पद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जटगा मैं कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे थे, कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में विषय व्याख्याता की विभागीय समीक्षा बैठक में प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम औसत परीक्षा परिणाम से कम होने के कारण, प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जटगा को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो

शासन के सर्कुलर का उल्लंघन

जूनियर को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व देना छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सर्कुलर 16 मई 2012 का उल्लंघन है। प्रशासनिक विभाग में वरिष्ठ पद पर चालू प्रभार सौंपने हेतु वरिष्ठता सह योग्यता के मापदंड को अपनाने तथा वरिष्ठता क्रम में ऊपर के अधिकारियों को प्रभार दिए जाने के संबंध में जारी निर्देश का पालन करने के आदेश जारी किया गया है। कोर्ट ने जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश 29 नवंबर 2024 पर रोक लगाते हुए याचिकाकर्ता पीतांबर पटेल को प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने हेतु आदेशित किया एवं सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

दिवस के भीतर स्पष्टीकरण की मांग की गई। तत्पश्चात 29 नवंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के आदेश द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जटगा का प्रभारी प्राचार्य का दायित्व तारा सिंह व्याख्याता को दिया गया। इसके खिलाफ पीतांबर पटेल द्वारा अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और अपूर्वा पांडे के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। न्यायमूर्ति ए.के. प्रसाद की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई।

मरार गली से निकली कलश यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छेरछेरा शाकम्भरी पर्व मगरपारा बजरंग पंचायत मंदिर दुर्गा पंडाल के सामने कलश यात्रा के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर के सांसद और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल नगर विधायक अमर अग्रवाल कार्यक्रम के अध्यक्ष छेदी पटेल, जिला सचिव श्याम कार्तिक पटेल जिला मीडिया प्रभारी शिव पटेल मनीष पटेल प्रशांत पटेल नारायण पटेल आदि मौजूद थे।

खेलने से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकासः सुशांत

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा नगर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु एवं क्रिकेट के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को तलाश करने के उद्देश्य से स्वर्गीय वी. डी. एवं ए. डी .आवटी की स्मृति में अंडर 16 जिला स्तरीय अंतर शालेय ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आधारशीला विद्या मंदिर कोनी में किया जा रहा जिसका रंगारंग शुभारंभ मंगलवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुशांत शुक्ला, विधायक, बेलतरा विधानसभा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी व डॉ अजय श्रीवास्तव चेयरमैन आधारशिला विद्यामंदिर एवं नारायण आवटी थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया ने दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला ने अपने उद्बोधन भाषण में कहा कि खेलने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और क्रिकेट के क्षेत्र में यदि आप अच्छे से खेलोगे तो विराट कोहली

के जैसे नाम एवं शोहरत, दौलत कमा सकते हो। मैं ये उम्मीद करता हूं कि बिलासपुर से भी के बच्चे इसी प्रकार आगे बढ़ेंगे और अपना नाम रोशन करेंगे इसके पश्चात् छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा की क्रिकेट संघ छत्तीसगढ़ ने स्कूल के बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में ड्यूज़ बाल क्रिकेट प्रतियोगिता करा रहा है ताकि स्कूल से नई प्रतिभाएं सामने आए जो आगे चलकर राज्य एवं राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करें। कार्यक्रम के समापन में सभी अतिथियों का अभार संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल ने किया।

'यातायात जागरुकता अभियान, बिना हेलमेट प्रवेश नहीं'

सीपत/नवप्रदेश। रजनेश सिंह पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के दिशा निर्देश पर बिलासपुर पुलिस के तत्वावधान में आयोजित 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जानकारी देते हुए डीएसपी ट्रैफिक शिवचरण सिंह परिहार ने बताया कि एनटीपीसी सीपत में यातायात जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन जिला रोड सेफ्टी सेल बिलासपुर की यातायात टीम जिसमें एक्सपर्ट ट्रेनर उमाशंकर पांडे प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, जावेद अली अन्य स्टाफ द्वारा एनटीपीसी के वाहन चालक, अधिकारी,

सड़क सुरक्षा माह में यातायात जागरूकता कार्यक्रम

कर्मचारी को सेक्रेटरी ट्रेनिंग हाल में कार्यशाला का आयोजित किया गया था। कार्यशाला में द्वारा पीपीटी के माध्यम से यातायात संबंधी स्लाइड दिखाया गया। इस दौरान यातायात क्या है, पैदल चलने के नियम, सड़क पर शामिल होने के नियम, सड़क पर खड़े होने के नियम, ट्रैफिक इंजीनियरिंग, ट्रैफिक एजूकेशन, ट्रैफिक इंफोर्समेंट, यातायात संकेत, पुलिस मैनुअल संकेत, इलेक्ट्रिक सिग्नल, दुर्घटना के कारण एवं बचाए के उपाय, गुड सेमीरिटर्न के कानून प्रावधान एवं मोटर व्हीकल एक्ट की विस्तृत जानकारी बताई गई। कार्यशाला में उमाशंकर पांडे एक्सपर्ट ट्रैफिक एजूकेशन टीचर ने ट्रैफिक की बारीकी से जानकारी दी वहीं प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा निर्मित यातायात शिक्षा संबंधी पैरोडी गीत की प्रस्तुति भी दी गई, जिसके माध्यम से सभी को दुर्घटना और जीवन के महत्व को बताया गया जिसको सभी ने आत्मसात किया। एनटीपीसी सीपत में आयोजित इस यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम को दो सेशन में चलाया गया कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियम के पालन संबंधी शपथ दिलाई गई।

रविंद्र सिंह ने दान केंद्र का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य व पार्षद रविंद्र सिंह ने श्रीकांत वर्मा मार्ग सांई मंदिर के पास वनवासी विकास समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लगाए गए दान केंद्र का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किये। दान के इस महापर्व मकर संक्रांति के अवसर पर हिंदू समाज के द्वारा दान निकालने की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। समाज द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर दिया जाने वाला दान वास्तव में यदि समाज के जरूरतमंदों के पास पहुंचे तो ऐसे दिए जाने वाले दान का महत्त्व और उसकी उपयोगिता कई गुना बढ़ जाती है। ऐसा ही विचार रखकर वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ के द्वारा पूरे प्रांत में मकर संक्रांति के अवसर पर दान का संग्रहण किया जाता है।

आयोजन

वार्षिकोत्सव में मदनलाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अंचल के विद्यार्थी प्रतिभावान, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में प्रदेश में बनाई अलग पहचानः लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत के वार्षिकोत्सव में बुधवार को विद्यार्थियों ने लोकसंस्कृति की छटा बिखेरी। दीप प्रज्ज्वलन के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि यहां के बच्चे टैलेंडड है। शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में सीपत कॉलेज की प्रदेश में एक ही अलग ही पहचान है। उन्होंने कहा कि आप भले ही एक रोटी कम खाएं लेकिन शिक्षा ग्रहण करने जरूर करें। श्री लहरिया ने कॉलेज को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं जनभागीदारी समिति के

अध्यक्ष नूरी कौशिल , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेन्द्र धीवर, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलेन्द्र कौशिल, जिला पंचायत सदस्य राहुल सोनवानी, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, शहीद विनोद के पिता उमाशंकर कौशिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, रामकृष्ण पाटनवार, विधायक प्रतिनिधि जनभागीदारी समिति के वीरेन्द्र सूर्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने की। इसके बाद महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो शत्रुहन धृतलहरे व आभार प्रो नीना वखारिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों, स्वयंसेवको का विशेष योगदान रहा।

विद्यार्थी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ें : धीवर

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सरपंच राजेंद्र धीवर ने छात्रो को कहा कि आप लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े और माता पिता के सपनो को पूरा करे। हमेशा गुरुओं का सम्मान करें। जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने में कोई कसर न छोड़ें। शिक्षा ही विकसित समाज की धुरी है। विद्यार्थी शिक्षा के साथ संस्कार पर भी ध्यान दें। केंद्र व प्रदेश सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने हर स्तर पर कटिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में हुआ बंग समाज का गठन

गौरेला पेंड्रा मरवाही। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर नर्मदा अंचल क्षेत्र के 250 से ज्यादा बंग समाज के लोग जुड़े, इसके बाद कार्यक्रम में आगे बढ़ते हुए, स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर फूल माला अर्पण कर जयंती मनाई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी बंग समाज के लोगों ने एक दूसरे का परिचय जाना, इसके बाद छोटे-छोटे बाल कलाकारों के साथ बंग समाज के कुछ वरिष्ठ लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बंगाली संस्कृति की छटा बिखेरी। आयोजन में साहित्यकार व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त लेखक प्रतिभू बनर्जी ने शिरकत की इसके बाद सर्वसम्मति से संगठन बनाई गई जिसमें डॉक्टर सुकांत विश्वास को अध्यक्ष डॉ प्रतिभू बनर्जी उपाध्यक्ष, सुबीर चौधरी सचिव पियूष चौधरी कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी का चयन कर नर्मदांचल बंग समाज संगठन बनाया गया।

छात्रों के बनाए माडल को शिक्षकों ने सराहा

पेंड्रा/नवप्रदेश। अमिता शिक्षा निकेतन हाईस्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला आयोजित किया गया। इसमें माडल को देखकर मुख्य अतिथि सुधात्मा नंद एवं शिक्षकों ने सराहा। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा आनंद मेला एवं विज्ञान प्रशनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। प्राचार्य पार्थ चट्टोपाध्याय, उप प्रधानाचार्य मोना चट्टोपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया। कार्यक्रम में 60 विज्ञान के माडल प्रदर्शित किए गए। छोटे-छोटे छात्रों से लेकर सभी ने अपनी रुचि दिखाई और एक से बढ़कर एक माडल बनाए। इसी प्रकार से आनंद मेले में 50 विभिन्न प्रकार के व्यंजन के स्टाल लगे जिसका लुत्फ छात्रों ने लिए। आनंद मेले की निर्णायक स्मिता गोवर्धन और ज्योति दुबे ने छात्रों के प्रयास को सराहा। इसके साथ ही विज्ञान माडल के निर्णायक ऋषि मिश्रा और वनमाली प्रसाद वासुदेव ने छात्रों को बाल विज्ञानी बताया। कार्यक्रम में मुकेश दुबे, बृजराज सिंह राठौड़, संतोष तिवारी, रानू नामदेव, राखी सिंह गहलोत, मनोरमा गुप्ता, उमा कोसले, लता श्रीवास, बबीता, गायत्री, पूजा गौतम, रूबी, कौशल्या, पूजा सहित बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की पहली बैठक

भाजपा के ऊर्जावान व कर्मठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही छग में भाजपा की सरकार बनी

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की पहली बैठक हुई। जिसमें निकाय चुनावों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं निवर्तमान हुए जिलाध्यक्ष व मण्डल अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह देकर विधायक द्वय पुन्नूलाल मोहले व धरमलाल कौशिक के हाथों सम्मान किया गया।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में नये जिलाध्यक्ष नियुक्ति के बाद प्रथम जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के ऊर्जावान व कर्मठ कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व प्रयास से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। देवतुल्य कार्यकर्ताओं की सतत सक्रियता का सुखद परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को उखाड़ फेंका और भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। आसन्न नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ भाजपा की जीत का परचम लहराने के लिये दिनरात कार्य करना है। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हो चुकी है, उनके तमाम फर्जी हथकण्डे जनता समझ चुकी है। सिवाय भ्रम फैलाने व झूठ गढ़ने के अलावा कांग्रेस का कोई काम नहीं रह गया। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा जोरदार जीत दर्ज करेगी। नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ

केशरवानी ने कहा कि बूथ स्तर का सामान्य कार्यकर्ता संगठन के जिला अध्यक्ष पद पर आसीन हो सकता है, यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। श्री केशरवानी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की विजय स्थापित करने के लिये समस्त कार्यकर्ता संकल्प लेकर कार्य करेंगे। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि मुंगेली भाजपा संगठन का नाम देश व प्रदेश में यहां के जीवट कार्यकर्ताओं के बदौलत है जो विपक्ष में रहते हुए सत्तारूढ़ कांग्रेस को जिला में कांग्रेस विहीन कर दिया था।

पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से निकाय चुनावों में भारी बहुमत से सभी पदों में भाजपा कार्यकर्ताओं को जिताने की अपील की। इससे पूर्व निवर्तमान जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक तथा जिले के 9 मण्डल अध्यक्षों राणा प्रताप सिंह मुंगेली नगर, शंकर सिंह मुंगेली ग्रामीण, सोम वैष्णव सेतगंगा, नरेश पटेल जरहागांव, दिनेश साहू लोरमी उत्तर, महाजन जायसवाल गोड़खामही, प्रदीप मिश्रा देवरहट, हरिशंकर वर्मा पथरिया, कैलाश सिंह ठाकुर सरगांव मण्डल अध्यक्ष का विधायक द्वय धरमलाल कौशिक व पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू व जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री गुरमीत सलुजा और आभार प्रदर्शन जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण उपस्थित रहे।

9 वर्ष तक के बच्चों का हिंदू धर्म संस्कृति परिधान में फैंसी ड्रेस स्पर्धा

ऑनलाइन रंगोली स्पर्धा में 400 लोगों ने लिया था हिस्सा, साधना सिंह रही प्रथम

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रीराम प्रभात फेरी समिति द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर श्रीराम कुटीर भवन का शुभारंभ किया गया। सुबह से श्रीराम कुटीर में पूजा व कथा का आयोजन दोपहर 12 बजे तक किया गया। तत्पश्चात मुगेली नगर के सभी महिला रामायण व भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन व सभी का सम्मान श्रीराम प्रभात फेरी के द्वारा किया गया। साथ ही 9 वर्ष तक के बच्चों का हिंदू धर्म संस्कृति परिधान में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान तृषा सिंह ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर मीत सोलंकी रहे और तीसरे स्थान पर आर्य वेद सिंह ने प्राप्त किया। वह सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साथ ही दीपावली के शुभ अवसर पर ऑनलाइन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन श्रीराम प्रभात फेरी के द्वारा किया गया था जिसका

पुरस्कार दिया गया। ऑनलाइन रंगोली प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 3500 नगद वह शील्ड साधना सिंह ने प्राप्त किया। द्वितीय प्रिया सिंह 2500 व शील्ड तृतीय सिद्धि जायसवाल ने 1500 वह शील्ड और 60 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कुल 400 प्रतिभागी रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहल्ले, नगर पालिका के अध्यक्ष संतुलन सोनकर, जिला अध्यक्ष भारती जनता पार्टी दीनानाथ केशरवानी, मोहन मल्लाह, राजकुमार वाधवा, शैलेश पाठक, मोहन भोजवानी, सौरभ बाजपेई, अरविंद वैष्णव, अमितेश आर्य, मनीष वाधवा, संजय यादव सूरज यादव, कैलाश रोहरा, मुकेश रोहरा, संजय चंदेल, जितेंद्र दावड़ा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संयोजक राजू सोनकर, अध्यक्ष रघुवंश परिहार, सचिव रविराज सिंह, कोषाध्यक्ष गणपति देवांगन, मुकेश उप्पल, देवी प्रसाद सोलंकी, सुलटू देवांगन, रामाधार देवांगन, सुरेश सिंह, संतोष जायसवाल, नंदकिशोर, सलिल, मनमोहन, महेंद्र ठाकुर, रमेश देवांगन, बलराम भोई, होरीलाल शर्मा, दिनेश देवांगन, सागर सिंह, पंकज सोनी, प्रदीप गजानन, रूद्र तंबोली, परमानंद नीरज ठाकुर, लक्ष्मीनारायण लुकराम, मुकेश, जयराम, राहुल, रामनाथ, बालमुकुंद, विष्णु राम, राजू सिंह, संजू सोनी, चंद्रशेखर, दादू, करण, विक्रम, अशोक, शैलेंद्र, नर्सिंग, दुर्गा, कुमारी आदि उपस्थित रहे।

कड़ाके की ठंड से कांपा जीपीएम, कोहरे और शीतलहर का कहर जारी

पेंड्रा/नवप्रदेश। पेंड्रा, गौरेला, और मरवाही इलाके में ठंड ने अपने तेवर कड़े कर दिए हैं। घने कोहरे और शीतलहर ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है।

ऐसे में ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और गर्म चाय का सहारा ले रहे हैं। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी का असर इस इलाके में भी देखने को मिल रहा है। ठंडी हवाओं और घने कोहरे ने जनजीवन को मुश्किल कर दिया है। सुबह से ही इलाके में कोहरा छाया हुआ है, जिससे वाहन चालकों को लाइट जलाकर धीमी गति में सफर करना पड़ रहा है। प्रशासन ने स्कूली बच्चों के समय में बदलाव कर ठंड से राहत देने की कोशिश तो की है, लेकिन चौक-चौराहों पर अलाव की कोई व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। लोग दिन के समय भी गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, चाय की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान के 4-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की आशंका जताई है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और ठंड से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है।

सेतगंगा टीम ने जीता खिताब

मुंगेली/नवप्रदेश। क्रिकेट मैच अनिश्चितताओं का खेल है। अच्छी से अच्छी से टीम छोटी-छोटी गलतियों के कारण खेल में पराजित हो जाती है। आयोजन के लिये सबसे पहले मैं समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

उक्त बातें श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा के महंत राधेश्यामदास ने फाइनल मैच के समापन के दौरान कहीं। सोमवार को ग्राम सेतगंगा, मुंगेली स्थित श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में गली क्रिकेट प्रतियोगिता स्व. सुनील चौहान की स्मृति में 15 दिनों तक किया गया। फाइनल मैच का मुकाबला सेतगंगा और मौहार के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर सेतगंगा टीम नें मौहार टीम को पहले बैटिंग का न्यौता दिया। मौहार की टीम ने 7 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सेतगंगा टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाकर खिताब को अपने नाम किया। आशुतोष जायसवाल को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सिरिज कमल लोचन टोण्डर को ट्रॉफी से नवाजा गया व दिनेश चौहान टूर्नामेंट के सर्वोच्च गेंदबाज रहे। सेतगंगा टीम के कप्तान आशुतोष जायसवाल

को आयोजन समिति के मुख्य अतिथि महंत राधेश्याम दास, बोगी बारमते, नरेन्द्र जायसवाल, कन्हैया गुप्ता, किशन गुप्ता, जलेश श्रीवास, स्वराज क्लाडियश, अभिनव मशीह, रामकान्त जायसवाल, संतोष देवांगन, विवेक जायसवाल, ठा. भागीरथी सिंह ने 15000 रूपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं उप विजेता टीम के कप्तान मिथून को 7100 रूपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कमेंटेटर अभिषेक जायसवाल, राकेश सोनी ने अपने उद्?घोष से लोगों का मन मोह लिया। स्कोरर बलराम देवांगन, मोंटू जायसवाल, रुजत सिंह, रेफरी अमित आहिरे, रोशन टोण्डर, ईश्वर टोण्डर, हनुमान श्रीवास ने 15 दिनों के भीतर 32 टीमों के निर्णयाक का कार्य किये। आयोजन समिति ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कमल लोचन टोण्डर, आशुतोष जायसवाल, मोंटू जायसवाल, शिवराज सिंह परिहार, बलराम देवांगन, ईश्वर टोण्डर, हनुमान श्रीवास, गजराज देवांगन, दिनेश चौहान, जितेश चौहान, समीर श्रीवास, राजा ठाकुर, विशेक देवांगन, सुभाष श्रीवास, अमित देवांगन, बांके बिहारी चौहान, सोमु देवांगन, रामू, होमेश, हरिश चौहान मौजूद रहे।

आज होगा 366 जोड़ों का सामूहिक विवाह

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आज प्रातः 11:00 बजे से अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज के हॉकी स्टेडियम में होगा। इस अवसर पर 366 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह की अध्यक्षता सांसद सरगुजा चिंतामणी महाराज करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के विधायक प्रबोध मिंज, जिला पंचायत सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह एवं सभापति महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य समिति सरला सिंह शामिल होंगे।

स्टार्स ऑफटुमारो वेलफेयर सोसायटी ने किया पतंगबाजी स्पर्धा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली के द्वारा पतंगबाजी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूसरे शहर के प्रतिभागियों ने भी सहभागीता निभाई। मुंगेली के साथ ही पंडरिया, लोरमी से पहुंचे पतंगबाजों ने भी अपने पतंग का करतब दिखाया। शहीद वीर नारायण सिंह मैदान पर सायं 4 बजे से पतंगबाजी प्रतियोगिता आरंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक पतंगबाजों ने हिस्सा लिया और अपने पतंगबाजी के माध्यम से दिल जीत लिया। मैदान के बाहर सैकड़ों दर्शक ताली बजाकर उत्साह बढ़ाते रहें और आसमान की ओर सिर करके पतंगबाजी का आनंद लेते रहे। इस अवसर पर संस्था के संयोजक रामपाल सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता पांचवें वर्ष हो रहा है और लगातार वर्ष दर वर्ष पतंगबाजों की संख्या बढ़ते जा रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि लोगों को यह आयोजन अच्छा लग रहा है। पतंगबाजी प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में उपस्थित जिले के पत्रकारों ने भी अपने अपने विचार आयोजन के संदर्भ में रखे और शहर के लिए नया कार्यक्रम बताते हुवे आयोजक संस्था स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी को बधाई दी। पतंगबाजी प्रतियोगिता में आयुष देवांगन ने प्रथम, रौनक दरड़ा ने द्वितीय और प्रीत देवांगन ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस आयोजन में डिजाइनर पतंगबाज के रूप में रोशन साहू, सीनियर पतंगबाजी के रूप में राज व जूनियर पतंगबाज के रूप में सागर साहू का चयन किया गया। विजेता सभी प्रतिभागियों को सम्मान राशि के साथ मुख्य अतिथि के हाथों से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। पतंग महोत्सव में वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पाठक, सुशील शुक्ला, जयकुमार ताम्रकार, प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक अशोक गुप्ता, विनोद राय, निखलेश लाल, अलीम मिर्जा, नीलकमल सिंह, आनंद गुप्ता अथिति के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक रामपाल सिंह ने और आभार प्रदर्शन सह संयोजक रामशरण यादव ने किया।

मकरसंक्रांति पर जरूरतमंदों को कराया भोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति पर्व पूरे आस्था के साथ मनाया गया। मकर संक्रांति हिन्दू धर्म का एक प्रमुख पर्व है। मान्यता है कि भगवान सूर्य जब दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं अर्थात कर्क राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब यह पर्व मनाई जाती है। मकर संक्रांति मनाये जाने की प्रथा युग युगान्तर से रही है। इस अवसर पर गंगा स्नान दान जप हवन पूजन करने के साथ तील गुड़ तथा खिचड़ी खाना शुभकारी पुण्य दायी माना गया है। नर सेवा ही नारायण सेवा है मकर संक्रांति पर विधायक राजेश

अग्रवाल के निज निवास लखनपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति जरूरतमंदो को भोजन तथा गरम कपड़े बांटे गये। इस मौके पर विधायक राजेश अग्रवाल विजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल राकेश अग्रवाल,सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल तथा परिवार के अन्य सदस्य इस पुनीत कार्य में सहभागी रहे। भोजन कपड़ा बांटने के क्रम में नगर लखनपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी जय दुर्गा राइस मिल के मालिक अनील अग्रवाल, हरविंद अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, एवं पूरे परिवार ने जरूरतमंदो को ससम्मान भोजन कराया तथा साल, स्वेटर कम्बल गरम कपड़े बांटे। दानशीलता के लिए जय दुर्गा परिवार क्षेत्र में काफी चर्चित रहे हैं। भोजन कपड़ा वितरण धार्मिक समारोह में महावीर अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सन्नी बंसल सत्यनारायण तिवारी, पप्पू राय कृष्णा गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,राजा पांडेय सहित अन्य लोग शामिल रहे। आयोजित भंडारे में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भोजन किये। गौरतलब है कि विधायक राजेश अग्रवाल तथा जय दुर्गा परिवार द्वारा सालों से मकर संक्रांति के मौके तथा दूसरे धार्मिक आयोजनों पर जरूरतमंद को भोजन कराया जाता है।

जन्मोत्सव

मॉ शाकम्भरी देवी की जन्मोत्सव ग्राम के पटेल भवन के प्रांगण में मनाया

देवरी में हरदिहा मरार पटेल समाज के ईष्ट देवी शाकम्भरी देवी की जन्मोत्सव मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम देवरी में हरदिहा मरार पटेल समाज के ईष्ट देवी मॉ शाकम्भरी देवी की जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह उत्सव पौष पूर्णिमा छेरछेरा के दिन मनाया जाता है। श्री मोहले ने मॉ शाकम्भरी समिति को 21 हजार रूपये भेंट दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ शाकम्भरी देवी की जन्मोत्सव ग्राम के पटेल भवन के प्रांगण में मनाया गया। इस कार्यक्रम के आरंभ में मॉ शाकम्भरी देवी की छायाचित्र के समक्ष समाज के लोगों ने विधिविधान से पूजा अर्चना किया। इसके बाद छोटे-छोटे बच्चियों के द्वारा बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकालकर गांव के गलियों में भ्रमण किया गया। गांव की माताएं एवं बहनों ने आरती की थाली सजाकर पूजा अर्चना कर अपनी और अपने परिवार के लिये आशीर्वाद लिया। यह शोभायात्रा होने के बाद दोपहर एक बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रतनपुर के लोग गायक रेडियो सिंगर नर्मदा गोस्वामी के द्वारा शाम 6 बजे तक प्रस्तुत किया गया। इसके बाद समाज के छोटे-छोटे बच्चियों के द्वारा नृत्य डांस कर लोगों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पुन्नूलाल मोहले एवं राज्य गौसेवक आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल रहे।

विधायक श्री मोहले ने कहा कि पटेल समाज सब्जी भाजी की खेती कर अपनी परिवार का पालन पोषण कर रहे है। ये पटेल समाज का प्रेम व्यवहार और ईमानदारी से समाज में रहते है, ये समाज लड़ाई झगड़े से दूर रहते है सागभाजी उगाकर बेचकर अपने और अपनी परिवार का जीवन यापन करते है। श्री मोहले ने मॉ शाकम्भरी समिति को 21 हजार रूपये भेंट दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, महामंत्री रामशरण यादव, धनराज सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रमेश यादव, उमाशंकर बघेल, जीवनलाल पटेल, बिसाहू राम पटेल, ग्राम पंचायत के सरपंच रोशनी जित्तू ध्रुव रहे। समाज के लोगों ने मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का टोकरी एवं सब्जी भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के इकाई अध्यक्ष उत्तम पटेल ने किया। संचालन अनिल पटेल ने किया। स्वागत की कड़ी में उत्तम पटेल ने कहा कि मरार पटेल अपनी परिवार का पालन पोषण करते है और पढ़ा-लिखाकर शिक्षित बना रहे है। उन्होंने समाज के बच्चे 10वीं और 12वीं में प्रथम नंबर में पास होने वाले विद्यार्थी को 1 हजार रूपये ईनाम दिये जाने की घोषणा की।

निर्माणाधीन पीएम आवासों का अफसर ने किया निरीक्षण

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगतिरत् आवासों का निरिक्षण मुख्य नपा अधिकारी विधासागर चौधरी द्वारा किया गया। तथा आवास हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतू निर्देशित किया गया है। इस दौरान निकाय के उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का, आवास प्रेरक नीरज चन्द्राकर, तथा आर्किटेक्ट, सर्वेश्वर उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विधासागर चौधरी ने दिया ।

बालोद जिले को उत्कृष्ट एवं बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा: कलेक्टर चन्द्रवाल

■ पर्यटन स्थल ओनाकोना के खूबसूरत वादियों में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से बालोद जिले को उत्कृष्ट एवं बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की शुरूआत बुधवार को ओनाकोना से हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिन पर हम सभी को मिलकर काम करना होगा। जिससे बालोद जिले की पहचान देश व प्रदेश में पर्यटन हेतु बेहतर और उत्कृष्ट क्षेत्र के रूप में हो सके। चन्द्रवाल मकर संक्रांति के अवसर पर बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में स्थित पर्यटन के केन्द्र ओनाकोना में आयोजित पतंग महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि ओनाकोना को प्रदेश व देश में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर पहचान दिलाने की पहल के रूप में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ओनाकोना को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। महोत्सव की शुरूआत नौका रेस की शुरूआत से हुई। जिसमें कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नौका चालकों को हरी झण्डी दिखाकर नौका रेस की शुरूआत की। जिले में पहली बार हो रहे ऐसे अद्भूत नौका रेस को देखने, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल और जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने नौका रेस के विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उनके साथ नौका विहार का आनंद भी लिया। इस दौरान कलेक्टर ने नौका चालक से नौका विहार हेतु आने वाले पर्यटकों की संख्या और उनसे प्रतिदिन होने वाले आय एवं ओनाकोना में पर्यटकों हेतु की गई सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। पतंग महोत्सव में कलेक्टर चन्द्रवाल ने पतंग उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और पर्यटकों ने भी बड़ी संख्या में आकर्षक ढंग से तैयार किए गए पतंग उड़ाकर पतंग महोत्सव को जीवंत एवं आकर्षक बनाया। महोत्सव में रस्सा खींच, वॉलीबाल, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, स्कूली बच्चों का चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक अपना बेहतर प्रदर्शन किया। महोत्सव में स्व सहायता समूह एवं दूध गंगा बालोद द्वारा फूड स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों को आंगतुकों को परोसा गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर चन्द्रवाल ने पतंग महोत्सव में जिलेवासियों को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने महोत्सव में हुए विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत भी किया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ओनाकोना को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की यह पहल सार्थक साबित हो रही है। आज का यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल हुआ है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर पतंग महोत्सव को सफल बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान की है। इस अवसर पर एसडीएम गुरूर प्राची ठाकुर, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, तहसीलदार हनुमंत श्याम, जनपद सीईओ उमेश रात्रे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवा दिवस एवं मकर संक्रांति पर टीबी मुक्त करने जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन

गरियबांद/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2025 तक भारत को टीबी मुक्त का लक्ष्य रखा गया है, इसके तहत निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के निर्देशन में 12 जनवरी 2025 युवा दिवस के अवसर पर जनभागीदारी गतिविधी के अंतर्गत इंडोर स्टेडियम गरियाबंद में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं समाज के युवा वर्ग को टीबी मुक्त भारत की पहल पर शपथ दिलवाया गया, साथ ही निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों का अतिरक्त पोषण आहार सहायता हेतु अपील किया गया। 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रान्ति के अवसर पर बस स्टेण्ड, हाट बाजार एवं आंगनबाड़ी स्तर पर निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का संदेश देते हुए पतंग वितरित की प्रचार प्रसार करते हुए, जानजागरूकता गतिविधी आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ.ए.के. हुमने, डॉ. योगेन्द्र रंधुवशी डीपीएम, सृष्टि यदु, डॉ. देवेन्द्र साहू, भूपेश साहू, अमृत राव भोंसले, धीरज शर्मा टीकेश साहू नर्मदा साहू पिरामल स्वास्थ्य एवं एनटीईपी कार्यक्रम के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जल प्रदाय योजनाओं का उप मुख्यमंत्री ने किया औचक निरीक्षण

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं: साव

गरियाबंद/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने आज नगर पंचायत फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन 2.0 के तहत निर्माणाधीन जल प्रदाय योजना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सरगी नाला एनीकेट पर जाकर मिशन के निर्माणाधीन इंटेक वेल एवं पाईप लाईन सप्लाई के लिए किये जा रहे कार्यो का जायजा लिया। साथ ही दर्रीपार रोड किनारे में निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर निर्माणाधीन पंप हाउस, फिल्टर टैंक, रिजरवायर टैंक आदि का बारीकी से जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं की जायेगी। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अच्छे गुणवत्ता के सामग्रियों का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्य की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने संबंधित फर्म, निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपअभियंता को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही पाईप लाईन विस्तार द्वारा नगर पंचायत फिंगेश्वर के लगभग 3 हजार घरों में शुद्ध

अधिकारियों को डिप्टी सीएम ने दी कड़ी हिदायत

पेयजल प्रदाय आगामी ग्रीष्म ऋतु तक सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटेक वेल से पानी तीन किमी से अधिक लम्बाई में पाईप लाईन के माध्यम से फिंगेश्वर शहर तक लाया जायेगा। तत्पश्चात फिंगेश्वर के दर्रीपार में बन रहे जल उपचार संयंत्र में उच्च तकनीक एवं निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जल का शुद्धिकरण किया जायेगा। इससे फिंगेश्वर शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल घर तक पहुंचाकर दिया जायेगा। इससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस., कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, सुडा के सीईओ शशांक पाण्डे, नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू, अधीक्षण अभियंता रमेश सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजिम विशाल महाराणा, कार्यपालन अभियंता वाय.पी. आजमानी, तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी फिंगेश्वर चंदन मानकर, पीडीएमसी के कर्मचारी एवं निकाय के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

12 हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित करने बड़ी परियोजना - केन्द्र सरकार की महत्वकां योजना अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत बन रहे फिंगेश्वर जल प्रदाय योजना की लागत 37.08 करोड़ रूपये है। यह कार्य नगर पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत प्रगतिरत है। यह निर्माण कार्य एड्रोईट एसोसिएट्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। जिसके पूर्ण होने के उपरांत 05 वर्ष तक संचालन एवं मरम्मत कार्य भी संबंधित फर्म द्वारा किया जायेगा। इस योजना अंतर्गत फिंगेश्वर नगरीय निकाय क्षेत्र में लगभग तीन हजार घरों में 12 हजार से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत जल प्रदाय योजना अंतर्गत 01 इंटेक वेल, 3.769 किमी रॉ वॉटर पाईप लाईन, 01 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, 3.733 किमी क्लीयर वॉटर पाईप लाईन, 02 ओवर हेड टैंक निर्माण होना है जो वर्तमान में निर्माणाधीन है। कार्य की भौतिक प्रगति 57.28 प्रतिशत है।

स्वच्छता दीदीयां कचरा प्रबंधन से कर रहीं अतिरिक्त आय अर्जित

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरूद की स्वच्छता दीदियां अपशिष्ट से आय अर्जित कर रही हैं। वे गत एक साल से कचरा बेचकर 3 लाख 24 हजार रुपाए की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की है। अनुबंधित कम्पनी से अनुमानित 55 हजार रूपये आना शेष है। घर-घर कचरा कलेक्शन से मिले सूखा कचरा से यह फायदा उन्हें मिला है। दरअसल नगरपंचायत कुरूद के 15 वार्डों में एक एसएलआरएम सेंटर है, जिसमें करीब 24 स्वच्छता दीदियां काम कर रहीं है। हर दिन सुबह ये डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए निकल पड़ती हैं। इसके बाद पुट्ठा, प्लास्टिक से बने सामान, टीना-लोहा से बने सामग्री, शीशी-बोतल, न्यूज पेपर यानी घरों से निकलने वाले कचरा लेती हैं। इसके बाद इस कचरे को एसएलआरएम सेंटर लाया जाता है। एसआरएलएम केंद्र में सुखे कचरों की छ्टनी की जाती हैं। इस छटनी में गीले कचरे से खाद बनाने का काम किया जाता है और सूखे कचरे को तोड़कर बड़ी-बड़ी बोरियों में पैक कर रख दिया जाता है। पुट्ठा को बेलिंग मशीन द्वारा बेल किया जाता है। इस सूखे कचरे को हर महीने स्वच्चछता दीदीयों द्वारा संबंधित अनुबंधित फर्म को बेचा जाता हैं। एक एसएलआरएम सेंटर में 30 हजार से 50 हजार रुपए तक का सूखा कचरा हर माह बेचा जाता है। यह पैसा समूह के खाते में आता है, जिसके बाद दीदियों द्वारा आपस में बांट लिया जाता है। इस प्रकार हर महीने सात हजार 200 रूपये मानदेय के अतिरिक्त एक हजार 500 से दो हजार रूप्ये अतिरिक्त लाभ दीदियां अर्जित कर रहीं हैं।

कलेक्टर की पहल से कुमारी देवलता को मिली अनुकंपा नियुक्ति

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के

मंशानुसार जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इससे दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को शासकीय नौकरी का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अग्रवाल ने आज कुमारी देवलता ठाकुर को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर देवलता को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम कौंदेकेरा निवासी देवलता को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। शासन की पहल और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से देवलता एवं उनके परिजनों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद देवलता ने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगा। अनुकंपा नियुक्ति पाने वाली अभ्यर्थी ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के भरण पोषण के लिए चिंतित परिजनों की समस्या दूर हो गई है।

मां की दवाइयों के लिए शशि वर्मा को रेडक्रॉस से मिली आर्थिक सहायता

■ कलेक्टर अग्रवाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सौंपा 10 हजार रुपए का चेक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त आवेदन को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करते हुए रेडक्रॉस के माध्यम से जरूरी सहायता प्रदान की है। उन्होंने कुमारी शशि वर्मा को आज रेडक्रॉस की ओर से 10 हजार रूपये का चेक सौपा। शशि वर्मा ने अपने पिता को खोने के पश्चात गरीबी हालात एवं कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण अपनी मां के इलाज के लिए जरूरी आर्थिक सहायता प्रदान करने कलेक्टर से निवेदन किया था। कलेक्टर अग्रवाल ने शशि की आवेदन को तत्परता से संज्ञान में लेते हुए रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये थे। तत्पश्चात रेडक्रॉस फंड से उन्हें आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इस पर शशि वर्मा ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता से उनकी मां की स्वास्थगत देखभाल एवं आवश्यक दवाईयों की खरीदी में सहायक होगी। जिससे उनका स्वास्थ्य उनका बेहतर होगा।

डॉ. गॉर्गी यदु पाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव,

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद ने बताया कि अत्यंत गरीब स्थिति में जीवन यापन कर रही कुमारी शशि वर्मा पिता स्व. कृपाराम वर्मा ग्राम पारागांव कुटीपारा तहसील अभनपुर जिला-रायपुर को उनकी मां की दवाई खरीदने रेडक्रॉस से दस हजार रूपये चेक माध्यम से सहायता प्रदान की गई। मानव सेवा हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला में संचालित हैं जिसमें आजीवन, उपसंरक्षक, संरक्षक सदस्यता हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर सदस्य बने सदस्यों की संग्रहित राशि से उक्त सहायता प्रदान की जाती है। कलेक्टर के अपील अनुसार रेडक्रॉस में समस्त विभागो एवं आमजनों आदि का रेडक्रॉस में अधिक से अधिक सदस्य बनकर सहयोग प्रदान किया गया है।

जिले की समस्त मदिरा दुकानें 26 एवं 30 जनवरी को रहेंगी बंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में 26 एवं 30 जनवरी को मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इन तिथियों को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेशानुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2025 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर जिले की समस्त मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। उक्त दिवस को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगी।

पीएम आवास का सीईओ ने किया निरीक्षण

■ गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप निर्माण के दिए निर्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। सीईओ जिला पंचायत सु दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी, रवान एवं भरसेली में बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से घर- घर जाकर आवास निर्माण के सम्बन्ध में चर्चा किया और उप अभियंता, तकनीकी सहायक, आवास मित्र को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप आवास निर्माण कार्य किए जाने के साथ ही साथ रोजगार सहायकों को 90 दिवस की मजदूरी मनरेगा के तहत पूर्ण करने हेतु निर्देशित

किया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से भी उनके द्वारा किये जा रहे गतिविधियों के संबंध मे चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान सी ईओ जनपद पंचायत बलौदाबाजार फकीर चरण पटेल, आवास समन्वयक दुर्गाचरण डनसेना, विकासखण्ड समन्वयक सु पूजा केरकेट्टा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक विनोद कुमार सोनी आवास मित्र, सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

किसानों के संकट में डिप्टी सीएम ने दिखाई संवेदनशीलता

■ उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर गन्ना फसल की आग बुझाने का चला अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने प्रवास के दौरान ग्राम राम्हेपुर और रबेली के बीच गन्ना फसल में लगी आग की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की। यह घटना उस समय सामने आई जब शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। गन्ने की फसल में आग लगी देख उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तुरंत अपने काफिले को रुकवाया और फयर ब्रिगेड की सहायता के लिए अधिकारियों को फोन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि प्रभावित क्षेत्र में शीघ्र ही सहायता पहुंचे और आग को

काबू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वहां मौजूद किसानों से भी बातचीत की। शर्मा ने किसानों से कहा कि प्रशासन पूरी तरह से उनकी मदद के लिए तत्पर है और किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर उनका हर संभव सहयोग किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कलेक्टर गोपाल वर्मा से भी दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया। उन्होंने कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सके और किसानों को अधिक नुकसान न हो। कुछ ही समय में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू की। उपमुख्यमंत्री शर्मा भी मौके पर रुके रहे और स्थिति का जायजा लेते रहे। इस घटना के बाद उपमुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों से भी मुलाकात की और उनकी चिंता को शांत किया। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार इस संकट के समय में उनके साथ खड़ी है।

जल संरक्षण

नारी शक्ति से लेकर जल जगार महोत्सव जैसे अभियानों से बदली तस्वीर

नगर निगम धमतरी ने अब तक 1094 रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम किया अपग्रेड

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में जल संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम। जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान, जल जगार महोत्सव सहित रबी के सीजन में धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल लेने किसानां को प्रोत्साहित करना इत्यादि शामिल हैं। नतीजन शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न भवनों में जल संरक्षण के लिए रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। नगरपालिक निगम धमतरी ने वर्ष 2011 से वर्ष 2023-

2024 तक रेनवाटर हार्वेस्टिंग के 1094 सिस्टम स्थापित किए हैं, जिनमें से 15 शासकीय भवनों में ये प्रणालियाँ लागू हो चुकी हैं और शासन के पोर्टल पर अपलोड की गई हैं। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित लक्ष्य 216 भवनों का है, जिनमें से 7 भवनों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 32 भवनों में यह प्रक्रिया प्रगति पर है।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से ना केवल वर्षा जल का संरक्षण किया जाता है, बल्कि गिरते भूजल स्तर में भी इजाफा होता है, जिससे आसपास के नलकूप, पानी के स्त्रोत इत्यादि में जल स्तर बढ़ता है। इसके साथ ही जल आपूर्ति के लिए आमतौर पर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है, जैसे कि पंपिंग और शुद्धिकरण प्रक्रियाएं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग से ये आवश्यकताएं कम हो सकती हैं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग से न केवल जल संकट का समाधान होता है, बल्कि यह पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। यह जलवायु परिवर्तन को धीमा करने में मदद करता है, और स्थानीय जलवायु की स्थिति को बेहतर बनाता है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग जल संचयन का एक महत्वपूर्ण उपाय है, जो जल संकट को हल करने में अहम भूमिका निभाता है। इस प्रणाली को अपनाकर हम न केवल जल का संरक्षण कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए भी एक स्थायी समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए विभागों को सौंपी गईं जिम्मेदारियां

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बुधवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने विगत बैठक से संबंधित आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र का सेचुरेशन अभियान, जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, सभी सहकारी बैंक समितियों का खाता जिला सहकारी बैंक में खोलने का कार्य , प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी आधारित

व्यक्तिगत आवास निर्माण, जैविक खाद की दुकाने अलग-अलग ब्लॉक में तत्काल शुरू करवाने, जिले के पिनकोण्डा मुख्य मार्ग से समरथपारा होते हुए बीजापुर मुख्य मार्ग तक बायपास मार्ग लंबाई 6.00 किमी कार्य प्रगति जैसे विभिन्न एजेण्डे की अद्यतन प्रगति की जानकारी चाही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के हालिया बचेली प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं के अमल के संबंध में सभी विभाग त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

न्यूज गैलरी

स्टीव जॉब्स के पत्र की नीलामी, 4.32 करोड़ में बिका; लिखा था- भारत जाना चाहता हूं

बिजनेस डायरी। स्टीव जॉब्स ने अपने 19वें जन्मदिन पर अपने बचपन के दोस्त टिम ब्राउन को यह पत्र लिखा था। यह स्टीव वोज्नाइक के साथ एपल की स्थापना से ठीक दो साल पहले स्टीव जॉब्स ने लिखा गया था। इसमें जॉब्स ने इसमें भारत में होने वाले कुंभ को लेकर अपनी रुचि बताई थी। एपल के सह संस्थापक दिवंगत स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ मेला 2025 के लिए भारत में हैं। उनके गुरू स्वामी कैलाशानंद ने उन्हें नया हिंदू नाम दिया है 'कमला'। इस बीच स्टीव का एक हस्तलिखित पत्र सुर्खियों में है। 1974 में लिखे इस पत्र में स्टीव जॉब्स ने कुंभ मेले के लिए भारत आने की इच्छा जाहिर की थी। अब खबर आई है कि हाल ही में बोनहम्स की ओर से इस पत्र को 500,312 डॉलर (4.32 करोड़ रुपये) में नीलाम किया गया। बता दें कि अरबपति महिला कारोबारी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में बीते दिन ही संगम में डुबकी लगाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हाथ से लिखे गए स्टीव जॉब्स के पत्र में आध्यात्मिक और काव्यात्मक पक्ष की एक दुर्लभ झलक मिलती है। जॉब्स ने अपने 19वें जन्मदिन 23 फरवरी को अपने बचपन के दोस्त टिम ब्राउन को यह पत्र लिखा था। यह पत्र स्टीव वोज्नाइक के साथ एपल की स्थापना से ठीक दो साल पहले स्टीव जॉब्स ने लिखा था। इसमें जॉब्स ने इसमें भारत में होने वाले %कुंभ% को लेकर अपनी रुचि बताई थी। उन्होंने कुंभ मेले में हिस्सा लेने की इच्छा भी जताई थी। अब जब उनकी पत्नी प्रयागराज महाकुंभ में शामिल हो रही हैं तो माना जा रहा है कि लॉरेन पॉवेल जॉब्स अपने पति की इच्छा पूरी करने के लिए ही यहां आई हुई हैं।

घरेलू शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी; सेंसेक्स 401 अंक चढ़ा

मुंबई। घेरलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी ने बुधवार को सकारात्मक रुख के साथ कारोबार की शुरुआत की। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 401.53 अंक चढ़कर 76,901.16 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 97.5 अंक की बढ़त के साथ 23,273.55 अंक पर रहा। घेरलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 401.53 अंक चढ़कर 76,901.16 अंक पर पहुंचा। ऐसे ही निफ्टी 97.5 अंक बढ़कर 23,273.55 पर आ गया। इसके अलावा शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे बढ़कर 86.51 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 8,132.26 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

मेटा के 3600 कर्मचारियों की नौकरी पर संकट मंडराया

बिज़नेस डायरी। जुकरबर्ग ने कहा कि मैंने प्रदर्शन प्रबंधन के मानक को बढ़ाने और कम प्रदर्शन करने वालों को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। मैनपावर कट का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी के पास सबसे मजबूत प्रतिभा है और वह नए लोगों को लाने में सक्षम है। मेटा ने 3600 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर ली है। कंपनी उनकी जगह नए लोगों को नियुक्त कर सकती है। कंपनी अच्छा काम नहीं करने वालों को नौकरी से निकालेगी। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के स्वामित्व वाली कंपनी ने बताया कि सीईओ मार्क जुकरबर्ग के फैसले से उसके पांच प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित होंगे। सितंबर तक मेटा में लगभग 72,400 कर्मचारी थे।जुकरबर्ग ने कहा कि मैंने प्रदर्शन प्रबंधन के मानक को बढ़ाने और कम प्रदर्शन करने वालों को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। मैनपावर कट का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी के पास सबसे मजबूत प्रतिभा है और वह नए लोगों को लाने में सक्षम है।प्रदर्शन-आधारित बर्खास्तगी प्रमुख अमेरिकी कंपनियों में एक आम प्रथा है। रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले सप्ताह इसी तरह की कटौती की घोषणा की थी, जिससे उसके एक प्रतिशत से भी कम कर्मचारी प्रभावित हुए। डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी को व्हाइट हाउस में लौटने से पहले मेटा में व्यापक बदलावों के बीच छंटनी की गई है।

कपड़ा उद्योग में वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने भारत का दृढ़ संकल्पित

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में हेमटेक्स्टिल 2025 में भारतीय मंडप का किया उद्घाटन

नई दिल्ली/ए.। केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जर्मनी के मैसे फ्रैंकफर्ट में आयोजित हेमटेक्सटाइल 2025 में भारत मंडप का उद्घाटन किया। इस आयोजन में भारत की उपस्थिति कपड़ा उद्योग जगत में देश की निरंतर बढ़ती शक्ति का प्रदर्शन कर रही है। इस प्रतिष्ठित वैश्विक होम टेक्सटाइल मेले में सबसे बड़े भागीदार देश के साथ, भारत ने नवाचार, स्थिरता और वैश्विक साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता का भी प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर वैश्विक घरेलू वस्त्र निर्यातकों, आयातकों और निर्माताओं को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने भारत की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और सतत विकास हासिल करने के लिए सहयोग की आवश्यकता का उल्लेख किया। केन्द्रीय मंत्री ने सभी भागीदार देशों को भारत टेक्स 2025 में भाग लेने और भारत के संपन्न कपड़ा इकोसिस्टम में निवेश के अवसरों की जानकारी लेने के लिए आमंत्रित किया।

कपड़ा और मशीनरी निर्माताओं के साथ निवेशकों की बैठक के दौरान मंत्री महोदय ने पिछले 10 वर्षों में भारत की विकास गाथा और बढ़ते एफ्डीआई की जानकारी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि 'मेक इन इंडिया' पहल एक सिद्ध रणनीति है जो भारत को एक प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने में सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने निवेशकों को बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ यह सलाह भी दी कि भारत के बाजार से बाहर रहने से उनसे कुछ छूट जाने का डर हो सकता है। वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा, 'आओ और भारत में निवेश करो- मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड'। हेमटेक्सटाइल के दौरान मंत्री महोदय ने जर्मनी के मशीनरी और उपकरण निर्माता संघ और आईवीजीटी प्रमुखों से भी भेंट की। उन्होंने भारत के कपड़ा क्षेत्र के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत सबसे बड़े कपड़ा मशीनरी खरीदारों में से एक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर जर्मन निर्माता भारत में निवेश करते हैं और मशीनरी का उत्पादन करते हैं तो यह दोनों पक्षों के लिए लाभ की स्थिति होगी। भारत में पहले से ही जर्मन के कई उद्यमियों के लाभ हासिल करने के मामले में जर्मन के एक सिलाई धागा निर्माता की सफलता का उदाहरण देते हुए उन्होंने अन्य मशीनरी निर्माताओं को भारतीय बाजार में अपने निवेश की तलाश करने और उसका विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया। सरकार, भारतीय निर्यातकों को हेमटेक्सटाइल जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने के लिए सक्रिय रूप से समर्थन देती है, जिससे उनकी वैश्विक दृश्यता बढ़ती है और प्रतिस्पर्धी बाजारों में उनकी वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। अपने दौरे के दौरान, मंत्री महोदय ने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया, तथा प्रदर्शकों से वार्तालाप करते हुए होम टेक्सटाइल में उनकी नवीनतम पेशकशों और नवाचारों के बारे में जानकारी ली। भारतीय निर्यातकों के शिल्प कौशल ने इस क्षेत्र की वैश्विक आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह कार्यक्रम उद्योग जगत प्रमुखों और निर्यातकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी का साक्षी बना और यह कपड़ा उद्योग में वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

इनोवेशन को बढ़ावा देने टेक्नोलॉजी में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर भारत 6जी विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

सी-डॉट ने 6जी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने बेसिक डिवाइस और कम्पोनेंट्स के डेवलपमेंट के जरिए 6जी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी की है।

दूरसंचार विभाग के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी-डीओटी ने 6जी के लिए टीएचजेड कम्युनिकेशन फ्रंट एंड्स के लिए बिल्डिंग ब्लॉक्स के विकास के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

संचार मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, दूरसंचार विभाग के दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीटीडीएफ) प्रस्ताव के लिए 6जी कॉल के तहत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बयान के अनुसार, यह प्रपोजल कॉल 6जी इको-सिस्टम विकसित करने पर 'तेजी से रिसर्च' करने को लेकर है, जो भारत 6जी विजन के हिस्से के रूप में 6जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी को डिजाइन, डेवलप और स्थापित करने के लिए है। यह हाई-क्वालिटी लिविंग एक्सपीरियंस के सर्वव्यापी बुद्धिमान और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करता है।इस परियोजना का उद्देश्य बेसिक डिवाइस और कंपोनेंट्स को डेवलप करना है जो 6जी कम्युनिकेशन के लिए टीएचजेड सिस्टम के साथ-साथ मिलिट्री कम्युनिकेशन जैसे दूसरे टीएचजेड सिस्टम के लिए आवश्यक हैं।भारत में चिप निर्माण सुविधाओं की स्थापना के हालिया कार्यक्रम के साथ इस परियोजना को शुरू किया जा रहा है। आईआईटी दिल्ली की सुविधाओं में कुछ कोर कंपोनेंट्स को डेवलप करने के लिए कोलकाता के एसएएमईईआर (सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च) के साथ सहयोग किया जाएगा। यह प्रोडक्शन लेवल पर टीएचजेड कंपोनेंट्स के निर्माण को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाएगा। सी-डीओटी इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। सी-डीओटी के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय के अनुसार, यह इनोवेशन को बढ़ावा देने और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर भारत 6जी विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सी-डीओटी टीम ने पहली बार पूरी तरह से भारत के भीतर 6जी संचार के लिए माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक टीएचजेड कंपोनेंट्स को डेवलप करने के इस प्रयास के लिए अपनी प्रतिबद्धता और समर्थन व्यक्त किया।

खुलासा नहीं करने पर SEC दर्ज कराया केस

ट्विटर खरीदने से पहले ही मस्क ने खरीद लिए थे उसके शेयर

बिज़नेस डायरी। शिकायत में कहा गया है कि मस्क ने 4 अप्रैल तक इसका खुलासा नहीं किया था, जो नियमों का उल्लंघन है। मस्क ने अक्तूबर 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया और बाद में उसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने साल 2022 में सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पूर्व में ट्विटर) का अधिग्रहण किया था। हालांकि अब उस डील को लेकर मस्क मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल अमेरिका के बाजार के नियामक आयोग सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर कराया है।

एसईसी का आरोप है कि मस्क ने एक्स खरीदने से पहले ही उसके शेयर खरीदे हुए थे, लेकिन मस्क ने एसईसी को इस बात की जानकारी नहीं दी थी। नियमों के उल्लंघन के चलते एसईसी ने मस्क के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क ने साल 2022 की शुरुआत से ही ट्विटर के शेयर खरीदने शुरू कर दिए थे और मार्च 2022 तक मस्क के पास ट्विटर के 5 प्रतिशत से ज्यादा शेयर थे। शिकायत में कहा गया है कि मस्क ने 4 अप्रैल तक इसका खुलासा नहीं किया था, जो नियमों का उल्लंघन है। मस्क ने अक्तूबर 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया और बाद में उसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। एसईसी द्वारा मुकदमा दायर कराने को लेकर अभी तक मस्क या एक्स की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अप्रैल 2022 में मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, सौदे से पीछे हटने की कोशिश की थी, जिसके कारण कंपनी ने उन पर अधिग्रहण के लिए दबाव डालने के लिए मुकदमा दायर किया। एसईसी ने कहा कि अप्रैल 2022 से उन्होंने इस बात की जांच की कि क्या मस्क ने ट्विटर के अधिग्रहण के दौरान कंपनी से संबंधित और एसईसी फाइलिंग के संबंध में किसी भी प्रतिभूति कानून का उल्लंघन तो नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि एसईसी के वर्तमान अध्यक्ष गैरी जेन्सलर 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण वाले दिन ही अपने पद से हटने की योजना बना रहे हैं।

2024 के चुनाव को लेकर मार्क जुकरबर्ग की टिप्पणी पर मेटा ने मांगी माफी

दिल्ली। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि मेटा को गलत सूचना फैलाने के लिए माफी मांगनी होगी। मेरी समिति इस गलत जानकारी के लिए मेटा को बुलाएगी। किसी भी लोकतांत्रिक देश की गलत जानकारी देश की छवि को धूमिल करती है। इस गलती के लिए भारतीय संसद से तथा यहां की जनता से उस संस्था को माफी मांगनी पड़ेगी। 2024 के चुनाव को लेकर मार्क जुकरबर्ग की टिप्पणी पर मेटा बैकफुट पर आ गई है। कंपनी ने मामले में माफी मांग ली है। कंपनी ने कहा कि अनजाने में हुई गलती के लिए हम माफी मांगते हैं। इससे पहले भारत के चुनाव से जुड़ी मार्क जुकरबर्ग की टिप्पणी को लेकर मेटा मुश्किलों में फंसता दिख रहा था। संसदीय पैनल ने कंपनी के खिलाफ समन जारी करने का फैसला किया है। समन करने की खबर ऐसे वक्त सामने आई थी, जब एक दिन पहले ही यानी सोमवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग पर पलटवार किया था। दरअसल, जुकरबर्ग ने दावा किया था कि कोविड-19 महामारी के बाद भारत समेत ज्यादातर देशों की मौजूदा सरकारों को 2024 में चुनावी हार का सामना करना पड़ा। मंत्री ने कहा था कि उनका बयान तथ्यात्मक रूप से गलत है। मामले में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि मेटा को गलत सूचना फैलाने के लिए माफी मांगनी होगी। मेरी समिति इस गलत जानकारी के लिए मेटा को बुलाएगी। किसी भी लोकतांत्रिक देश की गलत जानकारी देश की छवि को धूमिल करती है।

हल्दीराम में हिस्सेदारी हासिल करने की होड़ में कोल्ड ड्रिंक बनाने वाली वैश्विक कंपनी भी

नई दिल्ली। भारत में 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार स्नैक्स का कारोबार 42,694.9 करोड़ रुपये है। इसके 2032 तक 95,521.8 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि देश की प्रमुख स्नैक्स कंपनी हल्दीराम में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए वैश्विक कोला कंपनी पेप्सीको भी बातचीत कर रही है। स्नैक्स बनाने वाली दिग्गज कंपनी हिल्दीराम में हिस्सेदारी हासिल करने की होड़ में दुनिया की एक बड़ी कोला कंपनी भी शामिल हो गई है। सूत्रों के अनुसार हल्दीराम के मालिकों के परिवार से कंपनी ने बातचीत शुरू कर दी है। हल्दीराम में दिलचस्पी दिखाने वाली यह वैश्विक कंपनी पैप्सिको है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हल्दीराम में हिस्सेदारी हासिल करने वाले प्रमुख दावेदारों में पेप्सीको के अलावा टेमासेक और अल्फा वेव ग्लोबल का भी नाम शामिल है। खबरों के अनुसार वे हल्दीराम के प्रमोटर्स अग्रवाल परिवार से बातचीत कर रहे हैं। हल्दीराम भारत की सबसे बड़ी एथनिक स्नैक्स और खाद्य पदार्थ निर्माता कंपनी है। कंपनी की ओर से पिछले महीने 10-15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव दिया गया था।

खबरों के अनुसार, न्यूयॉर्क स्थित पेप्सिको मुख्यालय के अधिकारियों ने हाल ही में अल्पमत हिस्सेदारी खरीदने के लिए अग्रवाल परिवार के सदस्यों से सीधे बातचीत शुरू की है। हालांकि, यह बातचीत अब भी भी शुरुआती चरण में हैं और शायद औपचारिक लेन-देन तक पहुंचने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। सूत्रों के अनुसार डील के लिए फंडिंग की जरूरत पेप्सीको की अमेरिकी पैरेंट कंपनी ही पूरी करेगी। कहा जा रहा है कि भारतीय इकाई का नेतृत्व छोटी एक भूमिका निभाएगा। अग्रवाल दंपत्ति को इस सौदे में 85,000-90,000 करोड़ रुपये के मूल्यांकन की उम्मीद है क्योंकि वे पहली बार किसी बाहरी निवेशक को हिस्सेदारी बेचने की सोच रहे हैं। लेज चिप्स, कुरकुरे, नमकीन स्नैक्स और डोरिटोस नाचो चिप्स बनाने वाली कंपनी पेप्सिको को घरेलू स्नैक्स बाजार में हल्दीराम से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलती है। पेप्सिको इससे पहले साल 2000 में अंकल चिप्स का अधिग्रहण कर चुकी है। भारत में 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार स्नैक्स का कारोबार 42,694.9 करोड़ रुपये है। इसके 2032 तक 95,521.8 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

चैंपियंस ट्रॉफी ओपनिंग सेरेमनी में भाग लेने पाकिस्तान जाएंगे भारतीय क्रिकेट कप्तान

नई दिल्ली। भारत क्रिकेट टीम पाकिस्तान में होने जा रही चैंपियंस ट्रॉफी के मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी।

हालांकि सूत्रों के अनुसार, टीम इंडिया के कप्तान के पाकिस्तान जाकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट आठ साल बाद फिर से हो रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारी कर रहा है जो 16 या 17 फरवरी को होगा। यह तारीख वार्म-अप मैचों के कार्यक्रम के अनुसार तय होगी। सभी टीमों के कप्तानों को उद्घाटन समारोह में भाग लेना होगा, जो आईसीसी इवेंट्स की परंपरा रही है।सूत्रों ने को बताया, भारतीय टीम के कप्तान उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने पाकिस्तान जाएंगे। पीसीबी इस इवेंट को खास बनाने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि यह 29 साल बाद पाकिस्तान में किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की वापसी है।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होगा। यह पाकिस्तान के लिए एक ऐतिहासिक मौका है, क्योंकि आखिरी बार उसने 1996 में भारत और श्रीलंका के साथ मिलकर विश्व कप की मेजबानी की थी।हालांकि, टूर्नामेंट हाइब्रिड फॉर्मेट में खेला जाएगा। पाकिस्तान ज्यादातर मैचों की मेजबानी करेगा, लेकिन भारत के सभी ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में

खेले जाएंगे। अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो वह भी दुबई में होगा। नहीं तो लाहौर फाइनल की मेजबानी करेगा।इस आठ टीमों के टूर्नामेंट में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान पाकिस्तान हिस्सा लेंगे।टूर्नामेंट का पहला मैच कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा।राजनीतिक तनाव के कारण भारत और पाकिस्तान केवल वर्ल्ड कप और एशिया कप जैसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही आमने-सामने होते हैं। दोनों टीमों का पिछला मुकाबला 2024 आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में न्यूयॉर्क में हुआ था।

जोकोविच ने एक और ग्रैंड स्लैम डेब्यूटेंट को हराया

नईदिल्ली। अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन अभियान के दूसरे सीधे मैच में, नोवाक जोकोविच को ग्रैंड स्लैम डेब्यूटेंट द्वारा चार सेट तक धकेल दिया गया। शुरुआती दौर में 19 वर्षीय निशेश बसवरेड्डी को हराने के बाद, उन्होंने बुधवार को 21 वर्षीय क्वालीफायर जैमे फारिया को 6-1, 6-7(4), 6-3, 6-2 से हराकर 25वें मेजर सिंगल्स खिताब और 100वें टूर-लेवल खिताब की अपनी तलाश जारी रखी।

अमेरिकी बसवरेड्डी के खिलाफ अपने मैच की तरह, जोकोविच अपने युवा प्रतिद्वंद्वी से तनाव में थे, लेकिन आखिरकार उन्होंने आसानी से जीत हासिल की। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने तेज शुरुआत की और एक सेट और एक ब्रेक की बढ़त हासिल की, लेकिन खराब फॉर्म के कारण पुर्तगाल के फारिया ने रॉड लेवर एरिना में लगातार चार गेम जीतकर अपनी पहचान बनाई। हालांकि जोकोविच ने टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन वह एटीपी रैंकिंग में 125वें नंबर के खिलाड़ी को अपने सर्व और

फोरहैंड से दूसरा सेट जीतने से नहीं रोक पाए। सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने तीसरे और खास तौर पर चौथे सेट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जिस तरह से मैंने मैच का अंत किया।दूसरे सेट के अंत और तीसरे सेट की शुरुआत में वह शानदार टेनिस खेल रहा था। मुझे तूफान का सामना करना पड़ा। वह पूरे मैच में व्यावहारिक रूप से दो पहले सर्व करता रहा। ऐसे व्यक्ति के साथ खेलना आसान नहीं है, जिसके पास हारने के लिए कुछ भी नहीं है। वह एक बड़ा लड़का है, बहुत युवा... इसलिए मैंने उसे नेट पर कहा, उसका भविष्य उज्ज्वल है, उसे आगे बढ़ते रहना चाहिए। कोच एंडी मरे ने उसे आगे बढ़ने और कोर्ट पर नियंत्रण करने का आग्रह किया, जिसके बाद जोकोविच ने मैच को जल्दी से अपनी ओर मोड़ लिया। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, उन्हें आखिरी दो सेटों में सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्होंने उन सेटों में अपने पहले सर्व प्वाइंट का 90 प्रतिशत जीतकर तीन घंटे में जीत हासिल की। जोकोविच का अगला मुकाबला 26वीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के टॉमस माचैक से तीसरे दौर में होगा, जिन्होंने बुधवार को रीली ओपेल्का के खिलाफ 3-6, 7-6(1), 6-7(5), 7-6(4), 6-4 से जीत दर्ज की थी। इस जोड़ी ने 2023 और 2024 में दो पिछली लेक्सस एटीपी हेड2हेड मीटिंग्स में जीत दर्ज की थी, जिसमें माचैक ने पिछले साल जिनेवा सेमीफाइनल में अपना सबसे हालिया मुकाबला जीता था। पिछले दोनों मुकाबलों में तीन सेट तक चले, जिसमें जोकोविच ने दुबई में अपना पहला मुकाबला निर्णायक टाई-ब्रेक में जीता था।

जिला पर्यटन : रमदहा जलप्रपात के रुप में विकसित लोकप्रिय पर्यटन स्थल

एमसीबी/नवप्रदेश। उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित रमदहा जलप्रपात वास्तव में एमसीबी जिले का एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। यह जलप्रपात घने जंगलों से घिरा हुआ है, जो इसकी सुंदरता को और भी बढ़ाता है। यह जलप्रपात पिछले कुछ वर्षों में सैलानियों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है और यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बना दिया है। रमदहा जलप्रपात की सुंदरता न केवल इसके जलप्रपात में है, बल्कि इसके आसपास के क्षेत्र में भी फैली हुई है। यहां के घने जंगल, हरे-भरे मैदान और शांत वातावरण इसे एक आदर्श स्थल बनाते हैं।

जलप्रपात का नजारा मन को मोहने वाला

इस दौरान जलप्रताप का बहता पानी एक अलग ही खूबसूरती को बयां करता है। जिसे देखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ मध्य प्रदेश से लेकर उत्तर प्रदेश तक के पर्यटक इसकी सुंदरता को निहारने के लिए यहां पहुंचते हैं। यह जलप्रपात न सिर्फ उत्तर छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी प्रांत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी प्रसिद्धि हो चुका है। दिसंबर और जनवरी के महीने के दौरान यहां लोग पहले पिकनिक मनाने के लिए आते थे। वर्तमान में प्रत्येक दिन सैलानियों का यहां आना-जाना लगा रहता है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से विकसित है, जो वर्षा के दिनों में अपनी सौंदर्य बिखेरता है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक है। बनास नदी का पानी ऊंचाई से जब नीचे गिरता है, तो नीचे से ऐसा प्रतीत होता है मानों धुंध ने समूचे स्थल को घेर लिया है। झरने से गिरता पानी आगे चलकर बनास नदी का विराट स्वरूप ले लेता है। बारिश के दिनों में जलप्रपात की सुंदरता वास्तव में अद्भुत होती है। पानी की धारा तेज होती है और जलप्रपात की आवाज़ सुनने में बहुत ही सुखद लगती है। यह जलप्रपात अपनी अनोखी सुंदरता के लिए जाना जाता है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह जलप्रपात की सुंदरता कुछ ऐसी है कि इसे हर कोई अपने कैमरे में कैद करना चाहता है।

पर्यटकों के लिए सभी सुविधाएं मौजूद

जहां लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ आराम कर सकते हैं और प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। यह जलप्रपात छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से करीब 350 किलोमीटर की दुरी में स्थित है, जो इसे एक आसानी से पहुँच योग्य स्थल बनाता है। जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत पडऩे वाले ब्लॉक जनकपुर मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर बहरासी वन परिक्षेत्र का करवा बीट पड़ता है। जहां के ग्राम पंचायत धोवाताल के बरेल नाम के जंगल से बनास नदी का उद्गम होता है। बनास नदी के उद्गम स्थल से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर जिले का यह प्रसिद्ध रमदाह जलप्रपाप है। जहां पर जाकर यह नदी अपनी सुंदरता को 50 मीटर चौड़ाई और 100 फीट नीचे गिरते हुए बिखेरती है।

न्यूज़ गैलरी

ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंदा, शरीर के हुए दो टुकड़े

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक ट्रक ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। उसके लाश के दो टुकड़े हो गए। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि, दोनों गाडिय़ों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हुई थी। मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, अभनपुर थाना इलाके के कल्पतरू प्लांट के पास सोमवार रात अज्ञात ट्रक ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया। फिर आरोपी वाहन चालक उसे कुचलते हुए निकल गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक युवक की लाश के दो टुकड़े हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

बदमाशों ने दो कारों को किया आग के हवाले

रायपुर/नवप्रदेश। राजा बाड़ा पंडरी में खड़ी दो कार को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नफीस कुरैशी राजा बाड़ी पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर के बाहर खड़ी टाटा हेरियर और वर्ना कार को आग के हवाले कर दिया। जिससे प्रार्थी को 10 लाख का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फैक्ट्री से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। अज्ञात चोर ने भगवती पावर एंड स्टील लिमिटेड में लगे चेंज ओव्हर स्विच से कॉपर पार्टस पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम अग्रवाल 30 वर्ष धरसींवा स्थित भगवती पावर एंड स्टील लिमिटेड में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने फैक्ट्री में लगे चेंज ओव्हर स्विच से कॉपर पार्टस पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 15 तिल्दा में अज्ञात युवक ने युवक की नुकीली वस्तु व ईट से मारकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिव राजपूत 37 वर्ष कोटा का रहने वाला था। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने शिव को नुकीली वस्तु से मारकर हत्या कर दी और शव के पहचान छिपाने के उद्देश्य से ईट से पत्थर से चेहरा को कुचल दिया। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। विदेश भेजने के नाम पर फर्जी दस्तावेज देकर 7 लाख 58 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वीर सिंह 29 वर्ष वीर सावरकर नगर हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जगदीश सिंह मल्ली ने प्रार्थी को विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख 58 हजार रुपए ले लिया और फर्जी दस्तावेज पकड़ा दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को हुई तो उसने इसकी शिकायत कबीरनगर थाना में की।

हेराइन चिट्टा के साथ अधेड़ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर पुलिस ने टेंगना तालाब के पास दबिश देकर 10 ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ अधेड़ को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टेंगना तालाब के पास दबिश देकर आरोपी धरम सिंह 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जतन साय को मिली बैटरी चलित ट्राई साइकिल

जशपुरनगर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील पहल से एक बीमारी की वजह से चलने फिरने में असमर्थ जतन साय पैंकरा को एक बड़ा सहारा मिला है। मुख्यमंत्री ने आज कैंप कार्यालय में उन्हें बैटरी चलित ट्राई साइकिल प्रदान किया गया। इससे उनमें एक नया आत्मविश्वास का संचार हुआ है, अब वह अपनी दिनचर्या के कार्य करने में स्वयं सक्षम हो सकेगा। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय कलेक्टर रोहित व्यास पुलिस अधीक्षक श्री शशी मोहन सिंह और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बीमारी की वजह से बगीचा विकास खंड के ग्राम पसीया निवासी श्री जतन साय पैंकरा को चलने फिरने असमर्थ थे। अपने दिनचर्या के कामों में भी उन्हें किसी और पर निर्भर रहना पड़ता था।

कैंसर उपचार में उम्मीद की नई किरण अब पाइपेक तकनीक से इलाज शुरू

■ **स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से लगातार सशक्त हो रही है स्वास्थ्य सुविधाएं**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार सशक्तिकरण हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से राज्य की जनता को सहज और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं नित नये वैज्ञानिक शोध, परीक्षण और निष्कर्ष पर आधारित आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की मदद से आज मनुष्य कई गंभीर बीमारी से ठीक होकर निकल रहे हैं। डॉक्टरों की उपचार प्रक्रिया और मरीज की सकारात्मक सोच की बदौलत कैंसर जैसे असाध्य रोग भी अब साध्य हो चले हैं। इसी क्रम में हाल ही में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के आंकोसर्जरी (कैंसर सर्जरी) विभाग के डॉक्टरों की टीम ने पेट की झिल्ली के (पेरिटोनियम) कैंसर से पीड़ित महिला का उपचार पाइपेक पद्धति से कर महिला के बहुमूल्य जीवन को बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। संभवतः मध्य भारत के किसी भी शासकीय कैंसर अस्पताल में इस पद्धति से पहली बार इलाज कर डॉक्टरों ने मरीज के पेट की झिल्ली के कैंसर का इलाज किया है। पाइपेक यानी प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोलाइज़्ड कीमोथेरेपी, कैंसर बीमारी में दी जाने वाली कीमोथेरेपी का ही एक प्रकार है। यह उदर गुहा में दबाव के साथ कीमोथेरेपी को पहुंचाती है जिससे कैंसर कोशिकाओं को फैलने से रोकने में मदद मिलती है। कैंसर सर्जन डॉ.(प्रो.) आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में लेप्रोस्कोपिक विधि से न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया के अंतर्गत किये गये इस उपचार विधि में कीमोथेरेपी को एक मशीन के जरिये एरोसोल के रूप में दिया जाता है जिससे कैंसर उत्तकों में दवा का प्रभाव ज्यादा होता है और कैंसर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ओडिशा की रहने वाली 54 वर्षीय महिला मरीज को उपचार के पांच दिन बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। उपचार के बाद वह अब ठीक है और फॉलोअप के लिए आ रही है।

पाइपेक एक लेप्रोस्कोपिक प्रक्रिया है। इसका मतलब है कि डॉक्टर मरीज के पेट में एक या दो छोटे छेद करके इस प्रक्रिया को पूरी करते हैं जिन्हें एक्सेस पोर्ट भी कहा जाता है।

क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के संचालक एवं पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने पहली बार इस नये विधि से किये गये सफल उपचार के लिए कैंसर सर्जरी विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने कहा है कि यह एक सुरक्षित और प्रभावी उपचार प्रक्रिया है जो कीमोथेरेपी के प्रभाव को बढ़ाता है। कोलोरेक्टल कैंसर, डिम्बग्रंथि का कैंसर और गैस्ट्रिक कैंसर जैसे कैंसर बीमारियों में कीमोथेरेपी के नये विकल्प के रूप में इसे अपनाया जा सकता है। प्रयास करेंगे कि भविष्य में कैंसर के अन्य मरीजों को भी इस उपचार सुविधा का लाभ मिल सके।

अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा मरीजों के उपचार हेतु किये जा रहे निष्ठापूर्ण प्रयासों ने लोगों का विश्वास इस संस्था के प्रति सदा से ही बनाये रखा है।

कैंसर सर्जन डॉ. आशुतोष गुप्ता के अनुसार, प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोलाइज़्ड कीमोथेरेपी एक तकनीक है जो दबाव के तहत एरोसोल के रूप में उदर गुहा में कीमोथेरेपी को पहुंचाती है। एरोसोल दो शब्दों से मिलकर बना है। एयरो यानी विशेष हवा और सोल अर्थात् द्रव में अत्यंत छोटे कणों के रूप में पदार्थ का मिश्रण। दबावयुक्त एरोसोल पूरे पेट में कीमोथेरेपी को समान रूप से वितरित करता है। एडवांस पेरिटोनियम कैंसर, जीआई कैंसर और एडवांस ओवरियन कैंसर जैसी बीमारियों में उपचार की इस नई प्रक्रिया के कई संभावित लाभ हो सकते हैं। कीमोथेरेपी की उच्च सांद्रता के कारण कैंसर कोशिकाओं से लडऩे की क्षमता में वृद्धि होती है और अन्य अंगों को नुकसान कम होता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण जैसे मतली, उल्टी, कब्ज, दस्त और भूख न लगना जैसी स्थितियां कम होती हैं। लीवर और किडनी जैसे अंगों को कम नुकसान होता है।

ऐसे संपन्न की जाती है प्रक्रिया

डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले प्रक्रिया के लिए एक्सेस पोर्ट बनाते हैं फिर पेरिटोनियम (पेट की परत वाली झिल्ली) को फुलाने के लिए पोर्ट का उपयोग करते हैं। एक एक्सेस पोर्ट में दबावयुक्त कीमोथेरेपी देने वाला उपकरण डालते हैं। दबावयुक्त एरोसोल कीमोथेरेपी को लगभग 30 मिनट तक पेरिटोनियम के भीतर दिया जाता है। इसके बाद मरीज के पेट से सभी उपकरणों को बाहर निकाल देते हैं और छोटे छेद/चीरे को बंद कर देते हैं। उपचार करने वाली टीम में कैंसर सर्जन डॉ. आशुतोष गुप्ता के साथ डॉ. किशन सोनी, डॉ. राजीव जैन, डॉ. गुंजन अग्रवाल और एनेस्थीसिया से डॉ. शशांक शामिल रहे।

कुएं में गंदे पानी का रिसाव

डायरिया, चर्म रोग फैलने की आशंका

■ **पूर्व संसदीय सचिव ने नाली निर्माण पर रोक लगाने कलेक्टर को लिखा पत्र**

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह को पत्र लिखकर वार्ड क्र. 03 अयोध्या नगर में नपा द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

चंद्राकर ने पत्र के माध्यम से जिला कलेक्टर को अवगत कराया है कि वार्ड क्र. 3 आयोध्या नगर महासमुंद के रहवासियों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन उन्हें (चंद्राकर को) देकर नाली निर्माण रूकवाने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया है कि उक्त निर्माणाधीन नाली की चौड़ाई 5 फिट एवं गहराई 7 फिट के लगभग है, जो अत्यंत ही गहरी एवं चौड़ी है। उक्त नाली के चलते मुख्य सड़क की चौड़ाई कम हो रही है। चार पहिया वाहन उक्त सड़क पर नहीं चल पाएगा। इसी तरह नाली निर्माण पश्चात् नाली का गंदा कुओं में रिस रहा है। परिणाम स्वरूप कुओं का पानी दुषित हो गया है। कुओं का पानी का उपयोग करने से डायरिया एवं चर्म रोग की संभावना बनी हुई है।

चंद्राकर ने वार्डवासियों द्वारा दिए आवेदन की प्रतिलिपि कलेक्टर को प्रेषित करते हुए बताया कि तत्कालीन कलेक्टर को पूर्व में इस संबंध में अवगत कराया गया था। जिस पर कलेक्टर ने निरीक्षण पश्चात कार्य में रोक लगा दी गयी थी। अब पुनः कार्य प्रारंभ किया गया है। जिससे वार्डवासी परेशान हैं, एवं निर्माण कार्य न रोकने की स्थिति में आंदोलन किये जाने बाध्य होंगे। अतः चंद्राकर ने कलेक्टर से निवेदन करते हुए जनहित में उक्त निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

नगरीय निकाय चुनाव : मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 18 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 18 जनवरी को होगा। इससे पहले 15 जनवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन इसमें संशोधन करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने नई तारीख तय कर दी है। आयोग ने बताया है कि प्रदेश में विकास खंडवार सभी पंचायतों का त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पहले में जारी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए करते हुये निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी से बढाकर 18 जनवरी शनिवार कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण 18 जनवरी को लगने की संभावना थी, लेकिन अब यह तय हो चुका है कि 18 जनवरी के बाद ही आचार संहिता लागू होगी । दरअसल, 18 जनवरी को पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना है ।

शहरी स्लम बस्तियां अब विकसित कॉलोनी का ले रही आकार

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से स्लम बस्तियां अब विकसित कॉलोनी का रूप ले रही हैं। अम्बिकापुर के खालपारा एवं झंझटपारा की स्लम बस्तियों को एक नया स्वरूप मिला है। पहले जहां झुग्गी झोपडिय़ां और कच्चे मकान थे, वहां अब पक्की छत वाले मकान बन गए हैं। यह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो पहले कच्च मकानों में रहते थे और बारिश के दिनों में बहुत परेशानी का सामना करते थे। वे अब सारी परेशानियों से दूर अब पक्के मकानों में निवासरत् है।

इस योजना के तहत खालपारा और झंझटपारा के स्लम बस्तियों में 112 आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 95 आवास बनकर पूर्ण हो चुके हैं और शेष 17 आवास निर्माणाधीन हैं। लाभान्वित हितग्राहियों ने बताया कि यह योजना उनके लिए बहुत मददगार साबित हुई है, क्योंकि वे पहले पक्का मकान बनाने में असमर्थ थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों को पक्के मकान प्रदान करना है। यह योजना 2015 में शुरू की गई थी और इसके तहत सभी पात्र शहरी परिवारों को पक्के घर प्रदान करना है। यह योजना महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देती है, क्योंकि पक्के मकानों का स्वामित्व महिला सदस्य के नाम पर या संयुक्त नाम से किया जा सकता है।

शीतलहर : 50 जगहों पर अलाव की व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर में चल रही शीतलहर को देखते हुए निगम प्रशासन की ओर से शहर क्षेत्र में गोगांव बाजार सुलभ के पास, एम्स अस्पताल परिसर, टाटीबंध गुरूद्वारा गार्डन परिसर, अंतर राज्यीय बस स्टेण्ड भाठागांव, खमतराई बाजार चौक के समीप, खमतराई चौक, भनपुरी बाजार चौक के पास, होटल पैराडाइस के पास,श्रीनगर सुलभ शौचालय के सामने, यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 में वार्ड पार्षद के निवास कार्यालय के समीप सार्वजनिक स्थल, लाखेनगर चौक, स्टेशन परिसर, रेल्वे स्टेशन चौक , मेकाहारा अस्पताल परिसर, सामने मुख्य मार्ग के चौक, टाउन हाल परिसर, जयस्तम्भ चौक के समीप, खमतराई बाजार, सहित सभी 10 जोनों के वार्डों के अंतर्गत विभिन्न लगभग 50 से अधिक सार्वजनिक स्थलों, चौक - चौराहों पर आमजनों को शीतलहर से राहत देने अलाव जलाने की व्यवस्था प्रतिदिन दी जा रही है. इसके अतिरिक्त नगर निगम रायपुर द्वारा खारून मैरिज पैलेस, पीहर मैरिज पैलेस, मोहन मैरिज पैलेस, रिंगरोड, नन्दनवन रोड, चंदनीडीह, सर्वोदय कॉलोनी शान्ति नाथ नगर टाटीबंध में श्रीराम लोटस वैली सहित नगर के विभिन्न मैरिज पै लेसों में शीतलहर से राहत दिलवाने अलाव जलाने व्यवस्था दी जा रही है।

समारोह... *तैयारी के लिए राजभवन में हुई बैठक*

गणतंत्र दिवस : राजभवन में होगा स्वागत समारोह

रायपुर/ नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति में राजभवन में शाम 5:15 बजे से स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पद्म, पद्मभूषण से सम्मानित राज्य के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संध्याकाल में 'एट होम फंक्शन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए आज राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राजभवन परिसर एवं आस-पास की साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, रोशनी एवं झालर व्यवस्था, ट्रैफिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं वितरण एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में सभी आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में रायपुर जिले के प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजभवन के अधिकारी, नगर निगम, लोकनिर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिजली, उद्यानिकी, आयुष विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अवैध धान परिवहन और भण्डारण में कार्यवाही जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। साथ ही अवैध धान परिवहन और संग्रहण पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभिन अंतरजिला चेक पोस्ट और अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में लगातार करवाई की जा रही है। इसके अलावा कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी स्वयं धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर धान खरीदी की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों, खाद्य विभाग द्वारा मंडी अधिनियम के तहत कारवाई किया जा रहा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जनवरी तक 157 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें 10552 क्विंटल धान जप्त की गई है जबकि 18 वाहन को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। जप्त की गई धान की लागत लगभग 2 करोड़ 42 लाख रुपए है। इनमें 03 अंतर्राज्यीय एवं 154 राज्यीय प्रकरण है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654